श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 176, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

न्यूट्रान तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद 16

सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी 15

मोदी ने कहा- विपक्ष ने स्वार्थ के लिए संसद का दुरुपयोग किया, कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री ने 10 साल तक देश का गला घोंटा

संसद सत्र के पहले ही दिन ठनी

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद सत्र के पहले दिन ही लोकसभा में भाजपा और विपक्षी दलों के बीच गहमागहमी देखने को मिली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर नकारात्मक राजनीति करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद किसी दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए है। इस पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत के मौके पर विपक्ष को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की गई है, जबकि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।

संसद सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मंगलवार को पेश होने वाला केंद्रीय बजट अगले पांच वर्षों में सरकार की यात्रा की दिशा तय करेगा और 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने की नींव रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के पिछले सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष ने ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का प्रयास किया। मोदी ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में अपना फैसला दे दिया है और अब सभी राजनीतिक दलों को अगले पांच साल देश के लिए मिलकर लड़ना होगा। वहीं कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को मोदी सरकार शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। संसद के मानसून सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा जिस व्यक्ति ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज़ दबाई, वो आज प्रतिपक्ष के आवाज उठाने पर रुदन करता हुआ बेहद कमजोर दिख रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिपक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी के साथ आज मानसून सत्र की शुरुआत की।

राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ व अमित शाह।

बिहार को विशेष दर्जे की मांग, सरकार ने नकारा

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाये जाने के बीच सरकार ने 2012 में तैयार एक अंतर-मंत्रालयी समूह की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का कोई मामला नहीं बनता है। वहीं राज्यसभा में विशेष दर्जा और पैकेज की मांग उठाई।

पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाए जाएं : अखिलेश

नई दिल्ली। लोकसभा में प्रश्न काल में सपा के अखिलेश यादव ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि सरकार क्या पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड बनाएगी। यादव ने कहा कि अनेक परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, पेपर लीक मामले में रिकॉर्ड न बनाये जाएं। नीट पेपर लीक मामले को लेकर पूरे देश के विद्यार्थी आंदोलित हैं।

राहुल बोले- भारतीय परीक्षा प्रणाली फ्रॉड है, शिक्षा मंत्री ने कहा- चिल्लाने से झूठ सच में नहीं बदल जाता

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित अनियमितता के विषय को लेकर सोमवार को सदन में सरकार पर प्रहार किया और दावा किया कि देश के करोड़ों छात्रों एवं देशवासियों को इस बात का यकीन हो गया है कि भारतीय परीक्षा प्रणाली एक फ्रॉड (धोखे वाली) है तथा जिसके पास पैसा है वह इस पूरी प्रणाली को खरीद सकता है। इस पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पलटवार करते हुएकहा कि चिल्लाने से झूठ सच में नहीं बदल जाता। उन्होंने सवाल किया कि क्या 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा में सुधार से जुड़ा विधेयक निजी मेडिकल कॉलेजों के दबाव में वापस ले लिया था? उन्होंने यह भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष का पूरी परीक्षा प्रणाली को बकवास कहना दुर्भाग्यपूर्ण है। सदन में प्रश्नकाल के दौरान नीट के विषय पर पूरक प्रश्न पूछते हुए राहुल गांधी ने कहा परीक्षा प्रणाली में बहुत खामियां हैं। मंत्री ने अपने आपको छोड़कर, सबको जिम्मेदार ठहराया है...मुझे नहीं लगता कि जो चल रहा है, उसकी बुनियादी जानकरी भी उन्हें है।

बजट आज, जीडीपी ग्रोथ 7.0% रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत और वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम बताते हुए आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। वहीं भारत में बढ़ते कार्यबल की रोजगार की जरूरत पूरी करने के लिए गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक प्रति वर्ष 78.5 लाख नौकरियों के अवसर बनाने की जरूरत है।

सीतारमण ने कहा कि आर्थिक दृष्टि के लिहाज से जोखिम काफी हद तक संतुलित हैं और बाजार में उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। अनेक तरह की विदेशी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में हासिल की गई भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की तेज गति वित्त वर्ष 2023-24 में भी बरकरार रही। वृहद आर्थिक स्थिरता पर फोकस करने से यह सुनिश्चित हुआ कि विदेशी चुनौतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा।

● सर्वेक्षण में दिखी अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर, 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत

आर्थिक समीक्षा अर्थव्यवस्था की ताकत को दिखाती है : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है।

अंग्रेजी में बजट पढ़ेंगी सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को लोकसभा में बजट भाषण 2024-25 अंग्रेजी में पढ़ेंगी। लेकिन संसद टीवी के दर्शकों के पास बजट भाषण को हिंदी में सुनने का विकल्प होगा।

एक नजर

अखिलेश कुमार संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बने

लखनऊ। राज्य सरकार ने सोमवार को तीन आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ अखिलेश कुमार मिश्र को राज्य निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है। रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद मनोज कुमार के पद पर तैनात रहे मनोज कुमार को अपर आयुक्त बरेली मंडल बनाया गया है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार को रीजनल फूड कंट्रोलर मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन के सूत्रों ने बताया कि पंचायतों के उप चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग में संयुक्त निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति की गई है। अभी तक यह पद खाली चल रहा था।

मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया को उनकी पूर्व में दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया था, उस दौरान ही विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने 30 अप्रैल को जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

निपाह : संपर्क में आए 350 लोगों में संक्रमण का खतरा

कोझिकोड। दुर्लभ संक्रमण से जान गंवाने वाले 14 वर्षीय लड़के के संपर्क में आने के कारण निपाह वायरस से संक्रमित होने के खतरे का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 350 हो गई है, जिनमें से 101 से भी ज्यादा लोग उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सोमवार को यह जानकारी दी। केरल का स्वास्थ्य विभाग 13 लोगों के परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा कर रहा है, जिनके नमूने परीक्षण के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज की विषाणु विज्ञान प्रयोगशाला और तिरुवनंतपुरम के एडवांस्ड वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट में भेजे गए थे।

आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग, नाविक लापता

मुंबई। पोतगाह में नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने के बाद एक नाविक लापता है। एक आधिकारिक ने जानकारी दी कि भारतीय नौसेना के बहुउद्देशीय युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र में 21 जुलाई की शाम उस समय आग लग गई थी, जब नौसेना के मुंबई स्थित पोतगाह में उसकी मरम्मत की जा रही थी। इसमें कहा गया जहाज के चालक दल ने अग्निशमनकर्मियों की मदद से 22 जुलाई सुबह तक आग पर काबू पा लिया।

कांवड़ मार्गों पर नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने उप्र, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस किया जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों द्वारा जारी उन निर्देशों पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिनमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकारों के इन निर्देशों का उद्देश्य धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देना है।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया और उनसे निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। मध्य प्रदेश में उज्जैन नगर निगम ने भी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का शनिवार को निर्देश दिया था। पीठ ने राज्य सरकारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कहा कि भोजनालयों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक किया जा सकता है कि वे किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वे शाकाहारी हैं या मांसाहारी। पीठ ने इस मामले पर आगे की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

सिंघवी ने कहा- परोक्ष रूप से आदेश पारित किया गया

पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या इस मामले में कोई औपचारिक आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में एक परोक्ष आदेश पारित किया गया है। सिंघवी ने कहा कि भोजनालयों के मालिकों के नाम प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड का आदेश पहचान के आधार पर बहिष्कार है और यह संविधान के खिलाफ है। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह ने कहा कि राज्य के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि आदेश का अनुपालन स्वैच्छिक है, लेकिन इसे बलपूर्वक लागू किया जा रहा है।

नीट-यूजी: कोर्ट ने टीम बनाकर प्रश्न के सही उत्तर पर रिपोर्ट सौंपने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने विवादों में घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की और आईआईटी-दिल्ली के निदेशक से तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा, जो इस परीक्षा में पूछे गए एक विशेष प्रश्न पर विचार करेगी और मंगलवार दोपहर तक सही उत्तर पर एक रिपोर्ट पेश करेगी।

शीर्ष अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की उस दलील पर गौर किया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे और परीक्षार्थियों के एक समूह, जिन्होंने दो सही उत्तरों में से एक विशेष उत्तर दिया था, उन्हें चार अंक दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष दलील दी कि इसका सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेधा सूची पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

व्यापक स्तर पर पेपर लीक का रिकॉर्ड नहीं

पीठ ने नीट-यूजी 2024 को रद करने का अनुरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं से यह दर्शाने को कहा कि परीक्षा आयोजित करने में व्यवस्थागत विफलता हुई थी। पीठ ने कहा कि अब तक रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जो यह दर्शाए कि प्रश्नपत्र लीक व्यापक स्तर पर हुआ था। उसने कहा कि पटना और हजारीबाग में कुछ गलत कृत्यों के उदाहरण हैं, लेकिन वे व्यवस्थागत विफलता को दर्शाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

पूर्व सैनिक ने परिवार के छह सदस्यों की हत्या की

अंबाला, एजेंसी

● वारदात को अंजाम देने के बाद शवों को जलाने की भी कोशिश

हरियाणा में अंबाला जिले के नारायणगढ़ में एक पूर्व सैनिक ने भूमि विवाद के चलते अपनी मां और भतीजे-भतीजी समेत अपने परिवार के छह सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात नारायणगढ के रटोर गांव में हुई।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शवों को जलाने की भी कोशिश की। हमले में गंभीर रूप से घायल हुई पूर्व सैनिक की भतीजी की बाद में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान भूषण कुमार ने परिवार के सदस्यों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और अपने पिता को भी घायल कर दिया। वारदात के समय पीड़ित सो रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दो भाइयों के बीच कथित भूमि विवाद के कारण यह घटना हुई। मृतकों की पहचान कुमार की मां सरूपी देवी (65), भाई हरीश कुमार (35), हरीश की पत्नी सोनिया (32) और उनके तीन बच्चों - सात वर्षीय परी, पांच वर्षीय यशिका और छह माह के मयंक के रूप में हुई है।

1500 करोड़ से रेलवे बना रहा ऑटोमेटिक ब्लाक सिग्नलिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में होगी आसानी, हर एक किलोमीटर पर खुद लगेगा सिग्नल

अमृत विचार: मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड को स्मार्ट बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। 110 किलोमीटर के इस रेलखंड में हर किलोमीटर पर एक सिग्नल लगाया जाएगा। जिससे ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में आसानी हो जाएगी। इससे ट्रेनों की गति और समय पालन में भी सुधार होगा।

जिसके लिए रेलवे ने जगह-जगह नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य पूरा कर लिया है। 1500 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तैयार होने पर मुरादाबाद से गाजियाबाद व रोजा तक ऑटोमेटिक सेक्शन तैयार हो जाएगा। फिलहाल पहले चरण में मुरादाबाद- गाजियाबाद रेलखंड के बीच गाजियाबाद-हापुड़ के बीच कार्य शुरू हो चुका है।

मुरादाबाद-गाजियाबाद रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग का काम शुरू हो गया है। इस वित्तीय वर्ष में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अगले वर्ष मुरादाबाद-बरेली- शाहजहांपुर सेक्शन में काम कराया जाएगा।

– **आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष बने सपा के लाल बिहारी

लखनऊ। विधान परिषद में सपा सदस्य लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। सदन में सपा सदस्यों की संख्या 10 होने के बाद सपा को यह पद मिला। सपा प्रमुख अखिलेश की ओर से विधान परिषद के सभापति को नेता प्रतिपक्ष पद के लिए लाल बिहारी, मुख्य सचेतक के लिए किरनपाल कश्यप, सचेतक के लिए आशुतोष सिन्हा, उप नेता पद के लिए मोहम्मद जासमीन अंसारी का नाम पेश किया गया। इसके बाद परिषद की ओर से इनको नियुक्त किये जाने के आदेश जारी हुए।

मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हादसा

जनरथ व निजी बस भिड़ीं चार की मौत, 50 घायल

हादसे के बाद हाईवे से क्षतिग्रस्त बसें हटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

● घायलों में पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही

● मरने वालों में मेरठ, बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले

अमृत विचार: मिलक थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सोमवार तड़के रोडवेज की जनरथ बस और निजी वॉल्वो बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में बस चालक और तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 50 यात्री घायल हो गए। पांच बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जान गंवाने वालों में मेरठ,बरेली और श्रावस्ती के रहने वाले लोग हैं। इनके अलावा घायलों में श्रावस्ती, सीतापुर, बहराइच और दिल्ली के यात्री शामिल हैं।

बताया जाता है कि रविवार को गुरु पूर्णिमा पर जिला श्रावस्ती के लोग निजी वॉल्वो बस से शांतिकुंज ,हरिद्वार गए थे। रविवार तड़के साढ़े चार बजे बरेली की ओर से आ रही रोडवेज की जनरथ बस और वॉल्वो मिलक में हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने आमने- सामने टकरा गईं। दोनों बसों में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे के बाद बसों के यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस और लोगों ने किसी तरह बसों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में मेरठ जिला के सरधना थाना क्षेत्र के गांव छुर्र निवासी रोडवेज बस चालक कवींद्र सिंह (55), यात्री जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद श्रावस्ती के गांव सुजानडीह निवासी हरिराम विश्कर्मा और बरेली के थाना मीरगंज निवासी राम मनोहर पुत्र स्वामी देवल ने भी दम तोड़ दिया। उधर, हादसे की सूचना के बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ आरएस परिहार व पुलिस कर्मियों ने हाईवे से मलबा हटवाकर वाहनों का संचालन शुरू कराया।

कवायद — प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह होंगी विकसित, जीपीएस से होगी मैपिंग

ग्राम पंचायतों के विकास में रंग भरेगा मास्टर प्लान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश की ग्राम पंचायतें जल्द शहरों की तरह मास्टर प्लान के अनुसार विकसित होंगी। इसकी शुरुआत पंचायती राज विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लखनऊ की ग्राम पंचायत बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा से करने जा रहा है।

नई व्यवस्था को ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान (जीपीएसडीपी) नाम दिया है। इसमें गांवों का जीपीएस से सर्वे करके सड़क, पंचायत भवन, तालाब, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र आदि सरकारी निर्माण के लिए जगह आरक्षित की जाएगी, मैपिंग करके डिजिटल नक्शा बनाया जाएगा। इसी आधार पर निर्माण व अन्य कार्य कराये जाएंगे। इसे लागू करने का मकसद आगे होने वाले निर्माण बेहतर प्लान बनाकर करना है।

● पायलट प्रोजेक्ट में लखनऊ की बक्कास और गौतमबुद्ध नगर की कलौंदा चयनित

रुकेगा अवैध निर्माण, गुम भूमि की होगी जानकारी

मास्टर प्लान से जहां गांव का नियोजित विकास होगा वहीं अवैध निर्माण व भूमि पर कब्जा पर लगाम लगेगी। जीपीएस से जो डिजिटल मानचित्र बनेगा उसमें गाटा समेत भूमि का पूरा ब्योरा दिखेगा। यदि तालाब, चरागाह या ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा है तो मैप में दिखने पर कार्रवाई करके खाली कराई जाएगी। बहुत सी ऐसी भूमि ग्राम पंचायतों के अभिलेखों में दर्ज हैं, जबकि हकीकत में गुम हैं।

पायलट प्रोजेक्ट में दो ग्राम पंचायत चयनित की है। जहां ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान के तहत कार्य होंगे। इसके बाद अन्य ग्राम पंचायतों में लागू करेंगे। मकसद गांवों का बेहतर तरह से नियोजित विकास करना है।

– **अटल कुमार राय**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

पांच वर्ष के लिए प्लान पंचायतों का हो चुका सर्वे

केंद्र सरकार के निर्देश पर पूर्व में पायलट प्रोजेक्ट में चयनित दोनों ग्राम पंचायतों का सर्वे और परीक्षण संबंधित कार्य हो गए हैं। यहां मास्टर प्लान भी बन गया है। अब विकास कराया कराया जाएगा। ग्राम पंचायत स्पेशल डेवलपमेंट प्लान 5-5 वर्ष के लिए बनेगा। लेकिन, शुरुआत में 1 वर्ष के लिए बनाया जाएगा। इसमें पुरानी व्यवस्था के तहत अब तक गांव के विकास के लिए बनाई जाने वाली ग्राम पंचायत डेवलपमेंट योजना (जीपीडीपी) को भी जोड़ा जाएगा।

एक नजर

नर्सिंग कॉलेजों में मानकों की होगी जांच

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में उच्च गुणवत्तायुक्त नर्सिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए नर्सिंग कॉलेजों पर शिकंजा कसता जा रहा है। कॉलेजों को बताना होगा कि उनके संस्थान में क्या मानक पूरे हो रहें हैं। नर्सिंग छात्र कहां पढ़ाई करेंगे और कहां इंटर्नशिप करेंगे। स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने आधा दर्जन बिंदुओं पर कॉलेजों से जानकारी मांगी है। स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ आलोक कुमार ने बताया कि मिशन निरामया के तहत नर्सिंग सेवाएं गुणवत्ता पूर्ण बनाई जा रही हैं।

हाथरस घटना: आयोग के लिए कक्ष आवंटित

अमृत विचार, लखनऊ : हाथरस घटना की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग के लिए लखनऊ के विकास भवन के प्रथम तल पर अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति) व उनके स्टाफ के लिए कक्ष संख्या 114 से 117 आवंटित हुआ है। सदस्य पूर्व आईएएस हेमन्त राव, व स्टाफ हेतु कक्ष संख्या 107 व 104 और सदसय पूर्व आईपीएस भावेश कुमार सिंह व उनके स्टाफ के लिए कक्ष संख्या 108 व 105 का आवंटन किया गया है।

मंडलाधिकारी कार्यालय के लिए पौने तीन करोड़ जारी

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या में नवश्रजित पद पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) मंडलाधिकारी विशेष शाखा के लिए जल्द ही भव्य कार्यालय बनेगा। इसके लिए शासन ने पौने तीन करोड़ रुपए की संस्तुति कर दी है। अभी मंडलाधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था में अपने कार्यालय का संचालन कर रहा है। बताया जा रहा है कि शासन ने जल्द ही मंडलाधिकारी के लिए कार्यालय तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

आज होगी पीपीएस अफसरों की डीपीसी

अमृत विचार, लखनऊ : 2008 बैच के पीपीएस अफसरों की आज यानी मंगलवार को डीपीसी की जाएगी। डीपीसी के बाद यह अफसर 6600 ग्रेड पे से 7600 ग्रेड पे पाने लगेंगे। प्रमोशन पाकर यह अधिकारी डिप्टी एसपी से एएसपी बनेंगे। बताते चलें कि प्रदेश में एएसपी के पदों की कमी चल रही है, इसलिए डीपीपी पूरी होने के बाद उप्र. पुलिस में एएसपी की कमी पूरी हो जाएगी।

पहली तिमाही में बढ़ गए सवा लाख दिव्यांग पेंशनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 9,79,478 से बढ़कर 11,04,703 हो गई लाभार्थियों की संख्या
- कुष्ठावस्था के लाभार्थियों की संख्या 11,208 से बढ़कर 12,400 हुई

अमृत विचार: जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल सके इसके लिए समाज कल्याण विभाग प्रचार-प्रसार कराने से लेकर सर्वे तक करा रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में दिव्यांगों की संख्या लगभग सवा लाख प्रदेश में बढ़ गई।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित दिव्यांग पेंशन योजना के तहत एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। पेंशन योजना का लाभ तभी मिलता है जब दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक हो। वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) तक 9 लाख 79 हजार 478 को पेंशन योजना का लाभ मिला। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 11 लाख 4 हजार 703 को लाभ मिला। दिव्यांग पेंशनरों की संख्या में 1 लाख 25 हजार 225 की बढ़ोतरी हुई। वहीं कुष्ठावस्था पिछले वित्तीय वर्ष में 11208 लाभार्थी थे जबकि इस वित्तीय वर्ष में संख्या 12 हजार 400 हो गई। विभागीय अधिकारियों की मानें तो सर्वे कराकर और प्रचार-प्रसार कर पात्रों को योजना का लाभ दिया गया। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि दिव्यांग को एक हजार रुपये प्रतिमाह और कुष्ठजनों को तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है।

जेल में मृत्यु पर मुआवजा देने का आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बाराबंकी के रामधन को साढ़े तीन लाख तो बागपत के शाकिर के परिजन को देने होंगे दो लाख

अमृत विचार: जेल में विचाराधीन बंदी की मृत्यु पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। आदेश मिलते ही प्रदेश की राज्यपाल ने मुआवजे की संस्तुति कर दी है। एक प्रकरण बाराबंकी का है तो दूसरा प्रकरण बागपत का है।

बाराबंकी में विचाराधीन बंदी रामधन उर्फ हंटरी की जेल में 21 जून 2019 को मृत्यु हो गई थी। इस दौरान इनके परिजनों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का रुख किया। तमाम सुनवाई के बाद आयोग ने रामधन के परिजनों को साढ़े तीन लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश प्रदेश सरकार को दिया। उधर, बागपत में विचाराधीन बंदी शाकिर की मृत्यु 26 जनवरी 2019 को हो गई थी। शाकिर के प्रकरण पर भी लंबी सुनवाई के बाद आयोग ने दो लाख रुपए देने के आदेश दिए हैं। इस आदेश के बाद राज्यपाल की संस्तुति मिलते ही शासन के संयुक्त सचिव शिवगोपाल सिंह ने महानिदेशक कारागार को पत्र लिखकर तत्काल परिजनों को मुआवजा देने को कहा है।

विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था में शिथिलता पर होगी कड़ी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने की आजमगढ़ मंडल की समीक्षा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आजमगढ़

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था में शिथिलता पाये जाने पर अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करें और इसकी रिपोर्ट शासन को भेजें। मुख्यमंत्री सोमवार को आजमगढ़ कलक्ट्रेट सभागार में आजमगढ़ मंडल की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की शिकायतें न सुनने की शिकायत पर आजमगढ़ के डीएम व एसपी को फटकार लगाई।

मुख्यमंत्री ने मंडल के तीनों जिलों आजमगढ़, बलिया और मऊ की कानून-व्यवस्था, राजस्व, बिजली व्यवस्था और गोशालाओं से संबंधित जानकारी ली। मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं की नियमित रूप से निगरानी की जाय। हर परियोजना के लिए एक अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाय, जो हर सप्ताह प्रगति की रिपोर्ट दे। वरिष्ठ अधिकारी हर 15 दिन पर परियोजनाओं की समीक्षा करें। बैठक में आजमगढ़ के मंडलायुक्त मनीष चौहान, डीआईजी वैभव कृष्ण, डीएम विशाल भारद्वाज, एसपी हेमराज मीणा सहित जिले के सभी आला अधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा, दारा सिंह चौहान, दानिश अंसारी, एमएलसी विजय बहादुर पाठक, रामसूरत राजभर, पूर्व एमएलसी यशवंत सिंह और पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ भी बैठक में मौजूद रहे।

गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में युवती से शिकायती पत्र लेते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

जनता दर्शन में सुनीं तीन सौ लोगों की समस्याएं

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर पात्र को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मामले में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिनके पास पक्का आवास नहीं है, उन्हें पीएम-सीएम आवास योजना से मकान मिलेगा, जिन्हें इलाज की आवश्यकता है, उनके समुचित इलाज की व्यवस्था की जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए आशीर्वाद दिया। सावन के पहले सोमवार को मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में शिव की पूजा-अर्चना की।

बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन

अमृत विचार : सावन के पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन किया। षोडशोपचार पूजन कर मुख्यमंत्री ने लोक कल्याण की कामना की। लोकसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पहली बार काशी पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह, दयाशंकर मिश्र 'दयालु', रवींद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे।

गंगा किनारे 5096 हेक्टेयर जमीन पर होगा पौधरोपण

अमृत विचार, लखनऊ: योगी सरकार की मंशानुरूप 30 सितंबर तक चलने वाले पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान- 2024 के अंतर्गत प्रदेश की नदियों के किनारे पौधरोपण किया जाएगा। इसमें गंगा, यमुना, हिंडन समेत कई प्रमुख नदियों को चिन्हित किया गया है। गंगा नदी के किनारे 5096.42 हेक्टेयर में 77.51 लाख पौधरोपण होगा तो यमुना किनारे 534 स्थल चिह्नित किए गए हैं, जहां पौधरोपण कराए जाएंगे। नदियों के किनारे कुल 2556 स्थल चिह्नित किए गए हैं, इनके किनारे 25061.84 हेक्टेयर में तीन करोड़ 72 लाख, 66 हजार पौधरोपण होगा।

गंगा किनारे के वन प्रभागों प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी, फतेहपुर, वाराणसी, गाजीपुर, मीरजापुर, भदोही, काशी वन्यजीव व बलिया में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा वित्त पोषित किसानों के खेतों में औषधीय पौधों की खेती के लिए प्रोत्साहन योजना भी संचालित है। इस योजना में 17 विभागीय पौधशालाओं व 50 कृषक पौधशालाओं की स्थापना कराते हुए 2500 हेक्टेयर क्षेत्रफल किसानों की निजी भूमि पर औषधीय व सगंध प्रजाति के पौधों की खेती भी प्रस्तावित है। सीएम योगी ने महाभियान के नोडल (वन विभाग) को निर्देश दिया कि यमुना, हिंडन समेत अन्य नदियों के किनारे भी हरियाली को विकसित किया जाए।



लखनऊ पूर्व के नवनिर्वाचित विधायक ओपी श्रीवास्तव को शपथ दिलाते विस अध्यक्ष।

चार नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ पूर्व सीट से चुने गए ओपी श्रीवास्तव ने भी ली शपथ
- सदन में प्रमुखता से उठाएं लोगों की समस्याएं: महाना

अमृत विचार: विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में नवनिर्वाचित चार विधायकों को पद की शपथ दिलाई। विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों से सदन में लोगों की समस्याएं प्रमुखता से उठाने की सलाह दी।

नवनिर्वाचित विधायकों में शाहजहांपुर की ददरौल सीट से अरविंद कुमार सिंह, लखनऊ पूर्व सीट से ओपी श्रीवास्तव, बलरामपुर की गैसड़ी सीट से राकेश कुमार यादव और सोनभद्र की दुद्धी सीट से विजय सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान व विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली 2023 की प्रति भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि वह विधानसभा में एक जागरूक व सफल विधायक के रूप में कामयाब हों और सार्वजनिक जीवन में यशस्वी हों। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक सदन में होने वाले वाद-विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। इस अवसर पर विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के दौरान इन चार सीटों पर उप चुनाव हुए थे, जिसमें इन विधायकों ने जीत हासिल की है।

केशव मौर्य ने मांगा आरक्षण संबंधी ब्योरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मियों के संबंध में लिखा गया पत्र हो रहा वायरल

अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जरिये शासन के नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग से संविदा कर्मियों के आरक्षण संबंधी ब्यौरा मांगने का पत्र इन दिनों खूब वायरल हो रहा है। इसको लेकर फिर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

यह पत्र अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक को लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग के अधिकारियों से आउटसोर्सिंग और संविदा पर कार्यरत कुल अधिकारियों व कर्मचारियों की जानकारी मांगी थी। यह जानकारी सूचना विभाग के पास नहीं थी। ऐसे में 16 अगस्त 2023 को पत्र देकर आरक्षण लागू करने संबंधी सूचनाएं एकत्र करने व आरक्षण के संबंध में पूर्व में जारी किये गये शासनादेश का पूरी तरह से पालन किये जाने को कहा गया था। उन्होंने इससे उन्हें अवगत कराने को कहा था। पत्र में उप मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर वाली जगह पर 4 जून लिखा हुआ है, जबकि पत्र के ऊपर 15 जुलाई लिखा है। यह तारीख पत्र के डिस्पैच होने की बताई जा रही है। वायरल हो रहे पत्र को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। माालूम हो कि पिछले दिनों भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लोकसभा चुनाव के हार पर समीक्षा के दौरान सरकार व संगठन को लेकर बयानबाजी हुई थी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि संगठन सरकार से बड़ा होता है, हालांकि, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इस प्रकरण को शांत करा दिया था।

कोविड में रखे गए संविदा कर्मियों की नहीं जाएगी नौकरी

अमृत विचार, लखनऊ: कोविड के दौरान रखे गए संविदा कर्मचारियों की नौकरी नहीं जाएंगी। इन्हें सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से समायोजित किया जाएगा।

इसके लिए सोमवार को मिशन निदेशक डॉ पिंकी जोवेल ने सभी जिलाधिकारी और जिला स्वास्थ समिति को पत्र के जरिए निर्देश भेजा। संयुक्त राष्ट्रीय स्वस्थ मिशन कर्मचारी संघ उप्र. के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री ने नौकरी न जाने का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में यह आदेश जारी हुआ है।

विधान सभा: जल्द तय होगा नेता प्रतिपक्ष का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश के इस्तीफा देने से खाली है पद

अमृत विचार: विधान परिषद में सपा नेता लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद अब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का नाम तय होगा। 29 जुलाई से शुरू हो रहे विधानमंडल सत्र के पहले नाम तय होना है।

अभी तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे, पर कन्नौज से सांसद बन जाने के बाद उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया। इस कारण नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा है। सपा प्रमुख के इस पद से इस्तीफा दिये जाने के बाद पूर्व मंत्री शिवपाल यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने की चर्चा चल रही थी, पर विधान परिषद में लाल बिहारी यादव के नेता प्रतिपक्ष बनने से उनका नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना मुश्किल बताया जा रहा है।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि दोनों सदनों में नेता विरोधी दल एक ही बिरादरी को बनाये जाने से पार्टी बच रही है, इसलिए विधान सभा में इंद्रजीत सरोज और राम अचल राजभर में किसी एक को नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है।

परिषद में खाली था नेता प्रतिपक्ष का पद

विधान परिषद में अभी तक नेता प्रतिपक्ष का पद खाली चल रहा था। लाल बिहारी यादव परिषद में सपा दल के नेता थे, पर सदन में सपा सदस्यों की पर्याप्त संख्या नहीं थी, इसलिए नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त था। बीते दिनों विधान परिषद में 13 पदों के चुनाव संपन्न हुए थे, जिसमें सपा को तीन सीटें मिली थीं। इसके बाद परिषद में सपा सदस्यों की कुल सदस्य 10 हो गई और सपा को पार्टी से नेता प्रतिपक्ष बनाने का मौका मिला।

केंद्र का निर्णय देश हित से परे: मायावती

अमृत विचार, लखनऊ: बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को आरएसएस की शाखाओं में जाने पर लगा प्रतिबंध हटाना देश हित से परे है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि 58 वर्ष से जारी प्रतिबंध को हटाने का केन्द्र का निर्णय देश हित से परे, राजनीति से प्रेरित व संघ तुष्टीकरण का निर्णय है।

उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है कि ताकि सरकारी नीतियों व इनके अहंकारी रवैयों आदि को लेकर लोकसभा चुनाव के बाद दोनों के बीच तीव्र हुई तल्खी दूर हो सके।

बन गए हजारों जन्म प्रमाणपत्र, सोता रहा स्वास्थ्य विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनसुविधा केंद्र में ईमेल के माध्यम से प्राप्त हो जाती थी ओटीपी
- प्रतिदिन 100 से 200 जन्म प्रमाणपत्र बने, किसी ने पूछताछ तक नहीं की

अमृत विचार: सलोन के छह ग्राम सभाओं से दो वर्ष के भीतर 19,700 जन्म प्रमाणपत्र बन गए और स्वास्थ्य विभाग को भनक तक नहीं लगी। जबकि जन्म प्रमाणपत्रों की मॉनिटरिंग मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से ही होती है। एक अनुमान के मुताबिक एक ग्राम सभा से एक माह में अधिकतम 70 से 80 जन्म प्रमाणपत्र बनते हैं, अधिक होने पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से पूछताछ तक शुरू हो जाती है, लेकिन यहां प्रतिदिन 100 से 200 जन्म प्रमाणपत्र बने, किसी ने पूछताछ तक नहीं की। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की संलिप्तता की भी आशंका जताई जा रही है।

ग्राम पंचायत अधिकारी के अधीन थे पांच गांव: ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह यादव के अधीन कुल छह गांव थे। जिसमें ग्राम पंचायत सिरसिया, लहुरेपुर, नुरुद्दीनपुर, गोपालपुर उर्फ अनंतपुर एवं गढ़ी इस्लामनगर गांव शामिल है। इन्हीं गांवों के लिए जारी होने वाली ओटीपी से जन सविधा केंद्र में जीशान और रियाज जन्म प्रमाणपत्र बनाता था। एक ग्राम पंचायत अधिकारी केवल 21 दिन के अंदर के आवेदन पर ही जन्म प्रमाणपत्र बना सकता है। इसके बाद के आवेदनों पर डीपीआरओ का दखल शुरू हो जाता है। जाहिर सी बात है कि जन सुविधा केंद्र में समस्त आवेदन 21 दिन के अंदर के ही रहे होंगे। क्योंकि डीपीआरओ स्तर पर बहुत कम आवेदन विचार किए गए हैं। पूरा घटनाक्रम एक बड़े स्तर के स्कैम के रूप में सामने आ रहा है। जाहिर है कि इसके पीछे एक बड़ा थिंकटैंक था।

एक बार ओटीपी जारी होने के बाद बनते थे सैकड़ों प्रमाणपत्र

जन्म प्रमाणपत्र के आवेदन के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी के मोबाइल में ओटीपी जारी होती है। प्रमाणपत्र बनने के बाद सिस्टम को लॉगआउट कर दिया जाता है। लेकिन इस जनसुविधा केंद्र में यह व्यवस्था नहीं थी। जन्म प्रमाणपत्र बनाने की प्रोग्राम डिजाइनिंग ऐसी है कि एक बार ओटीपी जारी होने के बाद जब तक सिस्टम को लॉगआउट न किया जाए तब तक प्रमाणपत्र बनते रहते हैं। सूत्रों के मुताबिक इस जन सुविधा केंद्र में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी से ओटीपी पूछ ली जाती थी, इसके बाद सिस्टम लॉगआउट न करके सैकड़ों की संख्या में प्रमाणपत्र बना दिए जाते थे। इसका किसी को भनक नहीं लगता था। हां, नेटवर्क कमजोर होने अथवा बिजली चली जाने के बाद सिस्टम अपने आफ लॉगआउट हो जाता था। इसके लिए दोबारा ओटीपी मांगनी पड़ती थी। सूत्रों के मुताबिक जीशान और रियाज ने ओटीपी मेल पर मंगवाने की भी व्यवस्था कर रखी थी। अगर ग्राम पंचायत अधिकारी कहीं व्यस्त है अथवा ओटीपी नहीं दे पा रहा है, तो जीशान और रियाज मेल से ही ओटीपी पता कर लेते थे।

पीएनजी प्रयोग करने वाला चौ .चरण सिंह बना पहला एयरपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टैपिंग पॉइंट का मुख्य एयरपोर्ट अधिकारी ने किया उद्घाटन

अमृत विचार: चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल (सीसीएसआई) एयरपोर्ट ने सोमवार को टर्मिनल 3 (टी3) पर पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) टैपिंग पॉइंट का उद्घाटन किया गया। टी3 उत्तर प्रदेश में खाना पकाने के लिए पीएनजी का उपयोग करने वाला पहला एयरपोर्ट टर्मिनल बन गया है। ग्रीन गैस लिमिटेड (जीजीएल), गेल (इंडिया) लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम एयरपोर्ट को पाइपलाइन के माध्यम से पीएनजी की आपूर्ति करेगा, जिसे फिर टी-3 पर एफएंडबी आउटलेट्स में वितरित किया जाएगा। इसका उद्घाटन मुख्य एयरपोर्ट अधिकारी दर्शन सिंह और ग्रीन गैस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गिरिजा शंकर ने किया।

पीएनजी टैपिंग पॉइंट का उद्घाटन करते मुख्य एयरपोर्ट अधिकारी दर्शन सिंह व अन्य।

रवि किशन को फंसाने की धमकी देने वालों ने दाखिल की अग्रिम जमानत की अर्जी

विधि संवाददाता, लखनऊ

- दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने और 20 करोड़ की रंगदारी मांगने का है आरोप
- सांसद की पत्नी प्रीति शुक्ला ने हजरतगंज थाने में 16 अप्रैल को दर्ज कराई थी रिपोर्ट

29 को होगी सुनवाई

अमृत विचार: गोरखपुर के सांसद और फिल्म एक्टर रवि किशन शुक्ला को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देकर बीस करोड़ की रंगदारी मांगने की आरोपी और खुद को रविकिशन की पत्नी बताने वाली अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर, उसकी बेटी शिनोवा और राजेश प्रेम नाथ सोनी की और से अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की है। जिसकी सुनवाई 29 जुलाई को होगी।

पत्रावली के अनुसार फ़िल्म एक्टर और सांसद रविकिशन शुक्ला की पत्नी प्रीति शुक्ला ने हज़रतगंज थाने में 16 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मुंबई की रहने वाली आरोपी अपर्णा सोनी उर्फ़ अपर्णा ठाकुर ने वादिनी को धमकी देते हुए कहा की उसके संबंध अंडरवर्ल्ड माफिया से है अगर उसकी बात नहीं मानी गई तो आरोपी वादिनी के पति रविकिशन को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फसा कर गोरखपुर से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ रहे उसके पति रवि किशन की छवि को धूमिल कर देगी। आगे कहा गया की अपर्णा सोनी ने जान से मारने की धमकी देते हुए बीस करोड़ रु की रंगदारी मांगी। आरोप लगाया गया की आरोपी अपर्णा ने 15 अप्रैल को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ़्रेंस की और रवि किशन पर मनगढ़ंत आरोप लगाये।

वादिनी ने रिपोर्ट में आरोप लगाया की आरोपी अपर्णा के साथ इस साज़िश में उसका पति राजेश सोनी, बेटी शिनोवा सोनी, बेटा सौनीक सोनी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी विवेक कुमार पांडेय और न्यूज़ टाइम्स नेशन के पत्रकार ख़ुर्शीद ख़ान राजू भी शामिल थे।

रिश्वत मांगने वाला स्वास्थ्यकर्मी निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ: बलरामपुर के श्रीदत्तागंज (सीएचसी) में जीपीएफ के एक लाख 30 हजार रुपए निकलवाने के नाम पर वरिष्ठ सहायक पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आरोपी स्वास्थ्यकर्मी के निलंबन और मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

सोशल मीडिया में बलरामपुर के श्रीदत्तागंज सीएचसी में तैनात वरिष्ठ सहायक सौरभ चन्द्र दुबे व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सनी कुमार की बातचीत का वीडियो वायरल हो रहा था। वीडियो में आरोप है कि वरिष्ठ सहायक द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से रिश्वत मांगी जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने प्रकरण को लेकर सीएमओ को जांच कमेटी गठित करने एवं आरोपी वरिष्ठ सहायक के निलंबन के निर्देश जारी किए हैं।

कैशलेस इलाज को 50 करोड़ रुपये मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। राज्य कर्मचारियों व पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। प्रदेश सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के मद में 50 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दे दी है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों व पेंशनर्स को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। पंडित दीनदयाल योजना के मद में 50 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति को मंजूरी दी गई है, ताकि योजना का लाभ मरीजों को निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके।

17 केंद्रों में हृदय रोग की होगी पहचान

वाराणसी के 17 शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में दिल के रोगियों को पूरा इलाज मिलेगा। इसके लिए सीएचसी को हृदय रोग से संबंधित आधुनिक उपकरणों से केंद्रों को लैस किया जायेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपकरण स्थापित करने के लिए 53 लाख पांच हजार 496 रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गयी है।

पीजीआई में वातानुकूलन प्रणाली बेहतर होगी

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि एसजीपीजीआई के पीएमएसएसवाई ब्लॉक में स्थापित केन्द्रीय वातानुकूलन प्रणाली के उच्चीकरण के लिए लगभग छह करोड़ 12 लाख की धनराशि जारी की गई है। साथ ही, संस्थान परिसर में जैव चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र में आधुनिक उपकरणों व संयंत्र के लिए 20 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

आधुनिक सुविधायुक्त भवन बनेगा

उन्नाव के पुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवीनीकरण के लिए 29 .62 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। रायपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रायपुर में भवन निर्माण होगा। इसके लिए तीन करोड़ 35 लाख रुपए दिए गए हैं। इस बजट में आधुनिक चिकित्सकीय उपकरण खरीदे जाएंगे।

उपकरणों के लिए 15 करोड़ स्वीकृत: नोएडा स्थित बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान (जिम्स) में आधुनिक उपकरणों के लिए 15 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति दिया गया है।

लोहे के रेलिंग से सुरक्षित होगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि

अमृत विचार, लखनऊ: मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि/ शाही ईदगाह परिसर का उत्तरी भाग लोहे की रेलिंग से लैश होगा। यह कार्य सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से किया जा रहा है। गृह विभाग ने इसके लिए साढ़े 66 लाख की धनराशि देने की स्वीकृति प्रदान की है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि के उत्तरी भाग में गोविंदनगर गेट-3 से केशव मंदिर के पार्क में लोहे की रेलिंग का निर्माण लंबे समय से प्रस्तावित था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से ऐसा निर्णय लिया गया है। चिन्हित क्षेत्र में चारों तरफ लोहे की रेलिंग लगाई जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो और कोई अवांछनीय यहां तक न पहुंच सके। विभाग ने रेलिंग के निर्माण के लिए 11 महीने का समय दिया है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

मौसम

बादल छाए रहेंगे। उमस बढ़ेगी। कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है।

36.8° अधिकतम तापमान
29.7° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- गोमती नगर विजयंत खंड स्टेडियम में आइटा टेनिस चैंपियनशिप के मैच– 9 :00 बजे।
- कलेक्ट्रेट में शादी अनुदान संबंधित अनुश्रवण समिति की बैठक– 11 :00 बजे।
- चौक स्टेडियम में जिला फुटबॉल लीग के मुकाबले– 3 :00 बजे।
- जनेश्वर मिश्र पार्क गेट नंबर–2 पर कारगिल विजय रजत जयंती महोत्सव – 5 बजे।
- गोमती नगर के सीआईआई ज्ञान कांफ्रेस हाल में बजट सत्र पर चर्चा– 10 :30 बजे
- समस्याओं को लेकर व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय अध्यक्ष डीजीपी से मिलेंगे – 12 :00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन सायं 6 :30

एक नजर

जानकीपुरम और कैंट में आज रहेगी बिजली गुल

अमृत विचार, लखनऊ : जर्जर तार और एबीसी केबल बदलने का कार्य के चलते मंगलवार को जानकीपुरम और कैंट क्षेत्र में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। कैंट के बड़ी लाल कुर्ती फीडर, सुभानी खेड़ा और जानकीपुरम विस्तार के सुल्तानपुर, वृद्धा आश्रम के पास, सुल्तानपुर गांव, सेक्टर आई, अलीशा नगर में तार बदले जाएंगे।

खरिका- शकूरपुर में 62,430 वर्गफिट भूमि खाली कराई

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने सोमवार को सरोजनीनगर तहसील के ग्राम खरिका और शकूरपुर गांव में अभियान चलाकर लगभग 12,48,60,000 रुपये मूल्य की 62,430 वर्गफिट भूमि खाली कराई। इस भूमि पर प्रापर्टी डीलरों ने अवैध तरीके से कब्जा करके प्लॉटिंग कर दी थी। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर संजय सिंह कनौजिया तहसीलदार एवं नीरज कटियार नायब तहसीलदार के नेतृत्व में प्लॉटिंग के निर्माण ध्वस्त करके भूमि से कब्जे हटा दिए।

दूषित पानी पीने से नौबस्ता में 100 लोग बीमार, 5 को डायरिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

25 लोगों में पाए गए डायरिया के लक्षण

अमृत विचार : फैजुल्लागंज के नौबस्ता क्षेत्र में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। ये पानी पीने से 100 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। उन्हें उल्टी-दस्त के साथ पेट में ऐंठन की परेशानी है। पांच मरीजों में डायरिया की पुष्टि हुई है और 25 में लक्षण पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल शिविर लगाने के साथ एबुलेंस की व्यवस्था की है। टैंकर से पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। मरीजों में बच्चों की संख्या अधिक है।

स्थानीय निवासी अशोक चौरसिया, दयाराम, शबाना, बबिता, रफीक और नगमा ने बताया कि एक सप्ताह से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही थी। ये पानी पीने से लोगों को उल्टी-दस्त होने लगे। । मरीजों की संख्या बढ़ने पर आसपास क्लीनिक के डॉक्टरों ने आशंका जताई। इसके बाद दूषित जलापूर्ति से बीमार होने की पुष्टि हुई। शिकायत पर सोमवार को डिप्टी सीएमओ गोपी लाल, अलीगंज सीएचसी अधीक्षक सोमनाथ सिंह, फर्मासिस्ट श्रीश मिश्रा व जिला सर्विलांस अधिकारी निशांत निर्वाण निरीक्षण के लिए पहुंचे। टीम ने मरीजों की जांच कर ओआरएस के पैकेट और मेट्रोजील की गोलियां दीं। पानी के सैंपल लेकर जलकल विभाग को भेजे गए हैं। जलकल विभाग को इलाके का पानी जांचने और दूषित पानी को लेकर जांच करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि कैंप लगाकर लोगों को दवाइयां दी जा रहीं हैं।

गंदा पानी दिखाता क्षेत्रवासी।

निगोहां में लगाए गए शिविर में मरीजों की जांच करती स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

शिविर में हुई इनकी जांच

मनोरमा (75), अनिता (45), फरजाना (24), जहरा (24), राधा रावत (30), कहकशा (10), युनुश (34) रईश (50), सुंदर (50), गुड्डू (50), माही (डेढ़ वर्ष), शशी (4), दिलीप (32), अशोक (45), सोनी (6), दिलीप (32), अनीता (26), वली मोहम्मद (60), मुंन्नालाल (76), अभिनव (8माह), राहुल (4), युवराज (3), माही (3.5), उर्मिला (60), रतनेश (4), गीता (28), ओम (9), रफीक (65), नगमा (1.5), ऋषभ (5), अजीत (7), श्रीवंश (1), बबिता (20), शबाना (45), खुर्शीद आलम (25), सैलू (40), कीर्ति (3), आइस्ता (6), मो.मुस्तकीम (40), रामकिशन (45), समी (10), मिथिलेश (48), खुशी (6), रुद्राक्ष (3), दयाराम (62), इकरा (7), सैफ (30), जोया (3), अब्यांन (7), प्रखर (8), अशोक चौरसिया (46)।

गजवरियन खेड़ा में डायरिया का कोई नया मरीज नहीं मिला

कल्ली पश्चिम के गजवरियन खेड़ा में सोमवार स्वास्थ्य विभाग की टीम को एक भी मरीज उल्टी-दस्त से पीड़ित नहीं मिला है। जो पहले से बीमार थे वह सभी मरीज डिस्चार्ज कर दिये गए हैं। इसके अलावा अभी भी वहां एंबुलेंस तैनात हैं कैंप भी लगा हुआ है। मरीजों को साफ-सफाई के लिए जागरुक भी किया जा रहा है। मालूम हो कि यहां करीब दो सप्ताह से डायरिया का प्रकोप था। 50 से अधिक लोग डायरिया के शिकार हुए थे।

खाद्य पदार्थों के 10 नमूने फेल

अमृत विचार, लखनऊ : खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की देखरेख में सोमवार को जानकीपुरम स्थित भवानी चौराहा, मुलायम तिराहा, साठ फिटा रोड और इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर अभियान चलाकर दुकानों से खाद्य पदार्थों के 66 नमूने लिए लिए गए। दूध, पनीर, खोया, सब्जी, चाय की पत्ती, पूड़ी, सब्जी, हल्दी, दही, लड्डू, चंद्रकला, कवाब, छोला, मिर्च पाउडर, कढ़ी, बर्फी सहित कई अन्य पदार्थों की जांच की गई। इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर चटनी, चेरी, चाय की पत्ती, भाजी, जानकीपुरम चौराहे पर छोला और कवाब समेत 10 नमूने अशुद्ध मिले।

तीन दिन से बत्ती गुल, मरम्मत को लेकर विवाद, लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला

बंथरा गांव में कहासुनी के बाद किया घर पर हमला, 5 नामजद, 10 पर एफआईआर

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

▸▸ पिता-पुत्र समेत चार को पीटा, तीन घायल, पिता की हालत गंभीर

अमृत विचार : बंथरा गांव में रविवार देर रात को बिजली ठीक करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इससे नाराज एक पक्ष असलहे से लैस होकर दूसरे के घर पर धावा बोल दिया। पिता-पुत्र समेत चार लोगों की लाठी-डंडे व लोहे के रॉड से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान ऋतिक पांडेय (24) की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने दोपहर में पांच नामजद और दस अज्ञात के खिलाफ हत्या व बलवा की धारा में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी गांव छोड़कर फरार हो गए। पुलिस तलाश में दबिश दे रही है।

बंथरा गांव में पिछले तीन दिन से बिजली नहीं आ रही थी। शिकायत पर बिजली कर्मचारियों ने मरम्मत की तो सिर्फ चार-पांच घरों में आपूर्ति ही बहाल हो सकी। इस कारण ग्रामीण वहीं पर डटे रहे। इसी बीच वहां प्रत्युष सिंह आ गया। बिजली ठीक कराने को लेकर प्रत्युष व ऋतिक के बीच कहासुनी हुई। ऋतिक के पिता इंदु कुमार पांडेय ने बताया कि जिनके घर में बिजली आ रही थी वह कर्मचारियों को ठीक करने से मना कर रहे थे। कह रहे थे कि उनकी बिजली भी चली जाएगी। बिजली कर्मचारियों को ठीक नहीं करने दिया। इसके बाद सभी लोग अपने-अपने घर चले आए।

इंदु के मुताबिक रात करीब 10.30 बजे उनके घर पर अवनीश, हिमांशु, प्रयांशु, प्रत्युष, शनि सिंह व अन्य दस लोग लाठी-डंडे व असलहों से लैस होकर धावा बोल दिए। घर में घुसकर उनकी, बेटे हितेश उर्फ ऋतिक, अभिषेक, नौकर मैकू रावत की पिटाई की। जिससे बेटे हितेश उर्फ ऋतिक, अभिषेक, नौकर मैकू रावत को अंदरूनी चोट आ गई। तीनों को लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां हितेष उर्फ ऋतिक की मौत हो गई।

झगड़ा होने पर चले गए बिजली कर्मी : गहरू पावर हाउस के अवर अभियंता राजेश कुमार के अनुसार हम लोग फाल्ट ढूंढ रहे थे कि 50 से 60 घरो की सप्लाई बाधित हो गई। वहां भीड़ थी। किस बात पर विवाद हुआ. पता नहीं चला। झगडा बढ़ते देख हम लोग वहां से चले गये थे। सोमवार रात 8 बजे पूरे बंथरा गांव की बिजली सप्लाई को सामान्य कर दिया गया ।

ऋतिक पांडेय (फाइल फोटो)

हत्या के बाद मौके पर ग्रामीणों से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

पुलिस पर लापरवाही का आरोप

ऋतिक के परिजन ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। आरोप है कि घटना के बाद रात में ही वह रिपोर्ट लिखाने बंथरा थाने पहुंचे लेकिन पुलिस कर्मियों ने उनकी तहरीर नहीं ली, बल्कि वह मोबाइल पर लूडो खेलते रहे। आरोप है कि पीड़ित की ओर से कई बार मिन्नतें करने के बाद भी उनकी रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई। बल्कि लूडो खेल रहे पुलिसकर्मियों ने उन्हें यह कहते हुए वापस कर दिया कि जाओ पहले इलाज कराओ, कल सुबह देखा जाएगा।

बिजली विभाग भी जिम्मेदार

ग्रामीण बिजली विभाग को भी घटना के लिए जिम्मेदार बता रहे हैं। ट्रांसफार्मर के पास एबीसी केबिल फुंकने से शनिवार दोपहर एक बजे के बाद से आपूर्ति बाधित थी। कई बार शिकायत की गई लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद रविवार शाम तक कर्मचारी काम करते रहे पर आपूर्ति बहाल नहीं कर सकें। अगर शनिवार को या फिर रविवार दोपहर तक केबिल बदलकर आपूर्ति चालू कर दी गई होती, तो ट्रांसफार्मर के पास मोहल्ले के लोग बिजली ठीक कराने ना जाते और ना ही यह घटना होती।

गांव में तनाव, तीन थानों की पुलिस तैनात

घटना की जानकारी मिलते ही डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह, एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह और एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी टीम के साथ पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर गांव के लोगों से जानकारी हासिल की। गांव में तनाव को देखते हुए बंथरा पुलिस के साथ ही सरोजनीनगर और बिजनौर पुलिस की टीम तैनात की गई है। डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह के मुताबिक आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन टीमें लगाई गईं हैं, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अधिशासी अभियंता से शिकायत की तब 15 घंटे बाद बहाल हुई नटकुर गांव में सप्लाई

अमृत विचार, लखनऊ : चंद्रावल फीडर में केबल फाल्ट से रविवार रात 9 बजे नटकुर गांव की बिजली गुल हो गई। ग्रामीणों ने जेई और एसडीओ को सूचना दी लेकिन उन्होंने किसी को नहीं भेजा।

सोमवार को 12 बजे अधिशासी अभियंता अवनीश कुमार से शिकायत करने के 15 घंटे बाद फाल्ट ठीक कर आपूर्ति सुचारू की गई। फाल्ट से 200 घरों की सप्लाई बाधित रही। सरफराजगंज में ट्रांसफार्मर में फाल्ट के बाद रस्तोगीनगर, रहिमनागर और बालाघाट में पांच घंटे से ज्यादा सप्लाई ठप रही। रहीम नगर में दो घंटे से ज्यादा बिजली गुल रही। वही मेंहदी टोला, बनारसी टोला, ततारपुर, पांडे टोला, चौधरी टोला में लो वोल्टेज से लोग दिनभर परेशान रहे। अलीगंज के भिडिया टोला, बड़ा चांदगंज, पुराना महानगर मे डेढ़ घंटे तक सप्लाई बाधित रही।

88 गांवों में पाइप लाइन से होगी जलापूर्ति

जल निगम अमृत योजना 2.0 से 55 करोड़ से कराएगा काम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ नगर निगम कार्यकारिणी से प्रस्ताव पास, शासन को भेजा जाएगा

▸▸ वार्डों के खराब ट्यूबवेल नगर निगम फंड से रीबोर कराए जाएंगे

अमृत विचार : नगर निगम में शामिल 88 गांवों के एक लाख परिवारों को पेयजल की आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी। ये प्रस्ताव सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट को मंजूरी के लिए प्रस्ताव शासन भेजा गया है। इसके अलावा वार्डों में खराब ट्यूबवेल नगर निगम फंड से रीबोर कराने पर भी सहमति बनी।

गांवों में जलापूर्ति के लिए जल निगम अमृत योजना 2.0 से कार्य कराएगा। इस पर 55 करोड़ रुपये खर्च होंगे। शासन से बजट मंजूर होने के बाद लगभग छह महीने में गांवों में पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्र अन्नू ने महापौर के सामने जोन छह के चौक इलाके में ज्यादातर शौचालय खंडहर होने की जानकारी रखी। उन्होंने बंद शौचालय सही कराने व नए शौचालय बनवाने का प्रस्ताव रखा। अनुराग ने जलकल विभाग जोन छह के अधिशासी अभियंता पर फोन न उठाने का आरोप लगाया। महापौर ने जलकल अफसरों की सीवर और पेयजल के मुद्दे पर क्लास लगाई। अधिशासी अभियंताओं से जोनवार दो महीने के कार्यों की रिपोर्ट मांगी है। जोन एक के अधिशासी अभियंता को जन शिकायतें प्राथमिकता से दूर करने और पाइप लाइन बदलने के लिए कहा। राजाजीपुरम में 50 साल पुरानी पाइप लाइन को बदला जाएगा। पुराने लखनऊ के कई इलाकों में सीवर लाइन भी सही की जाएगी।



नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में मौजूद महापौर और नगर आयुक्त। अमृत विचार

बदलेंगे कॉलोनियों -सड़कों के नाम, कमेटी करेगी फैसला

कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी का नाम गुरु तेग बहादुर नगर रखने को लेकर कमेटी गठित की गई है। इसी तरह वृंदावन योजना सेक्टर छह स्थित गोल चौराहे का नाम परशुराम चौक किया जाएगा। रतन खंड में संत गाडगे जलाशय पार्क में संत गाडगे की आदमकद प्रतिमा लगाई जाएगी। कठौता झील का नाम बदलने और फैजुल्लागंज में श्मशान घाट का प्रस्ताव पास किया गया।

अनुबंध पर 30 जेई की होगी भर्ती

नगर निगम में जेई की कमी को लेकर कार्यकारिणी में चर्चा हुई। इसके बाद नगर निगम में अनुबंध पर 30 नए जेई की भर्ती के लिए प्रस्ताव पास कर दिया गया। 24 जेई सिविल और छह इलेक्ट्रिकल से होंगे। जेई को प्रतिमाह 45,000 रुपये रखा गया है। सिविल व इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के इंजीनियरों का अनुभव भी मांगा गया है।

कुड़िया घाट पर लगेगी अटल बिहारी की प्रतिमा

कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्र ने बताया कि उत्तर क्षेत्र से विधायक नीरज बोरा ने कुड़िया घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाने की मांग की थी। इस मांग को कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी है। अब सदन से प्रस्ताव पास होने के बाद प्रतिमा निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।

एनबीसीसी बनाएगी नगर निगम का नया भवन

केंद्रीय कार्यशाला में नगर निगम मुख्यालय एनबीसीसी संस्था बनाएगी। इसका प्रस्ताव भी बैठक में पास किया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि कंपनी से संपर्क कर नए भवन के निर्माण से जुड़े डीपीआर को सौंपा जाएगा। निर्माण पर 200 करोड़ का बजट रखा गया है। इसमें 100 करोड़ नगर निगम खर्च करेगा और 100 करोड़ शासन से देगा। नगर आयुक्त ने कहा कि एनबीसीसी शहर में इनकम टैक्स और सीबीआई मुख्यालय का निर्माण कर चुकी है।

33 वार्डों में सफाई के लिए फैसला आज

बैठक में तीन जोन के 33 वार्डों में साफ–सफाई के लिए तीन कंपनियों ने प्रेजेंटेशन दिया। कार्यदायी संस्था के चयन पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। महापौर ने बताया कि मंगलवार शाम तक कंपनी का चयन कर लिया जाएगा।

कुलदीप होंगे जलकल के नए जीएम

बैठक में जलकल के जीएम मनोज आर्या इस बार भी बैठक में नहीं पहुंचे। निंदा प्रस्ताव के दौरान आर्य का तबादला बरेली होने की खबर आई। उनकी जगह कुलदीप सिंह को जलकल का नया जीएम बनाया गया है। कुलदीप अलीगढ़ में तैनात थे।

वीडियोग्राफी से होगी लाल क्रॉस की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कुकरैल नदी किनारे प्रक्रिया की मंडलायुक्त को दी वीडियोग्राफी

अमृत विचार : कुकरैल किनारे अबरार नगर, पंत नगर, रहीम नगर, खुर्रम नगर व इंद्रप्रस्थ नगर में मकानों पर लगाए गए लाल क्रॉस निशान की जांच वीडियो व फोटोग्राफी से की जाएगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने मंडलायुक्त को पांच दिन चली पूरी प्रक्रिया की वीडियो व फोटोग्राफी उपलब्ध कराई है।

कुकरैल रिवर फ्रंट के लिए 8 से 14 जुलाई तक पांचों मोहल्लों में नदी किनारे 50-50 मीटर में आने वाले मकानों पर लाल क्रॉस के निशान सिंचाई विभाग ने लगाए थे। इसमें एलडीए ने वीडियो व फोटोग्राफी की थी जो जांच के लिए मंडलायुक्त को उपलब्ध कराई है। इसकी जांच करके मुख्यमंत्री को रिपोर्ट भेजी जाएगी। जांच मंडलायुक्त व जिलाधिकारी कर रहे हैं।

एलडीए की देखादेखी लगाए थे क्रॉस के निशान

इन मोहल्लों में नदी किनारे बंधा नहीं है, जो पहले था उस पर सड़क बन गई। इस वजह से सिंचाई विभाग ने नदी का एलाइमेंट यानी स्थान नये सिरे से चिह्नित किया और दो किमी तक डूब क्षेत्र तय करके दायरे में आए मकानों में लाल क्रॉस लगा दिए। नदी 35 मीटर चौड़ी है और डूब क्षेत्र में क्रॉस के निशान बढ़ाकर 50 मीटर तक लगाए गए। सिंचाई विभाग नदी की जमीन व बाढ़ क्षेत्र चिह्नित कर सकता है लेकिन, मकानों पर क्रॉस के निशान नहीं लगाने का अधिकार नहीं है। क्रॉस के निशान अकबर नगर में एलडीए द्वारा की गई कार्रवाई की देखादेखी लगाए गए।

स्वच्छ भारत मिशन : पहले दिन 575 परिवारों का चयन

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में सोमवार को विशेष ग्राम सभा की शुरुआत हुई। अभियान के दौरान गांव-गांव परिवार बढ़ने के कारण शौचालय से वंचित सदस्यों की जानकारी करके स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत आवेदन लिए गए। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर के नेतृत्व में टीम में शामिल जिला समन्वयक अभिनव त्रिवेदी, अभिषेक गुप्ता आदि कर्मियों ने पंचायत भवनों से मौके पर ऑनलाइन आवेदन कराए। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि पहले दिन 40 ग्राम पंचायतों में 575 आवेदन लेकर भरवाए हैं। इनमें वह सदस्य हैं जो परिवार बढ़ने, बाहर से शिफ्ट होने या फिर अलग होने के कारण बढ़े हैं। इनका सत्यापन करके व्यक्तिगत शौचालय आवंटित किया जाएगा। विशेष अभियान 26 जुलाई तक चलेगा।

माइक्रोसॉफ्ट की दिक्कत रही बरकरार, 4 उड़ानें रद्द, कई लेट

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर का असर अभी भी लखनऊ एयरपोर्ट पर खत्म नहीं हो सका है। इसके चलते सोमवार को भी कई विमान लेट होने के साथ ही चार उड़ाने एयरलाइंस कंपनियों को रद्द करनी पड़ी।

लखनऊ से सुबह करीब 7:30 बजे अहमदाबाद जाने वाली उड़ान कैंसिल कर दी गई। वहीं सुबह करीब 7:15 बजे मुंबई जाने वाली उड़ान करीब 45 मिनट देरी से उड़ान भर सकी। एयर इंडिया की सुबह 2 बजे मुंबई जाने वाली उड़ान करीब डेढ़ घंटा लेट 3:27 पर उड़ान भर सकी। इंडिगो की गोवा जाने वाली उड़ान दोपहर 2:35 बजे के बजाय 3:20 पर उड़ान भर सकी। इसके अलावा इंडिगो की ही पुणे जाने वाली 2:45 के बजाय 5:40 पर, दिल्ली जाने वाली 2:45 के बजाय 3:35 पर उड़ान भर सकी।

मुंबई और अमृतसर के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यात्रियों को भीड़ देखते हुए रेलवे प्रशासन ने लखनऊ मंडल से होकर गुजरने वाली दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से गोरखपुर तक चलेगी लेकिन वापसी गोरखपुर से दहानू रोड तक ही होगी, यह ट्रेन बांद्रा टर्मिनस नहीं जाएगी।

बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर द्विसाप्ताहिक स्पेशल (09043) बांद्रा टर्मिनस से 23, 28, 30 जुलाई, 04, 06, 11, 13, 18, 20, 25, व 27 अगस्त को बांद्रा टर्मिनस से मध्य रात्रि 12:05 बजे रवाना होगी। लखनऊ तड़के 3:20 बजे पहुंचेगी। यहां से गोरखपुर सुबह 9:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन (09044) गोरखपुर से 24, 29, 31 जुलाई, 05, 07, 12, 14, 19, 21, 26, 28 अगस्त को दोपहर 1:00 बजे रवाना होगी जो लखनऊ शाम 6:35 बजे पहुंचेगी।

कटिहार जं०-अमृतसर जं० साप्ताहिक स्पेशल (05734) प्रत्येक गुरुवार 25 जुलाई से 15 अगस्त तक कटिहार जं. से पूर्वान्ह 11:40 बजे रवाना होगी जो लखनऊ तड़के 4:15 बजे होकर कानपुर सेंट्रल, इटावा जंक्शन, अलीगढ़ जं., हापुड़, मेरठ नगर, मुजफ्फर नगर, सहारनपुर जंक्शन, अम्बाला छावनी, जलंधर शहर, ब्यास जंक्शन होते हुए अमृतसर जंक्शन मध्यरात्रि 12:10 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 05733, प्रत्येक शनिवार 27 जुलाई से 17 अगस्त तक अमृतसर से तड़के 4:25 बजे रवाना होगी, जो लखनऊ रात्रि 10:10 बजे तथा कटिहार जॅ. दोपहर 3 बजे पहुंचेगी।

महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर के दर्शन कराएगा आईआरसीटीसी

अमृत विचार, लखनऊ : इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) श्रद्धालुओं महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराएगा। महेश्वर और मांडू की सैर की सुविधा भी मिलेगी। पांच रात और छह दिन की यात्रा का हवाई पैकेज 20 से 25 अगस्त तक चलेगा। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा के अनुसार यात्रियों को इंदौर में खजराना गणेश मंदिर, लालबाग महल, (उज्जैन) में महाकाल मंदिर, हरसिद्धि मंदिर, काल भैरव मंदिर, राम घाट ले जाया जाएगा। तीन सितारा होटल में ठहराया जाएगा। लखनऊ से इंदौर जाने–आने की व्यवस्था फ्लाइट से रहेगी। प्रति व्यक्ति 46,900 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर प्रति व्यक्ति 36,500 रुपये और तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर प्रति व्यक्ति 34,400 रुपये शुल्क देना होगा। माता–पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 30200 रुपये (बेड सहित) एवं (बिना बेड के) होगा।

केंद्रीय बजट आज — कारोबारियों की मांग, जीएसटी की कमियों को दूर करे सरकार, रेल सेवाओं में सुधार की उम्मीद

10 लाख हो आयकर की सीमा, व्यापारियों को मिले स्वास्थ्य बीमा का लाभ

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की सरकार मंगलवार को संसद में केंद्रीय बजट पेश करेगी। जीएसटी की खामियों को दूर करने और ऑनलाइन कारोबार पर सख्ती के साथ-साथ राजधानी के व्यापारियों को इस बार बजट में वित्त मंत्री से आयकर की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने और जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा लाभ देने के साथ व्यापारियों के हित में कदम उठाने की उम्मीद है।

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र का कहना है कि विगत वर्षों को देखते हुए सरकार अपने वफादार वोट बैंक की अवहेलना कर रही है। सरकार सब कुछ ऑनलाइन कर रही है लेकिन एक ही तरह के व्यापार के लिए व्यापारियों को अलग-अलग लाइसेंस लेना पड़ रहा है।

ई-कॉमर्स और रिटेल ट्रेड पॉलिसी बने

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने ई–कॉमर्स और रिटेल ट्रेड पॉलिसी घोषित करने की मांग की है। कहा कि ई–कॉमर्स कंपनियों से रिटेल व्यापार पर संकट आ गया है।

जीवन रक्षक दवा पर टैक्स हो कम

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का कहना है कि बजट में जीएसटी की धाराओं में एकरूपता लाते हुए कर की दरों को कम किया जाए। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में लिये गए निर्णय का शत–प्रतिशत पालन किया जाए और व्यापारियों द्वारा जमा किये गए शुल्क को सरकार वापस करे। जीवन रक्षक दवा पर टैक्स की दर सबसे कम रखी जाए।

आधारभूत ढांचे की मजबूती के साथ सेमी हाईस्पीड ट्रेनों पर होगी नजर

अमृत विचार, लखनऊ : पुरी और कटरा के लिये गोमती नगर से नई ट्रेनों के संचालन से लेकर चारबाग स्टेशन के अपग्रेडेशन और स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने पर ही रेलवे का विशेष फोकस होगा। रेलवे अधिकारियों को चारबाग में 125 बेड का लोको पायलट व गार्ड रेस्टरूम बनाने, रूट रिले इंटरलॉकिंग, यार्ड रिमॉडलिंग और फोरलेन आउटर सहित आलमनगर स्टेशन के विकास के साथ ही आलमनगर–उतरेटिया बाईपास डबलिंग के लिए रेलवे बजट में पैसा मिलने की उम्मीद है। बाराबंकी से मल्हौर के बीच तीसरी व चौथी लाइन बनाने, लखनऊ से कानपुर के बीच स्टेशनों पर लूपलाइन, आलमनगर गुड्स शेड, गंगाघाट पर आरओबी, इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट शेड, गोमती ब्रिज मरम्मत पर रेलवे का जोर होगा। वहीं चारबाग, प्रतापगढ़, रायबरेली, उतेरिटया स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग के लिए भी तैयारियां की गई हैं। लखनऊ मंडल की वर्कशॉपों को भी हाईटेक बनाने की योजना है। वर्कशॉप मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम विकसित किया जा रहा है। चारबाग लोको वर्कशॉप, आलमबाग कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप, ब्रिज वर्कशॉप के अपग्रेडेशन पर भी फोकस किया जाएगा।

बहुरेंगे रेलवे कॉलोनियों के दिन

उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे की लखनऊ मंडल की कॉलोनियों की दशा बदलने की उम्मीद भी है। इसमें शांतिपुरम कॉलोनी, बरहा कॉलोनी, सेंट्रल पावर हाउस कॉलोनी आदि में सुविधाओं के लिए रेलवे यूनियनों ने फरियाद की थी।

पुरी, कटरा की ट्रेनें गोमती नगर से

गोमतीनगर स्टेशन के विकसित होने के बाद नई ट्रेनों के चलाने की उम्मीद है। यहां से पटना के लिए वंदे भारत चल रही है लेकिन पुरी व कटरा के लिए नई ट्रेनें शुरू होनी है। लखनऊ से कानपुर के बीच सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाने की तैयारी में है।

आरडीएसओ में शोध को मिलेगी गति

आरडीएसओ में शोध बढ़ावा देने को अंतरिम बजट में 77 करोड़ रुपये मिले थे। तकरीबन 50 करोड़ रुपये के प्रस्ताव बनाकर रेलवे बोर्ड को भेजा गया है।

एक नजर

राधेलाल गौतम बने मंडल मंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श समायोजित शिक्षक-शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री उमेश कुमार पाण्डेय ने राधेलाल गौतम को लखनऊ का मंडल मंत्री मनोनीत किया है। राधेलाल ने कहा कि संगठन के हित वे हमेशा खड़े रहेंगे। शिक्षकों का हित उनके लिए सर्वोपरि है। इसके लिए संघर्ष करते रहेंगे।

गोपरमऊ में मानक से ज्यादा खनन

अमृत विचार, लखनऊ : मानक से अधिक मिट्टी खनन की शिकायत मिलने पर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने ठेकेदार को नोटिस देते हुए जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। शिकायत पर मंडलायुक्त ने मलिहाबाद तहसील के ग्राम अल्लूपुर, सदर तहसील के ग्राम सभा-गोपरमऊ, सरसंडा के खनन क्षेत्र का निरीक्षण किया। गोपर मऊ में मानक से ज्यादा मिट्टी का खनन होने पर ठेकेदार को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा खनन किए गए गाटो की मिट्टी की मात्रा की नाप करा लिया जाए। बिना रवन्ना के मिट्टी लदी डंपर/लोडर का संचालन न होने दिया जाए। साथ ही पूर्व में जारी सभी नोटिसों को आरसी में तब्दील किया जाए।

डॉ. सुरेश कुमार बने केजीएमयू के चिकित्सा अधीक्षक

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में जनरल सर्जरी विभाग के डॉ. सुरेश कुमार को संस्थान का नया चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उन्हें डॉ. डी. हिंमांशु की जगह तैनाती दी गई है। इससे पहले डॉ. सुरेश को जुलाई की शुरूआत में कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया था। डॉ.सुरेश ने कहा कि केजीएमयू में प्रदेश भर से मरीज आ रहे हैं। इन मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। डॉक्टर नियमित राउंड लें।

जिला समाज कल्याण अधिकारी का वेतन वृद्धा को पेंशन मिलने तक रोका जाए

सरोजनीनगर तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर / मलिहाबाद

अमृत विचार: संपूर्ण समाधान दिवस में आई एक वर्ष से वृद्धावस्था पेंशन का लाभ न मिलने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने जिला समाज कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने सरोजनीनगर तहसील में समस्याएं सुनीं। एक ग्रामीण ने ग्राम पंचायत तेज किशन खेड़ा में सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायत की। जिलाधिकारी ने एसडीएम सरोजनीनगर फाल्गुनी सिंह को जांच कराकर अतिक्रमण ध्वस्त करने और अतिक्रमणकर्ता पर एफआईआर और संबंधित लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई के आदेश दिए। वृद्धा ज्ञानवती ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि एक वर्ष से वृद्धावस्था पेंशन बंद हैं। पेंशन चालू कराने के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिलाधिकारी ने लाभार्थी को पेंशन मिलने तक जिला समाज कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने मातहतों को कार्यप्रणाली को बदलने की हिदायत दी। ऐसी व्यवस्था बनाएं कि शिकायतकर्ता को दोबारा कार्यालय न आना पड़े।

मलिहाबाद में शिकायतें सुनतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

सरोजनीनगर तहसील में शिकायत सुनते जिलाधिकारी।

पेंशन, राशनकार्ड के लिए दो दिन लगाएं शिविर : मंडलायुक्त

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मलिहाबाद तहसील में समस्याएं सुनीं। यहां उन्होंने तहसील में दो दिन शिविर लगाकर पेंशन और राशन के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।एक शिकायतकर्ता ने बताया कि दबंग उसकी जमीन पर कब्जा करने के लिए आए दिन मारपीट करते हैं। मंडलायुक्त ने माल थाना प्रभारी राजेश त्रिपाठी को बुलाया गया मगर वह नहीं आए। इस पर थाना प्रभारी से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि सरकारी भूमि पर कब्जा कर प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं और संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए।

इमलिहा उपमंडी में तत्काल कराएं सफाई

मलिहाबाद तहसील में उमेश ने ग्राम पंचायत खालिसपुर, मजरा घनश्यामपुर, इमलिहा और इमलिहा उपमंडी में गंदगी होने की शिकायत की। बताया कि गंदगी के कारण बदबू फैल रही है और लोग डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीण जानवरों को रोड पर ही बांधते हैं। गंदगी के कारण राहगीरों को परेशानी होती है। मंडलायुक्त ने तत्काल उपमंडी में सफाई कराने और रास्ते में जानवरों को बांधने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए।

कोर्ट के आदेश के चार वर्ष बाद भी नहीं कराई पैमाइश

अमृत विचार, मोहनलालगंज : समाधान दिवस में छबीलेखेड़ा मजरा दयालपुर की रामरती ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि कृषि भूमि की मेड़बंदी के लिए उपजिलाधिकारी न्यायालय में वाद डाला था। 2020 में मेड़बंदी का आदेश हो गया था, लेकिन राजस्वकर्मियों ने पैमाइश और मेड़बंदी नहीं कराई। सिटी मजिस्ट्रेट ने मेड़बंदी कराने के निर्देश दिए। रामदासपुर ग्राम पंचायत के प्रधान राजकुमार पांडे ने बताया कि बंजर व पशुचर भूमि पर लेखपाल की मिलीभगत से भूमाफिया ने प्लाटिंग कर दी है। पहले भी शिकायत की थी लेकिन कब्जा नहीं हटवाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने तहसीलदार को फटकार लगा कब्जा हटवाने के निर्देश दिए।

मास्टर माइंड सहित ईडी ने की पूछताछ

अमृत विचार, लखनऊ: सिपाही भर्ती परीक्षा-2024 प्रश्नपत्र लीक मामले में ईडी सक्रिय हो गई है। ईडी ने मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा समेत तीन आरोपियों से पूछताछ की है। मेरठ जेल में ईडी के अधिकारियों की तीन सदस्यीय टीम ने राजीव नयन मिश्रा, रवि अत्री और दिल्ली पुलिस के बर्खास्त सिपाही विक्रम पहल से सवाल किए और उनके बयान दर्ज किए। बिहार के डॉ. शुभम मंडल समेत अन्य आरोपियों को ईडी ने समन भेजकर अगले हफ्ते बुलाया है।

ईडी ने विगत माह सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्यों के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद अदालत की अनुमति लेकर आरोपियों से पूछताछ की गई है। ईडी के अधिकारियों के मुताबिक राजीव नयन उप्र लोक सेवा आयोग की आरओ, एआरओ परीक्षा का भी मुख्य आरोपी है, उससे इस परीक्षा के बारे में भी सवाल किए गए हैं।

बिजली गिरने की संभावना

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ और आसपास इलाकों में बादल छाने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि उमस से फिलहाल अभी राहत मिलने की उम्मीद कम है। मौसम अनुसंधान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया है कि 24 घंटे के भीतर लखनऊ और आसपास इलाकों में गहरे बादल छा सकते हैं। बादलों के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

आईवीएफ कराने वाले पीड़ित दंपती के दर्ज हुए बयान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हजरतगंज स्थिति निजी आईवीएफ केंद्र में दो बार प्रोसीजर फेल होने के मामले की सीएमओ कार्यालय से जांच शुरू हो गई है। सोमवार को पीड़ित दंपती के बयान दर्ज किए गए हैं। नोटिस जारी होने के बावजूद केंद्र की तरफ से अभी तक सीएमओ कार्यालय को अपना पक्ष नहीं दिया जा सका है।

उन्नाव के पटकापुर निवासी पुत्तन ने पत्नी गुड़िया का हजरतगंज स्थित निजी आईवीएफ सेंटर में इलाज कराया था। दो बार प्रोसीजर फेल हो गया। इसके एवज में चार लाख रुपये लिए गए। पुत्तन ने ठीक से जांचें न करने और लापरवाही का आरोप लगा उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिकायत की थी।

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आधार कार्ड के हिसाब से पति की उम्र 52 साल और पत्नी की उम्र 36 साल है। केंद्र ने अपने दस्तावेज पर पति की उम्र 50 और पत्नी की 40 साल दर्ज की है। सीएमओ मनोज अग्रवाल का कहना है हर पहलू की जांच की जा रही है। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना

श्री प्रणजीव सक्सेना, रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल, लखनऊ, नागरिक एवं विमानन मंत्रालय, भारत सरकार, **दिनांक 23.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे से मण्डल रेल प्रबंधक, कार्यालय (डी.आर.एम. मीटिंग हाल), अशोक मार्ग, लखनऊ** में गाड़ी सं. 15904 डा0 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का मोतीगंज-झिलाही रेलवे खण्ड पर दिनांक 18.07.2024 को पटरी से उतर जाने के प्रकरण की जॉच करेंगें। यदि कोई नागरिक उपरोक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी या साक्ष्य देना चाहते है, तो वह उपरोक्त दिनांक को जाँच के समय उपस्थित होकर पूर्ण साक्ष्य दे सकते हैं अथवा नीचे दिये गये मोबाइल नम्बरों पर दे सकते हैं। मोबाइल नं. **9794842876, 9794842946**

मुजाधि/संरक्षा-02 **मण्डल रेल प्रबंधक (संरक्षा), लखनऊ**

''मोबाईल पर बात करते हुए मानवरहित समपार पार न करें''

जीएसटी कमिश्नर को बताई समस्याएं

मिठाई व नमकीन महासंघ के पदाधिकारी नितिन बंसल से मिले

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: केंद्रीय समिति और उत्तर प्रदेश मिठाई व नमकीन महासंघ के अध्यक्ष वासुदेव चावला सहित कई पदाधिकारियों ने जीएसटी कमिश्नर नितिन बंसल को अपनी समस्याएं बताईं। उत्तर प्रदेश में खाद्य निर्माताओं के वैन और ट्रकों को रोने का मुद्दा उठाया गया।

पदाधिकारियों ने बताया कि शहर में कई जगहों पर खाद्य उत्पादों को ले जा रहे वाहनों को बिना वैध कारण के रोका जा रहा है। कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि मामले को जल्द सुलझाने के लिए कदम उठाएंगे। कहा कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी और ज़िम्मेदार अधिकारियों के ख़िलाफ़ सख़्त क़दम उठाए जाएंगे।

इस दौरान महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन, संजय सिंघानिया, फ़िरोज़ एच. नक़वी, राम कुमार अग्रवाल (सर्वेश्वर फूड, हाथरस), यदुवेंद्र खन्ना (रिट्ज स्वीट्स और बेकर्स, लखनऊ), अर्पण जिंदल मौजूद रहे।

जीएसटी कमिश्नर के मुलाकात करते महासंघ के सदस्य।

टिकट न मिलने पर यात्रियों का हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ: आलमनगर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह करीब छह बजे टिकट रोल खत्म हो गया। ऐसे में काफी देर तक यात्रियों को अनारक्षित टिकट नहीं मिल सके। इसके चलते काफी देर तक टिकट काउंटर पर लोग लाइन में खड़े रहे।

इस दौरान रेलकर्मी मोबाइल फोन पर बात करता रहा। काफी देर तक टिकटन मिलने पर यात्रियों ने हंगामा करना शुरू किया। यात्रियों ने हंगामे का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। आलमनगर स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनें ठहरती हैं। दैनिक यात्री प्रतिदिन यहां से यात्रा करते हैं। सोमवार सुबह करीब छह बजे जब यात्री टिकट लेने पहुंचे तो पता चला कि रोल खत्म हो गया है। ऐसे में टिकट नहीं मिल पा रहे हैं।

अकबर नगर मुद्दे पर संबोधित करते लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

अकबर नगर के लोगों को मुआवजा देकर पुनर्स्थापित करे सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति ने लगाया गुमराह करने का आरोप

अमृत विचार : अकबर नगर मामले पर सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। अपनी गलती माने और निवासियों को पर्याप्त मुआवजे देकर पुनर्स्थापित करे। यह आरोप सोमवार को लखनऊ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक मंडल सदस्य दिनकर कपूर ने पत्रकार वार्ता में लगाया।

दिनकर बताया कि अकबर नगर में 1925 से पहले से आबादी थी। इसका बाकायदा 1332 फसली रिकॉर्ड में दर्ज है। जो मकान ध्वस्त किए उनके भवन स्वामी हाउस टैक्स, बिजली, पानी का बिल देते थे। सरकार ने सड़क, प्रकाश, पेयजल, नाली की व्यवस्था की थी। एक रिपोर्ट के अनुसार 1,500 करोड़ रुपये कुकरैल रिवर फ्रंट, प्राणि उद्यान, नाइट सफारी बनाने में खर्च होंगे। इसका साबरमती रिवर फ्रंट बनाने वाली गुजरात की कंपनियों को टेंडर दिया जा रहा है।

संयोजक इमरान रजा ने कहा कि डूब क्षेत्र के नाम पर बुलडोजर चलाना कहां तक न्याय संगत है। बसंत कुंज योजना में एक कमरे का आवास आवंटित किया है। उसकी कीमत 4.80 लाख रुपये प्रतिमाह 3300 रुपये 15 साल तक वसूला जाएगी। 26 जुलाई को समिति रणनीति तय कर शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन की घोषणा करेगी। पत्रकार वार्ता में सीपीएम नेता प्रवीन सिंह, कांग्रेस के शहर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, सीपीआई के नेता चंद्रशेखर, भाकपा (माले) की केंद्रीय कमेटी सदस्य कृष्णा अधिकारी आदि संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चार कर्मी गैरहाजिर स्पष्टीकरण मांगा

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सोमवार सुबह 11:45 बजे मुख्य अभियंता कैम्प कार्यालय, वित्त एवं लेखा, अधिष्ठान, रजिस्ट्री सेल व सम्पत्ति अनुभाग का निरीक्षण किया।

मुख्य अभियंता कार्यालय में कनिष्ठ लिपिक ज्योति सिंह, लेखा अनुभाग में डाटा इंट्री ऑपरेटर रजा अली खान, अधिष्ठान में प्रवर वर्ग सहायक एजाज खान व कनिष्ठ लिपिक रितेश श्रीवास्तव पटल से गैर हाजिर मिले। उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए संबंधित से स्पष्टीकरण तलब किया है। कार्यालय में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई और सुधार न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

डिजिटल होंगी फाइलें, बनेगा रिकॉर्ड रूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अलमारी पर कर्मियों के नाम, मोबाइल नंबर व इन्डेक्स होगी चस्पा

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में आधुनिक रिकार्ड रूम बनाकर पत्रावलियों (फाइलों) का डिजिटाइजेशन किया जाएगा। कंप्यूटर पर एक क्लिक करते ही संपत्ति और मानचित्र की फाइलें मिल जाएंगी।

प्राधिकरण में अक्सर जांच, निरीक्षण या शिकायत की जांच के दौरान फाइलें नहीं मिलती हैं। अब ऐसा नहीं होगा। सभी पत्रावलियों का डिजिटाइजेशन किया जाएगा। मूल पत्रावलियां सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के लिए आधुनिक रिकॉर्ड रूम बनेगा। अनुभाग की अलमारियों में कर्मचारियों के नाम, पद नाम, मोबाइल नंबर के साथ इन्डेक्स चस्पा की जाएगी। इसमें पत्रावलियों का विवरण लिखा जाएगा।

तल परिवर्तन के आवेदनों का परीक्षण करेगी कमेटी

हरदोई रोड स्थित बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-आई में विस्थापित अकबर नगर के आवंटी तल और भवन परिवर्तन कराने के लिए प्राधिकरण के चक्कर लगाकर रहे हैं। उपाध्यक्ष ने कहा कि जिन आवंटियों के परिवारों में दिव्यांग, मरीज हैं, उनके आवेदनों के आधार पर जांच कराई जाए। ऐसे परिवारों को भू-तल पर भवन आवंटित किए जाएं। परीक्षण के लिए सक्षम स्तर की एक कमेटी बनाएंगे।

अलमारियों पर नहीं मिला ब्योरा

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सोमवार को प्राधिकरण का निरीक्षण किया। उन्हें कुछ अनुभागों की अलमारियों पर कोई ब्योरा अंकित नहीं मिला। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि किस कर्मचारी को कौन सी अलमारी आवंटित है और उसमें कौन सी फाइलें रखी हैं। इस वजह से उन्होंने नाम और इन्डेक्स चस्पा करने के निर्देश दिए हैं। रजिस्ट्री सेल के निरीक्षण के दौरान टेबल पर रखी फाइलों का अवलोकन किया। कहा रजिस्ट्री के लिए आवेदन करने वाले किसी भी आवंटी के कार्य में विलम्ब न किया जाए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं **वीरपाल सिंह पुत्र बहादुर सिंह, निवासी-ग्राम-विश्रामपुर, पोस्ट व थाना-कागारोल, जिला-आगरा उ0प्र0** मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश पुत्री का नाम प्रतीग्या व जन्म तिथि 01-01-2008 अंकित हो गया है जबकि मेरी पुत्री के हाईस्कूल प्रमाण-पत्र में उसका नाम प्रतिभा कुमारी व जन्मथि 09-07-2008 अंकित है। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम प्रतिभा कुमारी है, एवम् उसकी वास्तविक जन्मतिथि 09-07-2008 है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड पर उसका सही नाम प्रतिभा कुमारी व जन्मथि 09-07-2008 अंकित किया जाय।

सूचना

यह कि मेरे भाई मनोज उर्फ रूकसार पुत्र अख्यतार अली का चाल चलन सही न होने के कारण उससे संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। **– इस्माद अली पुत्र अख्यतार अली नि. फकिरपुरा, मौ. बहोसी, थाना इंदरगढ़, कन्नौज।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **मरियम रफी पुत्री मो. रफी** Mohd Rafi 542/के. बी. 21 **गेट नंबर 2 किशोर बिहार कालोनी कैम्पबेल रोड लखनऊ** की हूँ। मेरे आंधार कार्ड, स्कूल की मार्कशीट व अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम त्रुटिवश मलिक मो. रफी (Malik Mohd Rafi) व रफी मलिक (Rafi Malik) दर्ज हो गया है जोकि गलत है। यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र पर पिता का नाम मो0 रफी (Mohd Rafi) दर्ज है जोकि सत्य व सही है। मेरे पिता का नाम त्रुटिवश मलिक मो. रफी (Malik Mohd Rafi) मार्कशीट में दर्ज हो गया है। उसको मो0 रफी (Mohd Rafi) किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि मै **राधिका सिंह पत्नी स्व0 किरन शंकर सिंह, निवासी-213 महाजनीटोला अयोध्या थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,** मेरी एक विवाहित पुत्री व चार पुत्र है जिनमें से तीसरे नम्बर के पुत्र एवं पुत्रवधू श्रीमती दुर्गेन्द्र पत्नी वैभव सिंह, निवासी- 18 हरदासपुर थाना हंसवर अम्बेडकनगर से काफी मानसिक रूप से हैरान व परेशान रहती हूँ इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मैं व मेरी पुत्री व मेरे अन्य पुत्रों से कोई वास्ता व सरोकार नही है न होगा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **शरीफउद्दीन पुत्र स्व फजल अहमद निवासी ग्रा0 पो0- कम्हरिया, थाना- मौदहा जनपद हमीरपुर** का मूल निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट पर त्रुटिवश शरीफउद्दीन निजामी अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड और समस्त दस्तावेजों में शरीफउद्दीन दर्ज है। शरीफउद्दीन और शरीफउद्दीन निजामी दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

मेरा गाटा संख्या (39मि0) स्थित ग्राम बालापुर रतनपुर के बैनामे का मूल दस्तावेज 5 जुलाई 2024 को बालापुर से तुलसीपुर जाते समय रास्ते में वानपुर चौराहे के पास कहीं गिर कर खो गया है। **– उग्रसेन यादव पुत्र घिराऊ ग्राम निश्चलपुर (चैनपुर) कोतवाली –जरवा जिला– बलरामपुर**

सूचना

सूचित हो कि मैं छोटे लाल पुत्र घरसू निवासी मो0 मिर्जापुर पो0 मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई का हूँ। मेरे पुत्र स्व0 नारेन्द्र की मृत्यु हो चुकी है। मेरे पुत्र स्व0 नारेन्द्र और बहू मीना से दो बच्चे सुमित व नैंसी है जो अभी नाबालिग है। एक सप्ताह पूर्व बहू मीना ने मनोहर पुत्र राजेंद्र गौतम निवासी ग्राम नसीरपुर पो0 बखौरा थाना मल्लावां, हरदोई से अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है। बहू मीना द्वारा अपनी मर्जी से विवाह कर लेने से मैं अपनी चल –अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गए कार्यो से मेरा कोई वास्ता नहीं रह गया है। उक्त दोनों बच्चे नाबालिग होने के चलते स्वंय संरक्षक रहूंगा, मीना का कोई वास्ता नहीं रहेगा।

सूचना

मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे तीन पुत्र व एक पुत्री है किंतु मेरा सबसे बड़ा लड़का धर्मेंद्र जो नशा करना मारपीट झगड़ा लड़ाई के साथ अनैतिक कार्य लगातार करता रहता है हमारी सेवा व देखभाल भी नहीं करता है तथा परिवार से उसका कोई लेना-देना नहीं है। जिसके चलते मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उसके द्वारा किए करावे से मेरा आज से कोई लेना देना नहीं है। **– श्रीपाल सरोज पुत्र रामदयाल रायपुर फुलवारी जनपद अमेठी**

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम FATIMA QIDWAI से बदलकर FATIMA ARSHAD रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/O-ARSHAD ALI QIDWAI, Add: 266/736 BAGIYA, HABIB BEG BHADEWAN RAJENDRA NAGAR, LUCKNOW-226004

सूचना

सूचित हो कि मैं **मुन्ना पुत्र स्व0 नबी अहमद, निवासी- मो0 कटरा शहाबपुर, पोस्ट- शहाबपुर, थाना मसौली, तहसील नवावगंज, जनपद बाराबंकी** मेरा पुत्र मो0 हसनैन पुत्र मुन्ना व उसकी पत्नी नारीन बानो पत्नी मो0 हसनैन जो कि मेरा कहना नही मानते है और अपनी मन-मर्जी करते है। उनका चाल-चलन अच्छा नहीं है तथा कुछ कहने पर उल्टे मुझे व उसकी पत्नी को मारता भी है। उससे काफी परेशान, हताश व हैरान होकर अपनी चल-अचल सम्मत्ति से बेदखल करता हूँ। उक्त से अब मेरा व उसके परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। अगर उक्त दोनो मो0 हसनैन व बहू नसरीन बानो अगर कोई कृत्य घटना घटित करते है तो उसके वह स्वयं के जिम्मेदार होगें।

गोंडा रेल हादसा | रेलवे बोर्ड के सवालों से जवाब देने में असहज दिखे कर्मचारी

जांच में दूसरे दिन भी लिए गए कर्मचारियों के बयान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस हादसे की जांच सोमवार को भी की गई। हजरतगंज स्थित पूर्वोत्तर रेलवे डीआरएम कार्यालय में रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने हादसे को लेकर आज भी कर्मचारियों से पूछताछ की। उन्होंने सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के के बयान दर्ज कराए। शुरुआती जांच में रेलवे बोर्ड के सदस्यों ने कई सवाल पूछे, इन सभी का रिकार्ड सुरक्षित रखा गया है। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार बोर्ड की ओर से सवाल तैयार किये गए हैं। सभी शाखाओं से जुड़े लोगों को इसका जवाब देना होगा। सभी से पूछताछ की जा रही है। यह पूछताछ कई दिनों तक चलने की संभावना है।

रेल हादसे से जुड़े मामले में बड़ी लापरवाही बरतने की आंशका के बीच जिम्मेदार पर बड़ी कार्रवाई की संभावना भी जताई जा रही है। ऐसे में सीआरएस बयान के आधार पर दुर्घटना की वजहें, जिम्मेदारी, लापरवाही और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो, इसके लिए अपनी रिपोर्ट 10 से 15 दिनों में रेलवे बोर्ड को सौपेंगे।

रेल हादसे में प्रत्यक्षदर्शी लोगों के आज डीआरएम कार्यालय पहुंचने की संभावना थी लेकिन कोई भी बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों को सोमवार को डीआरएम कार्यालय बुलाया गया था, लेकिन घटनास्थल मोतीगंज-झिलाही स्टेशन के पास एक भी गांव का निवासी नहीं पहुंचा। जांच में इन लोगों के बयान भी महत्वपूर्ण हो सकते हैं। घटनास्थल के आसपास निवास करने वालों से हादसे जुड़े सवाल मौके पर भी जाकर पूछे जा सकते हैं। बताते चले कि लखनऊ मंडल के गोंडा-मनकापुर रेल खंड पर बीती 18 जुलाई को मोतीगंज-झिलाही स्टेशन के पास ट्रेन नंबर 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 19 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस हादसे चार की मौत हो गई थी। रेलवे ने दुर्घटना की सीआरएस जांच के आदेश दिए थे। इसी क्रम में नागरिक उड्डन मंत्रालय के उत्तर पूर्वी परिमंडल के रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने शनिवार को घटनास्थल का भी निरीक्षण किया था।

डीआरएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य।

रेलकर्मियों ने डीआरएम कार्यालय का किया घेराव

अमृत विचार, लखनऊ : 15 सूत्री लंबित मांगों का निराकरण न होने से परेशान रेलवे कर्मचारियों ने सोमवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये। ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन एआईआरएफ के केंद्रीय महामंत्री शिवगोपाल मिश्र ने बताया कि स्थाई वार्ता तंत्र (पीएनएम) की बैठकों में लंबित मामलों को जल्द ही निस्तारित करने का आश्वासन मिला था, लेकिन हुआ कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रित कोटे के स्नातक अभ्यर्थियों को योग्यता के अनुसार काम न मिलने, मेडिकल आधार पर कैटेगरी बदलने में विसंगतियां पैदा होने, पदोन्नति कोटे पर सीधी भर्ती होने से कर्मचारी परेशान हैं। एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी एसयू शाह और एनआरएमयू की सहायक महामंत्री प्रीति सिंह ने भी नाराजगी जताई है। मीडिया प्रभारी शुभ्रांशु तिवारी के अनुसार प्रदर्शन के समापन पर मंडल अध्यक्ष विभूति मिश्रा ने कहा कि प्रशासन मांगों को लेकर जल्द सकारात्मक नहीं होता तो बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY

STAFF REQUIRED

Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)

Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)

Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)

PRO
Qualification: Graduation

Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year

Salary No Bar for Deserving Candidates

How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.

HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

सार-संक्षेप

पुस्तक का विमोचन करतीं राज्यपाल। अमृत विचार

राज्यपाल ने किया कैंसर रोगियों से जुड़ी पुस्तक का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : कैंसर से लड़ने वाले व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता का मूल्यांकन और सुधार करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहराई से विश्लेषण करती हुई पुस्तक कैंसर रोगियों के जीवन की गुणवत्ता का मूल्यांकन का विमोचन राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया। एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी बिजनेस स्कूल की प्रोफेसर व किताब की लेखिका डॉ. अल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि किताब कैंसर रोगियों के जीवन की गुणवत्ता का मूल्यांकन कैंसर से लड़ने वाले व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता का मूल्यांकन और सुधार करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर आधारित है।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद अखिल भारतीय साहित्य परिषद के पदाधिकारी।

सब दरवाजे बंद हो जाते हैं तब रास्ता दिखाता है गुरु

अमृत विचार , लखनऊ : अखिल भारतीय साहित्य परिषद लखनऊ शाखा की दक्षिण इकाई के तत्वावधान में व्यास जयंती और गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विचार और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की महामंत्री डॉ. ममता पंकज मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। दीपशिखा राय ने कहा कि गुरु न केवल ज्ञान देता है बल्कि वो छात्र को बेहतर इंसान भी बनाता है। वर्षा ने गुरु का अर्थ और गुरु की महत्ता को सिद्ध करते हुए कहा की बंद हो जाएं सब दरवाजे रास्ता दिखाते हैं गुरु। डॉ. कुमुद पांडे ने कहा की भावी पीढ़ी को शिक्षा जगत की जटिलताओं से अवगत होना चाहिए। डॉ. प्रिया सिंह के मंच संचालन में डॉ. पूनम सिंह, श्याम सिंह ने गुरु पूर्णिमा व्यास जयंती पर अपने अपने विचार व्यक्त किये और काव्य प्रस्तुतियां दीं।

वाराणसी में सम्मानित होते लखनऊ के कलाकार। अमृत विचार

चित्रकला प्रदर्शनी में लखनऊ के कलाकार भी हुए शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : वाराणसी में आयोजित पांच दिवसीय अखिल भारतीय चित्रकला शिविर में लखनऊ के दो युवा कलाकार भूपेंद्र कुमार अस्थाना और संजय राज ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छह राज्यों के प्रतिनिधि कलाकार लोक संस्कृति व समकालीन कला को प्रदर्शित करने के लिए पहुंचे। पद्मश्री डॉ. राजेश्वर आचार्य, प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विजयनाथ मिश्रा और लेखक व कवि डॉ. श्रीप्रकाश शुक्ला ने कलाकारों की कला प्रतिभा को सराहा। डॉ. राजेश आचार्य ने कहा कि तकनीक और विज्ञान कलाकार की मौलिक रचनात्मक क्षमता की बराबरी नहीं कर सकता।

मनकामेश्वर मंदिर में सावन के पहले दिन शिवलिंग की आरती करती महंत दिव्या गिरी। अमृत विचार

कोनेश्वर मंदिर में सावन के पहले दिन पूजा करने भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु। अमृत विचार

राजेन्द्र नगर के जय महाकाल मंदिर मे श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर जलाभिषेक करती महिलाएं। अमृत विचार

बुद्धेश्वर महादेव मंदिर मे सावन के प्रथम सोमवार को पूजा करने को उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

कपाट खुलते ही मंदिरों में लगे हर-हर महादेव के जयकारे

सावन के पहले सोमवार को तड़के तीन बजे से शुरु हुआ जलाभिषेक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मनकामेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर मंदिर और अन्य शिवालयों में सूरज निकलने से पहले ही भक्तों की लंबी-लंबी लाइनें लग गईं।

भव्य रूप से सजे शिवालयों में भक्तों ने दूध और जल से अभिषेक किया। बाबा को बेल पत्र और धतूरा चढ़ाया। बाबा के लिए फूल और भांग लेकर भक्त पहुंचे। निगोहां में लाखों श्रद्धालुओं ने सई नदी के तट पर स्थित पौराणिक मंदिर भवरेश्वर धाम पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। शिव भक्तों की भीड़ रविवार देर रात से ही मंदिर के आसपास जमा हो गई। मध्य रात्रि को मंदिर के कपाट खुलने के बाद हर हर महादेव के जयकारों के साथ जलाभिषेक शुरू हुआ जोकि सोमवार देर रात तक चलता रहा।

काकोरी में मोहान रोड स्थित ऐतिहासिक बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गईं थीं। बुद्धेश्वर विकास महासभा की ओर से सीता रसोई में खीर बनाकर प्रसाद वितरण किया गया। रसोई में प्रतिदिन साधु- संतों व यात्रियों को भोजन की व्यवस्था रहेगी। पार्षद धर्मेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर एवं बुद्धेश्वर विकास महासभा के संरक्षक व कार्यकर्ताओं ने भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश शुक्ला, पवन साहू , नीतू पांडेय, सोनी, पूर्व पार्षद तारा चंद्र रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष पिंटू गुप्ता मौजूद रहे।

ऐशबाग के रामलीला परिसर के मानस हाल में रूदाभिषेक करते शिव सेवा परिवार के सदस्य।

सावन के पहले सोमवार को बुद्धेश्वर मंदिर के बाहर लगी भक्तों की लगी भीड़। अमृत विचार

27 चौकियों पर सवा लाख रुद्र विराजमान

अमृत विचार, लखनऊ : ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान में 16वें रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। 27 चौकियों पर शिव परिवार के साथ सवा लाख रूद्र विराजमान किये गये। प्रत्येक चौकी पर 55 सौ रूद्र विराजमान कर भक्तों ने अराधना की।प्रमुख आचार्य शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि 27 ब्राह्मणों ने सहयोग किया। ऋषिकेश से गंगा जल के अलावा दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, गन्ने का रस, कुशोदन से अभिषेक किया गया। पूजन के बाद बाबा का श्रृंगार किया गया। दूध की धार से रुद्राष्टाध्यायी का पाठ शुरू किया गया। स्तुति, आरती, उत्तर पूजन, पुष्पांजलि और अम्रताभिषेक के बाद आचार्यों ने आशीर्वाद दिया। पूजा के प्रमुख यजमानों में हरीश चन्द्र अग्रवाल, अमरनाथ मिश्र, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अरविन्द तिवारी, उत्कर्ष त्रिपाठी, नीरज मिश्र, लोकेश अग्रवाल, अरविन्द पाठक, सुधीर गुप्ता, सूर्यप्रकाश शुक्ला, शिवम बंसल, मंयक मनोचा, विनोद अग्रवाल, वर्षा शर्मा, उज्जवल शुक्ला, अतुल त्रिपाठी, सतीश चन्द्र मिश्र, नरेश कुमार, संजय सोनकर, सत्यकाम मिश्र, अर्चना, दीपक बाजपेई, सीताराम अग्रवाल, आशारानी निगम, प्रीती निगम, देवेश अप्रित अग्रवाल रहे।

महाकाल मंदिर में हुई भस्म आरती

अमृत विचार , लखनऊ : उज्जैन के शिवालय के तरह बने राजेंद्र नगर स्थित महाकाल मंदिर में सुबह 4 बजे भस्म आरती और शाम को महाआरती हुई। श्रद्धालु पूरे सावन भर की भस्म आरती और रुद्राभिषेक पहले से ही बुक करा लेते हैं। महाकाल मंदिर समिति गरीब कन्याओं को दान भी देती है। विवाह में भी मदद करती है। स्कूल पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की भी मदद यहां से की जाती है।प्रात :काल के समय अलग-अलग दिन पर भस्म श्रृंगार, भांग श्रृंगार, मेवा श्रृंगार, हनुमत श्रृंगार, गणपति श्रृंगार, हरसिद्धी श्रृंगार, गणकालिका श्रृंगार होता हैं।

1960 में हुई थी स्थापना

मंदिर की स्थापना 1960 में हरिनाम ने की थी। इसके बाद वर्ष 2000, 2007 और 2015 में मंदिर का कायाकल्प किया गया। मंदिर के कार्यवाहक अतुल मिश्रा ने बताया कि भारत वर्ष में उज्जैन के बाद इस मंदिर में पूरे वर्ष भस्म आरती होती है। मंदिर में दूर-दूर से भक्त जुड़े हैं। जिन लोगों की मान्यताएं पूरी हो जाती हैं। वह निरतंर मंदिर की सेवा करते हैं। कई शहरों से भक्त महामृत्युजंय का अनुष्ठान कराने के लिए महाकाल मंदिर आते हैं।

प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी प्रमाणपत्र के साथ। अमृत विचार

पोस्टर -चित्रकला प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी के विजेता सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय की ओर से 16 जुलाई को शुरू हुआ भूजल सप्ताह सोमवार को पोस्टर प्रतियोगिता के साथ समाप्त हो गया। पुरातत्व विभाग ने छतर मंजिल में सुबह 10.30 बजे भूजल संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की।

राज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक डॉ. रेनू द्विवेदी ने बताया कि 16 से 22 तक आयोजित भूजल सप्ताह में सात विद्यालयों और दो संस्थानों के 1000 विद्यार्थियों ने चित्रकला, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी, व्याख्यान, स्मारक भ्रमण और पौधारोपण में भाग लिया। विशेष सचिव संस्कृति रवीन्द्र कुमार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यक्रम का संक्षित परिचय एवं धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार त्रिवेदी ने किया। डॉ. कृष्ण मोहन दुबे के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में जनता इन्टर कॉलेज, सिद्धनाथ इंटर कॉलेज, सुभाषचंद्र बोस पब्लिक स्कूल, पूर्व माध्यमिक विद्यालय-हुलासखेड़ा, मोहनलालगंज, सिमरन सेवा संस्थान तथा शिव देवी एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के विद्यार्थी और शिक्षक मौजूद रहे।

ऐसा देश है मेरा कार्यक्रम 4 अगस्त को

अमृत विचार , लखनऊ : इमपल्स सिने एंटरटेनमेंटस के सहयोग से जेपीएस स्टार 11 के तत्वावधान में आगामी 4 अगस्त को उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के प्रेक्षागृह में देशभक्ति कार्यक्रम ऐसा देश है मेरा का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को एसएस पब्लिक स्कूल सुषमा नगर बहादुरपुर कुर्सी रोड में इस कार्यक्रम का पोस्टर लांच किया गया। संयोजक अरविन्द सक्सेना ने बताया कि इसमें देशभक्ति गीत, देश भक्ति नृत्य, नाटक, काव्य पाठ और चित्रकला प्रतियोगिता होगी। इस अवसर पर वेद प्रकाश शुक्ला, राकेश कुमार, विनय कुमार, अखिलेश कुमार, अर्चना, दिव्या व महक मौजूद थे।

नाटक खुदा खैर करे का मंचन 7 अगस्त को

अमृत विचार , लखनऊ : उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सहयोग से नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्ट्स संगीत नाटक अकादमी की रसमंच योजना के तहत आगामी 7 अगस्त को हास्य नाटक खुदा खैर करे का संगीत नाटक अकादमी में मंचन करेगी। निर्देशन प्रभात कुमार बोस करेंगे। मुख्य अतिथि के तौर पर जस्टिस मनीष कुमार और किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के आर्थोपैडिक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार रहेंगे। 8 अगस्त को मणिमधुकर की नाट्य रचना दुलारी बाई का मंचन किया जाएगा। इसका निर्देशन अचला नागर करेंगी।

मरीजों को निजी केंद्रों से करवाना पड़ रहा अल्ट्रासाउंड

संवाददाता लखनऊ/मलिहाबाद

अमृत विचार : मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने के कारण अल्ट्रासाउंड मशीन शो-पीश बनकर रह गई है। वहीं, संबद्ध किए गए निजी केंद्र में भी अल्ट्रासाउंड न होने से गर्भवतियां निजी केंद्रों से अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर हैं। इसके अलावा डॉक्टर भी धड़ल्ले से बाहर की दवाइयां लिख रहे हैं।

मलिहाबाद सीएचसी में रोजाना करीब 200-300 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं। इनमें गर्भवतियों की संख्या अधिक होती है। डॉक्टर अल्ट्रासाउंड के लिए परामर्श देते हैं। लेकिन केंद्र पर रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने के कारण अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा। संबद्ध निजी केंद्र पर भी महीने में महज चार दिन ही अल्ट्रासाउंड होता है। लिहाजा गर्भवतियां निजी केंद्र से अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर हो रहीं हैं। निजी केंद्रों के बिचौलिए हर समय केंद्र में घूमा करते हैं। सोमवार को माधवपुर निवासी अजय कुमार पत्नी नीलू को लेकर सीएचसी आया था। डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। पत्नी को दिक्कत होने पर उसे निजी केंद्र से अल्ट्रासाउंड कराना पड़ा। इसी तरह एक्स-रे भी नहीं हो पा रहे। केंद्र में साफ सफाई की व्यवस्था भी चौपट है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अपूर्व भटनागर ने बताया अस्पताल में दवाओं की कमी नहीं है। अगर बाहर की दवाएं लिखी जा रही है तो गलत है। इसकी जांच कराकर डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यहां तैनात रेडियोलॉजिस्ट का ट्रासंफर होने से अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे। सीएमओ कार्यालय की ओर से हाई टेक पैथॉलॉजी को संबद्ध किया गया है। जहां महीने के चार दिवस 1,9,14,21 तारीख को प्रसूताओं का रेजिस्ट्रेशन कराकर अल्ट्रासाउंड कराया जाता है।

अल्ट्रासाउंड कक्ष में लगा ताला। अमृत विचार

पर्चे के साथ बाहर की लिखी गई दवा की पर्ची।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266
आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय-
सुबह 10:00 से 02:00 तक
मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय-
सांय 06:00 से 09:00 तक
रविवार सांय अवकाश

एक नजर

ट्रेन के सामने कूद युवक ने की खुदकुशी

अमृत विचार, लखनऊ : आलमनगर रेलवे पुल के पास सोमवार को अवसाद में गौरव मौर्या (18) ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। जीआरपी दारोगा वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि गौरव आलमनगर का रहने वाले थे। पिता संतोष ने बताया कि नौकरी में पैसा न बढ़ने से कुछ समय से अवसाद में चल रहा था।

दहेज हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : महिंगवा पुलिस ने सोमवार को दहेज हत्या के दो आरोपित को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर महिंगवा शिवमंगल सिंह ने बताया कि कुर्सी निवासी पति प्रेम कुमार और ससुर कामता प्रसाद को पकड़ा गया है। विवाहिता गायत्री के पिता किशोरी लाल ने दोनों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

अमृत विचार, लखनऊ : जुग्गौर दुघरा में सोमवार को विवाहिता पूजा यादव (30) का शव फंदे से लटका मिला। एसीपी अनिद्यविक्रम सिंह ने बताया कि चार वर्ष पहले अनिल यादव से विवाह हुआ था। बच्चा न होने से अवसाद में थी। सोमवार को घर में अकेली थी। तभी फंदा लगा लिया। परिवारीजन की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

मंदिर में दर्शन करने आए युवक की बाइक चोरी

अमृत विचार, काकोरी : पारा क्षेत्र में सोमवार को बुद्धेश्वर महादेव मंदिर पर दर्शन करने आए राजेंद्र कुमार निवासी सैंथा बरावन कला की बाइक चोरी हो गई। जिसके बाद पीड़ित ने पारा कोतवाली पर बाइक चोरी का प्रार्थना पत्र दिया है।

हादसे में घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज में बैटरी ई-रिक्शा की टक्कर से घायल मुसाहिबगंज बर्फखाने निवासी कृष्णावती (63) की सोमवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह 16 जुलाई को हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, दुबग्गा में 2 जुलाई को बाराबंकी के हैदरगढ़ निवासी रवि कुमार शर्मा (32) हादसे में घायल हो गया था। हादसे के वक्त वह अपनी बहन से मिलने दुबग्गा स्थित पावर हाउस जा रहा था। पैदल सड़क पार करते समय वाहन ने टक्कर मार दी। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां रविवार देर रात को उसकी मौत हो गई।

दो युवक गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : महिंगवा पुलिस ने सोमवार को आयुष (10) को टक्कर मारने वाले बाइक सवार दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी खानपुर निवासी शिवम और संजय कुमार हैं।

सई नदी में दोस्तों के साथ नहाने गया युवक डूबा, तलाश जारी

संवाददाता, निगोहां

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में पांच दोस्तों के साथ सई नदी में नहाने गया युवक डूब गया। दोस्तों ने युवक को डूबता देख शोर मचाया तो पुलिस व गोताखोरों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन पानी के तेज प्रवाह के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। सूचना पर एक घंटे बाद पहुंची एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश कर रही है।

बछरावां थाना प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि सई नदी में नहाते समय लापता हुआ युवक अमित कुमार गौतम (32) निवासी छोटा बरहा, आलमबाग का रहने वाला है। सावन के पहले सोमवार को वह अपने पांच दोस्तों के साथ भवरेश्वर धाम मंदिर में दर्शन करने पहुंचा था। सुबह 11 बजे मंदिर में जलाभिषेक करने से पहले सभी दोस्त सई नदी में स्नान करने लगे। इसी दौरान खेल-खेल में अमित कुमार नदी की तेज धारा में चला गया और डूबने लगा।

अन्य दोस्तों ने अमित को डूबता देख शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद वहां उपस्थित जल पुलिस और गोताखोरों ने अमित की तलाश शुरू कर दी। लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चल सका। सूचना पर करीब एक घंटे बाद पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने अमित को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन वह भी विफल रही। देर रात तक अमित की तलाश में रेस्क्यू अभियान जारी है।

बता दें कि श्रद्धालु सई नदी में स्नान करने के बाद यहीं से जल भरकर भरेश्वर महादेव पर जलाभिषेक करते हैं। यहां पुलिस को सचेत रहने की जरूरत होती है लेकिन पुलिस अक्सर नदारद रहती है।

सई नदी में युवक की तलाश करते गोताखोर। अमृत विचार

जलकुंभी साफ करते समय तालाब में डूबा युवक

अमृत विचार, काकोरी : पारा क्षेत्र में एक युवक तालाब में जलकुंभी की सफाई करवाने के लिए अपने दोस्तों के साथ उतरा था। लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने करीब पांच घंटे तक युवक की तलाश की लेकिन उसको रेस्क्यू नहीं किया जा सका। वहीं शाम होने की वजह से टीम वापस लौट आई। पारा कोतवाली क्षेत्र के भरोसा गांव के अंदर बने तालाब में मौंदा गांव निवासी अनिल शाहू (25), राम बाबू, सूरज और दरोगा निवासी शिवरी तालाब में पैदा हुई जलकुंभी की सफाई करने के लिए गए थे। सफाई के बाद अनिल तालाब में नहाने के लिए उतर गया लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी वापस नहीं आया। इस संबध में मोहान रोड चौकी इंचार्ज सतीश मिश्रा ने बताया कि जिस तालाब में युवक डूबा है वह भरोसा गांव के रहने वाले मिठाई लाल के नाम पट्टा है। युवक को तालाब में काफी ढूंढा गया लेकिन कही पता नहीं चल सका। कल दोबारा टीम को बुलाकर युवक को ढूंढा जाएगा।



तालाब में युवक की तलाश करती एसडीआरएफ की टीम।

पति की पिटाई से महिला का हुआ गर्भपात, रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर के एलडीए कॉलोनी निवासी विवाहिता ने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि शराब के नशे में धुत पति की पिटाई से उसका गर्भपात हो गया। वह लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। आरोपी शिक्षा विभाग में तैनात है। हुसैनगंज के जयनारायण लेन की निधी शर्मा की शादी 18 फरवरी 2023 को एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड निवासी वीरेंद्र शर्मा से हुई थी। निधी ने बताया कि पति शराब पीने का आदी हैं। आए दिन मारपीट करता हैं। 15 जुलाई को पति, सास, ननद और दो अन्य अपरिचित लोगों ने उसके साथ मारपीट की है, जिसके कारण उसका गर्भपात हो गया। पुलिस ने उसे लोकबंधु सरकारी अस्पताल में परीक्षण कराया।

कलम न होने पर प्रिंसिपल ने छात्र को पीटा, एफआईआर

मलिहाबाद के क्लासिक मांटेसरी स्कूल, चौधराना का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मलिहाबाद कस्बा के चौधराना स्थित क्लासिक मांटेसरी स्कूल के प्रिंसिपल पर 7वीं के छात्र की बेरहमी से पिटाई का आरोप लगा है। छात्र के पिता का आरोप है कि उसकी शिकायत पर स्कूल प्रबंधन ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। छात्र की गलती सिर्फ इतनी थी कि कक्षा में उसके पास कलम नहीं था। पीड़ित की तहरीर पर मलिहाबाद थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

मलिहाबाद कस्बा स्थित क्लासिक मांटेसरी स्कूल में सफात अहमद का बेटा अदनान अहमद 7वीं का छात्र है। वह रोज की तरह 16 जुलाई को स्कूल गया था। कक्षा शुरू हुई तो उसने बैग में कलम तलाश करना शुरू किया लेकिन नहीं मिला। उसे लगा रास्ते में गिर गया। इस बात पर नाराज स्कूल के प्रिंसिपल मो. फैसल खां ने अदनान के बाल पकड़कर घसीटना शुरू कर दिया। उसके दर्द में चीखने पर जमीन पर गिराकर पिटाई की। आरोप है कि प्रिंसिपल ने जूते की नोंक से उस पर कई वार किए। इसके बाद कक्षा में बच्चों के सामने काफी अपमानित करते हुए बाहर खड़ा कर दिया। उसका हाथ मरोड़ने लगे तो अदनान चीखते हुए बोला कि उसका हाथ टूट जाएगा। इस पर प्रिंसिपल ने कहा कि हाथ तोड़ने के लिए हम आए हैं।

सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई करतूत : प्रिंसिपल की बर्बरता स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड है। शिक्षक की पिटाई से डरे छात्र ने परिजन को जानकारी नहीं दी। रात में उसे पेट व शरीर के अन्य हिस्सों में दर्द हुआ। रोने की आवाज सुनकर परिजन ने पूछताछ की। इसके बाद उसने पूरे घटना की जानकारी दी। पिता सफात अहमद ने स्कूल प्रबंधन से इसकी शिकायत की। आरोप है कि प्रबंधन ने कार्रवाई तो दूर की बात प्रिंसिपल से पूछताछ करने की भी जरूरत नहीं महसूस की। इसके बाद सफात ने मलिहाबाद थाने में तहरीर दी।

प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि छात्र को पीटने के मामले में मलिहाबाद के मिर्जागंज निवासी प्रिंसिपल फैसल खां के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। स्कूल प्रबंधन से सीसीटीवी फुटेज मांगा गया है।

पीड़ित अदनान अहमद

- प्रिंसिपल ने जूते से भी की छात्र की पिटाई
- स्कूल प्रबंधन से पुलिस ने मांगा सीसीटीवी फुटेज

एफआईआर होने पर पीड़ित सहित उसके भाई बहन को भी निकाला

पीड़ित सफात अहमद ने बताया कि सोमवार को मलिहाबाद पुलिस ने प्रिंसिपल फैसल खां पर एफआईआर दर्ज किया। इसकी जानकारी होने के बाद दोपहर 12.30 बजे के करीब प्रिंसिपल ने क्लासिक मांटेसरी स्कूल में पढ़ने वाले उनके परिवार के चार बच्चों को निकाल दिया। सफात ने बताया कि उनके बेटे अदनान अहमद, भतीजी अनूशा आफरीन, अलायका अंसारी और तलहा अंसारी को स्कूल से निकाला गया है।

समाधान दिवस पर की गैस रिफिलिंग की शिकायत

स्कूल के प्रिंसिपल और प्रबंधक फैसल खां ने एफआईआर दर्ज होने के बाद बच्चों को स्कूल से निकालने के साथ ही सफात के खिलाफ संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत की है। इसमें उन्होंने सफात, उनके भाई रफात और इफ्तिखार अहमद के खिलाफ गैस रिफिलिंग करने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा कि अवैध गैस रिफिलिंग के कारण घनी आबादी में रहने वाले लोगों के जान को खतरा है। उन्होंने काकोरी के एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि छह माह पहले हुए हादसे में 10-12 लोगों की जान गई थी। इसे गंभीरता से लेते हुए तीनों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए।

नशे में दबंगों ने युवक को पीटा, पुलिस से भी की हाथापाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- अवैध वसूली का आरोप डीसीपी ने किया इनकार
- आशियाना के जोनल पार्क की घटना, चार गिरफ्तार

अमृत विचार : आशियाना के जोनल पार्क के सामने रविवार देर रात नशे में धुत दबंगों ने चाय पी रहे युवक को सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराने का प्रयास किया तो उनसे भी हाथापाई की। इस दौरान एक पुलिसकर्मी सड़क पर गिरकर चोटिल हो गया। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर चार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है।

क्षेत्र के सेक्टर-एच निवासी वैभव विश्वकर्मा ने बताया कि रोजाना की तरह जोनल पार्क के सामने मित्र नीरज श्रीवास्वत की दुकान पर चाय पीने गया था। तभी प्रगेश पांडेय और उसके 6-7 साथी आ गये। उससे गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो उस पर हमला कर दिए। स्थानीय लोगों के विरोध करने पर भड़के दबंगों ने उसे सड़क पर दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो उनसे भी हाथापाई करने लगे। इसमें एक पुलिस कर्मी जमीन गिरकर चोटिल हो गया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि वसूली के चलते आए दिन यहां मारपीट और विवाद होता है। इस मामले में डीसीपी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस बल कम पड़ जाने के कारण और पुलिसकर्मियों को भेजा गया था। इसके बाद चार युवकों को पकड़ा गया है। अन्य की तलाश जारी है। वहीं वसूली जैसी कोई बात नहीं है। दारू पीकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। वहीं इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि मौके से प्रगेश पांडेय, शिखर गुप्ता, अभिमन्यु गिरी और अमर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

अमृत विचार, सरोजनीनगर : कानपुर के चकेरी स्थित एचएएल कॉलोनी, रामादेवी निवासी अक्षय गौतम ने सरोजनीनगर के बेहसा, ट्रांसपोर्ट नगर निवासी मकान मालिक के भतीजे अंकुर और उसके करीब दर्जन साथियों पर शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अक्षय गौतम का कहना है कि वह पिछले चार माह से बेहसा में किराए के मकान में रहता है। शनिवार को साक्षात्कार देने के लिए उसके दो मित्र रोहन और अनंग आए थे। सभी लोग रात करीब 11 बजे छत के ऊपर खाना खाने के लिए गए और वहीं आपस में बातचीत कर रहे थे। आरोप है कि तभी मकान मालिक का भतीजा अंकुर शराब के नशे में पहुंचा गाली-गलौज करने लगा। उसने धमकी दी कि मकान खाली करके भाग जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। विरोध पर फोन करके 8 - 10 अन्य लोगों को बुलाया और मारपीट शुरू कर दी, इस दौरान सिर पर ईंट से वार करने से अक्षय को गंभीर चोट आ गई। फिलहाल पुलिस तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

गोकशी कर रहे युवकों को ग्रामीणों ने दौड़ाया

संवाददाता, काकोरी

- दुबग्गा के इटौली गांव की घटना, तीनों की तलाश शुरू

अमृत विचार : दुबग्गा के इटौली गांव में सोमवार सुबह तड़के तीन युवक गोवंश (बछड़े) को काटकर बोरी में भर रहे थे। पड़ोसी ने आहट सुनी तो शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीण जुट गए। ग्रामीणों को देखकर तीनों आरोपी भागने लगे।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए। सूचना पर दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची। वहां से युवकों के चप्पल और तलवार बरामद किया है। बछड़े का अवशेष कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं, पुलिस टीम तीनों संदिग्ध युवकों की तलाश कर रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि तीन युवक सड़क पर बैठे बछड़े को तलवार से काटकर उसका मांस बोरी में भर रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले गया प्रसाद के घर पर किराए पर रहने वाला युवक बाहर निकला। एक युवक को खड़ा हुआ देख उससे पूंछा क्या कर रहे हो। इतने में तीनों भागने लगे। किराएदार पास में जाकर देखा तो एक बछड़ा कटा हुआ पड़ा था । इंस्पेक्टर अभिनव कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

सार-संक्षेप

दुष्कर्म के आरोप में ठेकेदार गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर इलाके में रहने वाली युवती ने ठेकेदार मो. अजीम इदरीशी पर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी बाजारखाला के बुलाकी अड्डे का रहने वाला है। पीड़िता का आरोप था कि पहले उससे दोस्ती कर प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद शादी का झांसा देकर आइसक्रीम में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। बेसुध होने के बाद उसने दोस्त मड़ियांव निवासी निहाल उर्फ सैय्यद अब्दुल और अलीम जाफरी के साथ मिलकर दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील वीडियो बनाई। उसे वायरल करने की धमकी दी। इसके बदले में तीन लाख रुपये वसूले। युवती ने शादी का दबाव बनाया तो उस पर धर्म परिवर्तन करने को कहा। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की। निहाल को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, अजीम इदरीशी काफी दिनों से इधर-उधर भाग रहा था। पुलिस ने उसे सोमवार को बाजारखाला इलाके के रोली आइस्क्रीम के पास से गिरफ्तार किया गया।

महिला हिंसा की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ विधानसभा की ओर जा रहे अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

महिला हिंसा की घटनाओं पर ऐपवा ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : तेजी से बढ़ती महिला हिंसा की घटनाओं पर ऐपवा ने सोमवार को परिवर्तन चौक पर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) की प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा अधिकारी ने कहा की मुख्यमंत्री सिर्फ भाषणों में ही प्रदेश की जनता को सुरक्षा देने की बात कर रहे है जबकि हकीकत में योगी सरकार से यूपी की महिलाएं त्रस्त हो चुकी है। महिला अपराध के मामले में यूपी शर्मनाक ढंग से अपने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है। उन्होंने कहा की हाल में रायबरेली, सीतापुर, मऊ, वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर आदि जिलों में घटित महिला हिंसा की विभत्स घटनाओं में पीड़ित परिवारों को आज तक न्याय नहीं मिला और न ही अपराधियों की गिरफ्तारी हुई हैं। भाकपा (माले) जिला प्रभारी रमेश सेंगर ने कहा कि प्रदेश में सरकारी बुलडोजर गरीबों, महिलाओ और अल्पसंख्यकों के ऊपर चल रहा है। हत्यारे बलात्कारी सत्ता और पुलिस संरक्षण में मौज कर रहे हैं। प्रदर्शन में विभिन्न जिलों के पीड़ित परिवारों के लोग भी शामिल थे।

दुकान संचालिका को झांसे में लेकर 59 हजार की ठगी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : क्षेत्र में बीते दिनों एक जालसाज ने आयुर्वेदिक दवा की दुकान संचालिका प्रतिभा सिंह निवासी ग्राम पिपरसंड को झांसे में लेकर 59,090 रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। प्रतिभा का कहना है की बीती 3 फरवरी को उसके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने उससे कहा कि मैंने गलती से आपको अधिक पैसे भेज दिए हैं। इसलिए हमारे पैसे वापस कर दीजिए। प्रतिभा का कहना है कि उसने बिना जांच किए ही जल्दबाजी में उक्त मोबाइल पर दो बार में अपने अकाउंट से 59090 रुपये भेज दिए। बाद में मैसेज आने पर उसे ठगी का एहसास हुआ। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर जालसाज का पता लगा रही है।

अज्ञात वृद्ध का मिला शव

अमृत विचार, माल : थाना माल की सरहद पर स्थित मवई गांव के निकट बबूल के पेड़ों के पास सोमवार को एक बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष मोहम्मद रोशन ने बताया कि शव कई दिनों का प्रतीत हो रहा है। जहां शव मिला है, वहां से हरदोई की सीमा शुरू होती है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने हुलिया सहित फोटो आस पास के थानों में भेजा है।

दवा लेने गई युवती लापता, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, तालकटोरा : क्षेत्र अंतर्गत रविवार को एक युवती लापता हो गई। पीड़ित पिता ने तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पाल तिराहा निवासी राजेंद्र पाल ने बताया कि बेटी रूबी (28) की मानसिक स्थिती ठीक नहीं है। वह सुबह 11 बजे दवाई लेने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापिस नहीं आई। थाना प्रभारी कुलदीप दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस युवती की खोजबीद कर रही है।

10वीं की छात्रा लापता, मां ने एक युवक पर लगाया आरोप

अमृत विचार, आलमबाग : आलमबाग क्षेत्र में स्कूल जाने के लिए घर से निकली 10वीं की छात्रा लापता हो गई। पीड़ित मां ने हैदरगढ़ बाराबंकी निवासी प्रेम के खिलाफ बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए आलमबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस छात्रा की तलाश में जुटी गई है। आलमबाग थाना क्षेत्र के छोटा बरहा निवासी पीड़िता ने बताया कि बेटी शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी लेकिन घर नहीं लौटी।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मदेयगंज के खदरा निवासी आफरीन (36) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आफरीन के भाई ने बहनोई और ससुराल पक्ष पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

मदेहगंज खदरा निवासी आफरीन की शादी 4 वर्ष पहले चौक के पुरानी सब्जी मंडी निवासी जान अहमद उर्फ मुख्तार के साथ हुई थी। आफरीन के भाई सुहेल ने बताया कि शादी के बाद से ही उसकी बहन से उसके ससुराल वाले आल्टो कार एवं पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रविवार दोपहर उसका पति जान अहमद बहन को मायके लेकर आया। घर पहुंचाने के बाद वह तत्काल वापस चला गया। कुछ देर बाद ही आफरीन की हालत बिगड़ने लगी। डॉक्टर को बुलाया तो उन्होंने जांच कर आफरीन को मृत घोषित कर दिया। सुहैल ने बताया कि उसकी बहन का पूरा शरीर नीला पड़ गया था। आशंका है कि आफरीन को ससुराल वालों ने जहरीला पदार्थ खिला दिया था। प्रभारी निरीक्षक मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दोस्त के घर में मिला राजमिस्त्री का शव

अमृत विचार, मलिहाबाद : दोस्त के घर में राजमिस्त्री का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ढेढेमऊ निवासी भजनलाल (40) राजमिस्त्री का काम करता है। रविवार देर शाम भजनलाल अपने दोस्त शत्रोहन निवासी ग्राम बडखेरवा, रहीमाबाद के साथ उसके घर गया था। सोमवार को उसी के घर में बनीं कोठरी में भजनलाल का शव पड़ा मिला। जिसकी सूचना शत्रोहन ने पुलिस को दी। मृतक शराब का आदी था। मृतक के परिवार में पत्नी कुसुमा, पुत्र शिवा (16), बाला (14) व संदीप (10) है।

दोस्तों के साथ जम्मू गई थी लापता छात्रा

संवाददाता, निगोहां

अमृत विचार : परिजन और पुलिस को गुमराह कर आईटीआई छात्रा खुद ही दोस्तों के साथ जम्मू गई थी। उसने परिजन को झूठी अपहरण की कहानी बताई। इसके बाद परिजनों ने निगोहां थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने चार दिन बाद छात्रा को सकुशल ढूंढ लिया। उसके साथ तीन युवक और दो युवती भी मिले। पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह अपनी मर्जी से गई थी।

निगोहां में एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें छात्रा ने अपने जीजा को फोन करके रोते बिलखते हुए यह बताया था कि मुझे 4-5 लोगों व महिलाओं के द्वारा बंधक बनाकर रखा गया है। वह छिपकर फोन कर रही है। 'मुझे बचा लो नहीं तो ये लोग मुझे मार डालेंगे', पुलिस ने आडियो का संज्ञान लिया। टीम का गठन कर अपहृता की बरामदगी के लिए लोकेशन के आधार पर जम्मू निकली। उक्त छात्रा की गुमशुदगी पुलिस ने 18 जुलाई को दर्ज की थी और 20 जुलाई को छात्रा के पिता ने दोबारा गांव के ही एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, सोमवार को निगोहां पुलिस ने छात्रा को लखनऊ स्थित चारबाग रेलवे स्टेशन के पास से बरामद करने का दावा किया है। हालांकि सूत्रों बताते हैं कि छात्रा को पुलिस टीम जम्मू से लेकर लखनऊ आई है।

एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि, जब ऑडियो के संबंध में छात्रा से पूछा गया तो उसने बताया कि वह अपनी मर्जी से घर से गई थी और घरवालों को गुमराह करने के लिए फोन पर ऐसा कहा।

जम्मू में लिया था नया सिम

पुलिस के मुताबिक छात्रा के साथ रहने वाले युवक ने जम्मू में एक नया सिम खरीदा था। उसके सिम की लोकेशन मिलने पर पुलिस जांच के लिए जम्मू पहुंची। वहां छात्रा के अलावा दो अन्य युवतियां और तीन युवक मिलें। सभी को पुलिस साथ लेकर लखनऊ पहुंची। उनसे पूछताछ की जा रही है।

हादसा दमकल के चार वाहनों ने एक घंटे में पाया आग पर काबू

शॉर्ट सर्किट से जिम में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विकासनगर इलाके के टेढ़ी पुलिया चौराहे के पास ओलिंपिया जिम में सोमवार सुबह 10:30 बजे आग लग गई। जिम के अंदर से आग की लपटें निकलती देख पड़ोसियों ने फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर हजरतगंज, इंदिरानगर और बीकेटी फायर स्टेशन से दमकल की चार गाड़ियों को भेजा गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। एफएसओ इंदिरानगर ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

जिम मालिक राजकुमार ने बताया कि आग लगने से पहले जिम बंद हो चुका था। एफएसओ ने बताया कि जिम में आग से बचाव के उचित उपकरण नहीं थे। अगर लोगों के रहते आग लगती तो बड़ा हादसा हो सकता था। मालिक से दस्तावेज मांगे गए हैं। उपलब्ध न कराने पर कार्रवाई की जाएगी।

जिम में लगी आग को बुझाते लोग।

लक्ष्मणपुरी में दो झोपड़ी जलकर राख

गाजीपुर थानाक्षेत्र के लक्ष्मणपुरी कॉलोनी में खाली प्लॉट में तीन झोपड़ी बनाकर लोग रह रहे थे। सोमवार सुबह करीब 9.45 बजे फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई कि झोपड़ी में आग लग गई है। तत्काल इंदिरानगर फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। एफएसओ इंदिरानगर के मुताबिक, जिन दो झोपड़ियों में आग लगी थी, वह प्रहलाद की थी। अंदर रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। प्रहलाद मूलरूप से बिहार के अवराही गांव का रहने वाला है। प्लॉट पार्षद बालेश्वर यादव का है।

खरीदारी करने गई महिला से चेन लूट

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर के खरगापुर में रविवार देर शाम को पानी के बताशा खरीदने गई गीता गुप्ता की बाइक सवार बदमाशों ने चेन लूट ली। पीड़िता की तहरीर पर गोमतीनगर पुलिस ने एफआईआर दज कर ली है। विरामखंड निवासी गीता गुप्ता रविवार रात को खरगापुर में सब्जी खरीदने गई थी। सब्जी खरीदने के बाद वह पास में ही स्थित पानी के बताशे खरीदने लगी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने धक्का देकर चेन लूट ली और सब्जी मंडी की तरफ भाग निकले। कार्यवाहक इंस्पेक्टर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

बेकाबू कार ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पति की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्नी व दो बच्चे घायल आरोपी चालक गिरफ्तार

अमृत विचार : अलीगंज के पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार देर रात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में सैफुल्ला (40) और उसकी पत्नी व दो बच्चे घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सैफुल्ला को मृत घोषित कर दिया। वहीं पत्नी व दोनों बच्चों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

अलीगंज के अतिरिक्त निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि सैफुल्ला सआदतगंज के वजीरबाग के रहने वाले थे। दवा कंपनी में एमआर थे। भाई मारूख ने बताया कि रविवार को सैफुल्ला पत्नी हुमैरा खातून और दोनों बच्चों के साथ बाइक से जगरानी अस्पताल के पास रहने वाले रिश्तेदार से मिलने गया था। वहां से देर रात घर वापस आ रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि भाई मारूख की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार चालक प्रदुमन तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। चालक का अल्कोहल टेस्ट कराया गया, लेकिन जांच में अल्कोहल नहीं पाई गई है।

एक नजर

शिक्षा मित्र 25 को मनाएंगे काला दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में शिक्षामित्र 25 जुलाई को काला दिवस के रूप में मनाएंगे। इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में अब तक 12 हजार शिक्षा मित्र आत्महत्या कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम 25 को मृतक शिक्षा मित्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कौशल ने बताया कि इसी 25 जुलाई 2017 में शिक्षामित्र का समायोजन सुप्रीम कोर्ट द्वारा निरस्त किया था तब से प्रदेश के शिक्षामित्र आर्थिक स्थिति से परेशान हैं।

जाट रेजिमेंट में खेल कोटे की भर्ती बरेली में 29 से

अमृत विचार, लखनऊ : जाट रेजिमेंट में खेल कोटे की भर्ती 29 जुलाई से बरेली में होगी। 31 जुलाई तक होने वाली भर्ती में कुश्ती के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। अभ्यर्थी की आयु सीमा 8 से 14 वर्ष और शैक्षिक योग्यता 5वीं पास तय की गई है। वजन (29 से 47 किलो) और ऊंचाई (134 से 160 सेमी) होनी चाहिए। अभ्यर्थी को 29 को सुबह 7 बजे तक अपने अभिभावक के साथ प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना होगा। चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को मुफ्त भोजन, आवास, 10वीं तक पढ़ाई, बीमा, चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। उसके बाद योग्य अभ्यर्थी को सेना में भर्ती का मौका दिया जाएगा।

केविएएफएस बरेली की लड़कियां हॉकी में चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्रीय विद्यालय (केवि) एएफएस बरेली की बालिका टीम ने हॉकी के फाइनल में जीत दर्ज की। केंद्रीय विद्यालय गोमती नगर में चल रही 53वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सोमवार को फाइनल मैच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। यह मैच केवी एएफएस बरेली और केवि- 1 शाहजहांपुर कैंट प्रथम पाली के बीच खेला गया, जिसमें एएफएस बरेली ने 3-2 से मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। कबड्डी के फाइनल मुकाबले आज खेले जायेंगे।

पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा की

अमृत विचार, लखनऊ : नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अजय यादव एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के निदेशक हीरेन वोरा ने सोमवार को वाराणसी में स्थापित किए जा रहे सौर संयंत्रों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। इसके संयुक्त सचिव एवं एमडी पूर्वांचल विद्युत् वितरण निगम की अध्यक्षता में अधिशाषी अधिकारी आरईसी, पूर्वांचल विद्युत विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों एवं यूपीनेडा के वेंडरों के साथ बैठक कर पीएम सूर्य घर कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की।

नोडल शिक्षक चिन्हित करेंगे कक्षा 1 से 8 तक के कमजोर छात्र

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित कक्षा 1 से 8 तक सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए विभाग ने पहल की है। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल शिक्षक नामित किया जायेगा।

नोडल शिक्षक की जिम्मेदारी होगी कि वह कमजोर बच्चों को चिन्हित करें और बच्चे की उपस्थिति पर भी ध्यान दें। इसके साथ ही शैक्षिक सत्र 2024-25 में परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 एवं कक्षा 6 में जिन विद्यालयों में शून्य नामांकन प्रदर्शित हो रहा है तत्काल उन कक्षा में नामांकन कराते हुये प्रेरणा पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश दिये गये हैं।

नोडल शिक्षकों को आवंटित किये गये बच्चों की उपस्थिति की जिम्मेदारी संबंधित नोडल शिक्षक की होगी। संबंधित शिक्षिका द्वारा ऐसे छात्र-छात्राओं का चिन्हांकन करते हुए पढ़ाई व लिखाई में कमजोर हैं उनका अलग से क्षमता संवर्द्धन किया जायेगा। इसके साथ ही उन्हें निपुण छात्र-छात्रा बनाने के लिए कार्य किया जायेगा।

नामांकन बढ़ाने के लिए होगा हाउस होल्ड सर्वे

विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं के नामांकन बढ़ाने के लिए हाउस होल्ड सर्वे शुरू किए जाने की जिम्मेदारी शिक्षकों की तय की गई है। इसमें अभिभावकों को भी शिक्षा का महत्व बताते हुए बच्चे को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जायेगा। इसके साथ ही अभिभवकों को विभागीय योजनाओं एवं उससे मिलने वाले लाभ को भी बताने के निर्देश जारी किए गये हैं।

विद्यालय न आने वाले विद्यार्थियों का बनेगा रजिस्टर

नोडल शिक्षकों की ओर से विद्यालयों में अनुपस्थित छात्र-छात्रा के लिए एक रजिस्टर भी बनाया जायेगा इसमें उन बच्चों को हर दिन नाम अंकित किया जायेगा। साथ ही संबंधित शिक्षिका की ओर से कब-कब अनुपस्थित छात्र-छात्रा के अभिभावकों से संपर्क किया गया। उसका ब्योरा भी दर्ज करना होगा। इसमें बच्चे, अभिभावक का नाम, उससे संपर्क की तिथि, मोबाइल नंबर तक रिकार्ड में रखना होगा।

हेडमॉस्टर सहित सभी शिक्षकों की जिम्मेदारी

विद्यालय से जुड़े सभी कार्यों की जिम्मेदारी अब हेडमॉस्टर के साथ-साथ सभी सहायक अध्यापकों की भी होगी। किसी भी कार्य में यदि लापरवाही होती है इसके लिए पूरे स्टाफ को जिम्मेदार माना जायेगा। बीएसए ने कहा कि कई प्रधानाध्यापकों से जानकारी मिली कि सहायक उनका सहयोग नहीं कर रहे हैं इसका संज्ञान लेते हुए अब जिम्मेदारी तय कर दी गई है। अभी तक विद्यालय से जुड़े सभी कार्य का ठीकरा प्रधानाध्यापक पर ही फोड़ दिया जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। बता दें कि इससे पहले भी शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि जो सहायक अध्यापक लापरवाही करेंगे, उनको प्रधानाध्यापक नोटिस दे सकेंगे।

सभी ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि विद्यालयों में सुधार व बच्चों का नामांकन बढ़ाने सहित जारी किए गये सभी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करायें। जिन विद्यालयों में ढिलाई बरती जा रही है उनकी सूची भी बीईओ से मांगी गई है।

-राम प्रवेश बेसिक शिक्षा अधिकारी

शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत मॉडल का प्रदर्शन करते बच्चे। अमृत विचार

सरकारी स्कूलों में शुरू हुआ शिक्षा सप्ताह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राजधानी सहित पूरे प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित स्कूलों में न्यू एजूकेशन पॉलिसी 2020 के चार वर्ष पूरे होने पर शिक्षा सप्ताह की शुरुआत सोमवार से हो गई है। इसमें पहला दिन टीएलएम दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में 26 लाख से अधिक छात्र और 2 लाख से अधिक शिक्षक शामिल हुए।

छात्रों ने टीएलएम प्रदर्शनी के तहत, कठपुतली, मुखौटा निर्माण, चार्ट और पोस्टर के साथ आगे बढ़ते हुए देखा, जिससे उनकी सीख जीवंत हो गई। शिक्षकों ने अपने अनूठे टीएलएम के साथ एनआईपीयूएन टीएलएम, प्रिंट रिच, जादूई पिटारा की सराहना करते हुए, अपनी सीख और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया। दिन भर की गतिविधियों ने छात्रों और शिक्षकों में समान रूप से जिज्ञासा जगाई है।

एलएलबी- बीएससी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी, काउंसिलिंग शुरू

लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर च्वॉइस फिलिंग की सुविधा उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी-बीएससी पाठ्यक्रमों का रिजल्ट जारी किया है। परीक्षाफल में एलएलबी (इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय) और बीएससी एलएलबी (बायोलॉजी नेप) शामिल हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि परीक्षाफल आने के बाद ऑनलाइन काउंसिलिंग आरंभ हो गई है। विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज अंतर्गत च्वाइस फिलिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। इसमें ऑप्शन में जाकर पूर्व में दिए गए लॉगिन आईडी के माध्यम से अभ्यर्थी बुधवार तक इस सुविधा लाभ ले सकते हैं।

वहीं परास्नातक प्रवेश परीक्षा सत्र (2024-25) में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी मंगलवार को पूर्व में दिए गए लॉग इन आईडी पासवर्ड का प्रयोग कर सकते हैं। इसके माध्यम से अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा दी जा रही है।

दूसरी ओर बीए नेप की काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग को लेकर मंगलवार का मौका विवि की ओर से दिया गया है। विवि की वेबसाइट पर अभ्यर्थी ऑप्शन में जाकर लॉगिन आईडी के माध्यम से च्वाइस फिलिंग के आधार पर विषयों का निर्धारण कर सकते हैं।

19 विषयों के परीक्षाफल घोषित

लखनऊ विवि ने 19 विषयों के परीक्षाफल घोषित किये हैं। इसमें एमएम, एमपीएड, एमएससी, एमएड, एमए, एमपीएच, एमएससी, एलएलबी तीन वर्ष और पांच वर्ष सहित अन्य विषयों के परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

26 और 27 को होंगी एमपीएड - बीपीएड की परीक्षाएं: लविवि 26 जुलाई को बीपीएड की परीक्षा और 27 को एमपीएड परीक्षाएं कराएगा। शारीरिक दक्षता की परीक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रातः 6 बजे से आयोजित होंगी।

27 को प्रयोगात्मक परीक्षाएं: यूजी रेगुलर में बॉटनी द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की परीक्षा 27 को सुबह 11 बजे से आयोजित होगी। विद्यार्थियों को आवेदन के साथ 500 रुपये धनराशि भी जमा करना अनिवार्य है।

बीबीएयू-विधि विवि में सीटें खाली सीयूईटी के परिणाम का इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : सीयूईटी परीक्षा परिणाम न आने का असर अभ्यर्थियों पर ही नहीं विश्वविद्यालय के सत्र पर भी पड़ता दिख रहा है। आलम ये है कि कई विवि तो शैक्षणिक कैलेण्डर भी जारी कर चुके हैं।

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विक्रम यादव का कहना है कि इंजीनियरिंग के सभी यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश सीयूईटी के तहत होगा। कुल 300 सीटें खाली हैं। परिणाम आते ही प्रवेश और काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि बीए और बीकॉम में सीयूईटी के तहत प्रवेश लिया जा रहा है। इसको लेकर दोनों पाठ्यक्रमों में कुल 100 से अधिक सीटें खाली हैं। शैक्षणिक कैलेण्डर जारी किया जा चुका है। परीक्षाफल लंबित होने से शैक्षणिक कार्यों पर असर पड़ेगा।

छात्रों के भविष्य पर संकट

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) यूजी के परीक्षा परिणाम आने की उम्मीद थी, शाम तक परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो सका। लखनऊ विश्वविद्यालय में एनएसयूआई की स्थानीय इकाई अध्यक्ष सुधांशु शर्मा का कहना है कि कई विश्वविद्यालयों ने यूजी प्रवेश को लेकर सीयूईटी प्रक्रिया अपनाई थी। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने इसे अपनाया लेकिन कारगर नहीं रही, लग रहा है कि ये परिणाम भी लटक जाएंगे। ऐसे में लाखों छात्रों के भविष्य पर संकट है।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. पवन त्रिपाठी का कहना है कि एमबीए और एमएसए कोर्स में संबद्ध संस्थानों में प्रवेश लंबित हैं। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने कहा कि प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जानी है।

एकेटीयू ने बीआर्क पंजीकरण की तिथि बढ़ाई

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया चल रही है। इस क्रम में बीआर्क (बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर) की काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि को 10 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी अब बी आर्क में प्रवेश के लिए 10 अगस्त तक पंजीकरण करा सकते हैं। बी आर्क में एडमिशन नाटा की मेरिट के आधार पर होगा।

20 कॉलेज देंगे बीबीए - बीसीए में मौका

- लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में सीटों का हुआ आवंटन
- महाविद्यालय देने जा रहे हैं सेल्फ फाइनेंस की भी सुविधाएं, विवि ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध 20 महाविद्यालय नए सत्र में अभ्यर्थियों को बीबीए और बीसीए की सुविधा देने जा रहे हैं। नए विद्यार्थियों को सेल्फ फाइनेंस की भी सुविधाएं विवि के निर्देश पर उपलब्ध कराई गई हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की सूची में सबसे अधिक बीबीए की सीटें गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, कॉलेज ऑफ इनोवेटिव मैनेजमेंट एंड साइंस और श्रीरामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में है। लविवि की ओर से 180 सीटों का आवंटन किया गया है। इसी तरह बीसीए में इतनी ही सीटें गोयल इंस्टीट्यूट और श्रीराम मेमोरियल कॉलेज में उपलब्ध हैं।

विवि के निर्देश पर सभी महाविद्यालयों में छात्रों को सेल्फ फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

लविवि में सीटों के सापेक्ष होगा प्रथम आवंटन

लखनऊ विश्वविद्यालय बीवीओसी, डीफार्मा, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स और बीकॉम नेप की ऑनलाइन काउंसिलिंग के अन्तर्गत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष मंगलवार को प्रथम परिणाम जारी करने जा रहा है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि सीटें जारी होने के बाद आरक्षित फीस जमा की जानी अनिवार्य है।

ये महाविद्यालय दे रहे हैं अतिरिक्त सुविधाएं

श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, सिटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, कृष्णा कालेज ऑफ एजूकेशन एंड मैनेजमेंट, शेयरवुड कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस लखनऊ, लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, कॉलेज ऑफ इनोवेटिव मैनेजमेंट एंड साइंस, इंटीग्रल एंड इनोवेटिव संस्टेनेबल एजूकेशन कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री गर्ल्स कॉलेज, श्रीराम स्वरूप मेमोरियल कॉलेज, मार्डन गर्ल्स कॉलेज, बाबू सुंदर सिंह डिग्री कॉलेज, आर्यावर्त इंस्टीट्यूट

विधि विवि ने जारी की पीएचडी के उम्मीदवारों की सूची

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी की है। विवि प्रवक्ता डॉ. शशांक शेखर ने बताया कि लिखित परीक्षा 27 को सुबह 11:00 से 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा का परिणाम और साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची 30 को जारी होगी। साक्षात्कार 9 अगस्त को 11 बजे से आयोजित होगा। अंतिम मेरिट सूची 13 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी। प्रवेश की तिथि 17 अगस्त होगी।

सार-संक्षेप

शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित होते शिक्षक। अमृत विचार

शिक्षकों को मिला सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज इंटर कॉलेज के शिवसहाय सभागार में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षकों के लिए शिक्षक शिखर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 86 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. कमल किशोर जायसवाल ने शिक्षकों का उत्सावर्धन किया। इस मौके पर प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल, कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा, समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्य, प्रबंधिका पुष्पा जायसवाल सहित 370 शिक्षक उपस्थित रहे।

पुनर्वास विवि में रक्तदान करते छात्र। अमृत विचार

पुनर्वास विवि: शिक्षक व छात्रों ने किया 55 यूनिट रक्तदान

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, ब्लड बैंक किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी तथा लायंस क्लब एक परिवार ने मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के अलावा विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ-साथ गैर दिव्यांग विद्यार्थियों ने भी रक्तदान किया। विश्वविद्यालय के दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थी मोहित यादव, शालू वर्मा एवं ऋषभ शुक्ला ने प्रथम बार रक्तदान दिया और अपना अनुभव साझा किया। शिविर में कुल 55 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवेश कटियार ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रार्थना वर्धन, डॉ. प्रज्ञा श्रीवास्तव, डॉ. बृजेश कुमार राय, डॉ. सुनीता शर्मा एवं गौरव गोयल सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

भाषा विवि में पौधा रोपते विवि के कुलपति। अमृत विचार

भाषा विश्वविद्यालय में रोपे गए पारिजात के पौधे

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने कुलपति ने पारिजात के पौधों का रोपण किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपने- अपने घर और आसपास के वातावरण में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने की अपील की। इस अवसर पर उप्र राजकीय निर्माण निगम के अपर परियोजना प्रबंधक संदीप कुमार सिंह, आरई आरसी वर्मा, कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा सहित शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

छात्रा को मिला भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रथम पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल स्टेशन रोड कैम्पस की कक्षा-7 की छात्रा सबाहत अफजल ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। यह परीक्षा गायत्री तीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित हुई। सीएमएस प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने उक्त जानकारी दी।

अर्जुन ने युवराज को हराकर किया उलटफेर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: महाराष्ट्र के अर्जुन मूर्ति ने अप्रत्याशित मुकाबले में यूपी के शीर्ष वरीय युवराज सिंह को 6-3, 6-3 से हराया और अंडर-12 आइटा टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में जगह बनाई।

इस आयुवर्ग के एक अन्य उलटफेर भरे मुकाबले में यूपी के अच्युत जायसवाल ने आठवीं वरीयता प्राप्त यूपी के आरिव गुप्ता को 4-6, 6-0, 10-7 से हराकर उन्हें बैग बांधने पर विवश कर दिया। विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में शुरू हुई प्रतियोगिता के अंडर-12 आयुवर्ग के पहले दौर के मुकाबलों में आरव शुक्ला (यूपी) ने कबीर शर्मा (यूपी) को 6-4, 6-2 और आयुष्मान पाठक (यूपी) ने अर्नव (यूपी) को 6-1,6-0 से हराया। अंडर-14 आयुवर्ग के एकमात्र उलटफेर भरे मुकाबले में गैरवरीय विराट सिंह (यूपी) ने पांचवीं वरीयता प्राप्त यदुराज (राजस्थान) को 6-0, 6-1 से शिकस्त दी।

प्रतियोगिता की शुरुआत पर ट्रॉफी का अनावरण करते आयोजक। अमृत विचार

अंडर-12 आइटा टेनिस चैंपियनशिप

सीआईएससीई जोनल कराटे के लिए तुषार ने किया क्वालीफाई

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम के तुषार कुमार ने सीआईएससीई की नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। शहर के गोमती नगर स्थित स्कॉलर्स होम विद्यालय के छात्र तुषार कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर यह कामयाबी हासिल की। ब्लू बेल्स स्कूल की देखरेख में झांसी में आयोजित सीआईएससीई उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड रीजनल कराटे चैंपियनशिप में तुषार ने हिस्सा लिया था। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया।

मोहित ने जड़ा आतिशी शतक ब्लेज विलो फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

प्रथम सूरज प्रसाद सचान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

अमृत विचार : प्रथम सूरज प्रसाद सचान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल की तस्वीर सोमवार को साफ हो गई। फाइल मुकाबले में ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी के सामने जिज्ञासा क्रिकेट क्लब की चुनौती होगी। ब्लेज विलो अकादमी की टीम ने आज दूसरे सेमीफाइनल में सुपर ओवर तक खिंचे मुकाबले में जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

सूर्या ग्राउंड पर खेले गए मैच में आज ब्लेज विलो और एसएमआर क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लेज विलो ने 40 आवेर में 6 विकेट खोकर 243 रन बनाये। मोहित यादव ने आतिशी पारी खेली और 98 गेंदों में 129 रन ठोंके। उन्होंने 16 चौके और 3 छक्के जड़े। एसएमआर की ओर से अर्जुन यादव ने तीन विकेट चटकाये। जवाब में एसएमआर क्रिकेट की टीम 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 243 रन बनाये। मैच ड्रॉ होने पर सुपर ओवर का सहारा लिया गया, जिसमें ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी ने जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश किया।

विजेता खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

सीएमएस चौक के छात्रों ने जीते चार स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : झांसी स्थित ब्लू बेल्स स्कूल में बीते 19 और 20 को अयोजित की गई सीआईएससीई यूपी एंड यूके क्षेत्रीय कराटे टूर्नामेंट में सीएमएस कानपुर रोड के छात्रों ने दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में स्कूल नौ छात्रों ने हिस्सा लिया। इन छात्रों ने चार स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। शिक्षक अनुराग चतुर्वेदी ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक अंडर-14 आयु वर्ग में 45 से 50 आयु वर्ग में कक्षा छह के समर्थ दुबे ने स्वर्ण और 50 से 55 किग्रा भार वर्ग में सार्थक दुबे ने कांस्य पदक जीता। अंडर-14 आयु में कक्षा छह की आद्या चौहान 50 किग्राम से अधिक भार वर्ग में स्वर्ण और 38 से 42 किग्रा भार वर्ग कक्षा सात की सताक्षी शर्मा ने कांस्य पदक पर कब्जा किया।

लखनऊ में होगी सब जूनियर स्टेट बाक्सिंग चैंपियनशिप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विमर्श के साथ संघ का वार्षिक कैलेंडर भी जारी किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) की अध्यक्षता में हुई बैठक में सचिव प्रमोद कुमार ने संघ की पिछले एक साल की उपलब्धियों की आख्या प्रस्तुत की, जिस पर सभी ने हर्ष जताया।

बैठक में बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के चेयरमैन दीपक शर्मा को बाक्सिंग में प्रसार में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन का जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) मनोनीत किया गया। लखनऊ को द्वितीय सब जूनियर बालक स्टेट बाक्सिंग चैंपियनशिप (फरवरी 2025) की मेजबानी मिली है।

रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सभागार में सचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि हाल ही में नोएडा में कई राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफल मेजबानी के बाद उत्तर प्रदेश बाक्सिंग एसोसिएशन इस वर्ष भी इतिहास रचने को तैयार है।

इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन को 7वीं यूथ पुरुष राष्ट्रीय बाक्सिंग चैंपियनशिप, 7वीं यूथ महिला राष्ट्रीय बाक्सिंग चैंपियनशिप, चौथी सब जूनियर बालक राष्ट्रीय बाक्सिंग चैंपियनशिप व चौथी सब जूनियर बालक राष्ट्रीय बाक्सिंग चैंपियनशिप के आयोजन का अवसर मिला है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) ने कहा कि बाक्सिंग तेजी से लोकप्रिय हो रहा खेल है। बैठक के बाद अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) ने अन्य पदाधिकारियों के साथ केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित बाक्सिंग हाल के बाहर पौधरोपण किया। वार्षिक साधारण सभा की बैठक को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ.रोहित पाण्डेय, उपाध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री (अध्यक्ष, बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ), अब्दुल हामिद, संयुक्त सचिव सतीश शहरावत, संतोष छेत्री सहित जिला संघों के पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

पौधरोपण करते आईएएस अभिषेक प्रकाश और अन्य। अमृत विचार

शीलं प्रधानं पुरुषे तद् यस्येह प्रणश्यति।
न तस्य जीवितेनार्थो न धनेन न बन्धुभिः॥

शील ही मनुष्य का प्रमुख गुण है। जिस व्यक्ति का शील नष्ट हो जाता है-धन ,जीवन और रिश्तेदार उसके किसी काम के नहीं रहते, अर्थात् उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है।

संपादकीय

वित्तीय क्षेत्र का भविष्य

आम बजट से एक दिन पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान जताया गया है वित्त वर्ष 2024 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण में बैंकों के घटते नॉन-परफॉर्मिंग एसेट और आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती का जिक्र किया । सर्वेक्षण में महंगाई को काबू करने के लिए सरकार के उठाए गए कदमों की सराहना की गई है। वैश्विक श्रम बाजार में व्यवधानों और चौथी औद्योगिक क्रांति के प्रभावों के बीच प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में भारत के कार्यबल के लिए आने वाले महत्वपूर्ण बदलावों को स्वीकार किया गया है। स्वीकारना होगा कि देश में पर्याप्त रोजगार सृजन की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए देखभाल अर्थव्यवस्था और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। पिछले दो वर्षों से खाद्य मुद्रास्फीति एक वैश्विक घटना बनी हुई है। खराब मॉनसून की वजह से फसलों और खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

कुछ खाद्य पदार्थों की महंगाई दर ऊंची है। हालांकि मुख्य महंगाई दर काफी हद तक काबू में है। प्रमुख महंगाई दर 4 फीसदी के नीचे है। गौरतलब है कि खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई। भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाईं। कहा जा सकता है कि निवेश में जो तेजी आई है वह सिर्फ पब्लिक सेक्टर (सरकार) में पूंजीगत खर्च से नहीं आई है बल्कि राज्य और केंद्र सरकारें, दोनों मिलकर भी पूंजीगत उत्पादन बढ़ा रही हैं। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में भी पूंजीगत खर्च रिकवर हुआ है और लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए। मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से आरबीआई के मुद्रास्फीति अनुमानों को बल मिलता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने भी कहा है कि 7 फीसदी की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट का लक्ष्य हासिल करना संभव है लेकिन यह इस पर निर्भर करेगा कि मानसून की बारिश कैसी होती है। भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत तथा स्थिर स्थिति में है, जो भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में उसकी जुझारू क्षमता को दर्शाता है।

शोध पत्रों की अनुसंधान शैली पर उठते तकनीकी सवाल

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

मेडिकल रिसर्च एंड एक्सपेरिमेंटल साइंस से ताल्लुक रखने वाली सामग्री को बिना जांच के प्रकाशित करना दुष्परिणाम लाता है। विदेश से प्रकाशित ख्यात और बहु-प्रसारित साइंटिफिक पत्रिकाओं में स्वास्थ्य प्रबंधन शोध या मेडिकल रिसर्च से संबधित रिपोर्ट, पेपर, पत्र को भारतीयों ने या विदेश में कार्यरत भारतीय मूल के शोध कर्मियों ने बेशक संयुक्त रूप से लिखा हो, परन्तु ऐसे प्रत्येक सर्वसुलभ प्रकाशित (ओपन एक्सेस) पेपर और रिपोर्ट को तीखी निगाह से देखने की आदत मीडिया कर्मियों को होनी चाहिए। भारत के संदर्भ में समझे बिना इसे इस्तेमाल करना सही नहीं। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स की फ्रीक्वेंसी बढ़ गई है,जिनके बारे में भारत के स्वास्थ्य अनुसंधान तंत्र को आपत्ति रही है।

भारत में बैठे विदेशों के विज्ञान प्रकाशनों के कॉरेसपोंडेंन्ट्स वर्नाक्युलर मीडिया से खबर या सामग्री उठाकर अंग्रेजी में रूपांतरण करके इसे अपनी पब्लिकेशन को कभी फीड नहीं करेंगे। वे अंग्रेजी में ही स्टोरी लिखेंगें। अंग्रेजी के कंटेंट में अगर त्रुटि है तो हिंदीकरण के बाद वह इसलिए बनी रहती है कि इसके कंटेंट के भीतर विचार, दृष्टिकोण, टिप्पणी या फैक्ट्स का पुनर्सत्यापन करने के लिए मीडिया की संबंद्ध मैकेनिज्म को जागृत करने में रुचि नहीं है। भारत के बारे में विदेश से न्यूज और साइंटिफिक मीडिया में से कंटेंट निकाल कर देश के मीडिया को जो सामग्री अरसे से फीड होती आ रही है या इसे सोद्देश्य भारत की ओर धकेला जाता रहा है उसका जस का तस भाषांतरण करने के बाद तरजीह देकर हमारे यहां नहीं छापा जाना चाहिए।

ताजा प्रसंग में हुआ यूं कि अमेरिकन एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ़ साइंस संस्था के 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के जुलाई 2024 के अंक में 'लार्ज एंड अनईक्वल लाइफ एक्स्पेक्टेंसी डिक्लाइन्स ड्यूरिंग द कोविड-19 पैंडेमिक इन इंडिया इन 2020' शीर्षक से प्रकाशित एक रिसर्च स्टडी में कहा गया कि भारत में सन 2020 के साल में कोरोना महामारी में संक्रमण से सामान्य संख्या से 12 लाख अधिक जनों की मृत्यु हुई थी जो कि सन 2019 के

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

दौरान इसी संक्रमण की वजह से हुई मृत्यु से संख्यात्मक रूप से और तुलनात्मक प्रतिशत आंकड़ों की दृष्टि से कहीं अधिक है। यह मात्र डेटा साइज़ और इंटरप्रिटेशन का खेल है। भारत में जन्म और मृत्यु की रजिस्ट्री के समय मृत्यु का कारण जरूर लिखा जाता है। यह सही है कि आम जागरूकता और मेडिकल एक्सपर्ट्स को सचेत करने के लिए जनसंदेशों के व्यापक प्रसारण और शासकीय आदेशों के बावजूद देहात और दूरस्थ क्षेत्रों में सन 2019-2020 में सिधार गए अनेक लोगों का दाह संस्कार करने से पहले मृत्यु का रजिस्ट्रेशन न हुआ हो या त्रुटिपूर्ण इन्द्राज किया गया हो, लेकिन डेटा में विशाल अंतर नहीं हो सकता। डेटा एनालिसिस में त्रुटियों को दुरस्त करने का मैकेनिज्म मौजूद होता है।

भारत का सेंट्रल रजिस्ट्री सिस्टम सक्षम है और पक्षपात रहित होकर काम करता रहा है। कोविड महामारी के दौरान पंजीकरण करने पर मृत्यु के कारणों को दर्ज करने के बारे में विवादास्पद रिपोर्ट्स मीडिया में प्रकाशित हुई थीं,जिनका नोटिस स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया था और दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। भारत की सेन्ट्रल रजिस्ट्री और नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे-5 से कोरोना संक्रमण से मरने वालों की गैर-मुकम्मल संख्या में से डेटा लेकर साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित उक्त शोध पत्र के दस ऑथर्स ने इस्तेमाल किया और जैसे नतीजे निकाले उनसे भारत सरकार में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव और आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने जबरदस्त आपत्ति की है। नीति आयोग में स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. विनोद कुमार पॉल ने इस शोधपत्र के लिए रिसर्चर्स द्वारा अधूरे डेटा-सेट के इस्तेमाल को गलत बताया है। इस बारे में हिंदी प्रिंट मीडिया में तकरीबन सभी समाचार पत्रों ने 21 जुलाई 2024 के अंक में इसे एक बड़ी खबर के रूप में प्रकाशित किया। इस बारे में हिंदी भाषा के कुछेक समाचार पत्रों में खबर के टेक्स्ट को सही से गठित नहीं किया और महत्व की जानकारी भी छूट गई या उक्त शोधपत्र को पढ़ने के बाद संशोधित नहीं की गई। इस शोधपत्र के विवादित हिस्सों को लिखने वाले सभी दस ऑथर्स भारतीय हैं, लेकिन इंग्लैंड, अमरीका, फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न संस्थानों में विभिन्न कैपेसिटीज में करते हैं। एक रिसर्च पब्लिकेशन के बारे में बहुत से एथिकल इश्यूज उत्पन्न होते हैं। समाचार कहीं से भी पहुंचे इससे बाद इसका सत्यापन करने के मैकेनिज्म का सक्रिय किया जाना लाजिमी है। जर्नल्स के बारे में ऐसा करना अधिक मुश्किल नहीं, लेकिन प्रकाशन पूर्व सावधानी का यह अहम् हिस्सा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि विदेश मूल के जर्नल्स में प्रकाशित भारत संबंधी मेडिकल रिपोर्ट्स पर अपने देश के उच्च मेडिकल साइंटिस्ट्स की राय पहले जान ली जाए।

उक्त अध्ययन में इस्तेमालशुदा डेटा का सैंपल साइज़ अपर्याप्त बताया गया और कहा है कि कोविड संक्रमण की चपेट में आए हुए व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर इससे दीर्घकाल के प्रभाव के रूप में जीवनावधि का दो वर्ष और छः महीना कम होने की संभावना व्यक्त की गई। प्रयुक्त किए गए डेटा से अध्ययन की आधारभूत जरूरत पूरी नहीं होती और सैंपल साइज बेहद छोटा और महत्वहीन होने के कारण देश की एक अरब 35 करोड़ जनसंख्या के लिए इसकी एप्लीकेशन (एक्स्ट्रापोलेशन) से कोई नतीजा निकालना अन-एथिकल और अवैज्ञानिक है। डेटा के एक क्रिटिकल मास का ध्यान एक रिसर्चर को इसलिए रखना होता है कि स्टेटिस्टिकल तकनीकों से एनालिसिस करते समय गड़बड़ पेश न आए। मॉडर्न और ट्रेडिशनल मेडिसिन में भारतीय स्वास्थ्य एवं आयुर्वेज्ञानिक अनुसंधान अध्ययनों के बारे में शोधपर्चों में दर्शाए गए तथ्यों की प्रकाशन-पूर्व समीक्षा विद्वज्जनों की प्रतिभा और रिसर्च में लंबे अनुभव पर निर्भर होती है? स्वास्थ्य मंत्रालय की आपत्ति के चलते 'साइंस एडवांसेज' जर्नल के उक्त लेख की संदर्भ सूची में 84 लेखों की गिनती करवाना ऑथर्स के लिए अब खास मायने नहीं रखता। उद्धृत किए गए लेखकों को अपनी प्रतिष्ठा के बारे में सोचना पड़ सकता है। पिछले दो-तीन वर्ष से विदेशी मूल के ख्यात और लर्नेड जर्नल्स में पीयर रिव्यु के कमज़ोर पड़ने की बातें नेचर जर्नल के कुछ अंकों में प्रकाशित हुई हैं। आपत्ति के बाद से जर्नल से पेपर को रीट्रेक्ट करने या वापिस ले लेने की घटनाएं अनेक वर्ष से बढ़ी हैं। साइंस एडवांसेज के उक्त अध्ययन को खारिज करने से इसे संदर्भ हेतु सुरक्षित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यह तय है कि किसी भी प्रकार की साइंस न्यूज़ की हैंडलिंग -खासतौर से अनुसंधानिक मिजाज़ वाली, में हिंदीभाषा के प्रिंट मीडिया में दक्षता बढ़ानी होगी।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने कोविड-19 पर जिस प्रकार से देश में रिसर्च स्टडीज को (एड-हॉक एंड इंस्टिट्यूशनल, दोनों) व्यापक समर्थन दिया और इनमें से अधिकांश को इंडियन जर्नल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) के अंकों में प्रकाशित किया, उसकी पृष्ठभूमि में डॉ. बहल का यह कथन मायने रखता है 'साइंस एडवांसेज' में प्रकाशित की गई उक्त स्टडी को देख कर इस बारे चिंतन की जरूरत नहीं है। भारतीय स्टेटिस्टिकल एजेंसीज के अलावा भारत की रिसर्च एस्टाब्लिश्मेंट और जर्नल्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट्स में भारतीय मीडिया जनों की रुचि रूटीन के तौर पर बेहद कम है ऐसा अनुभव मैंने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् में अपने कार्यकाल में अर्जित किया। कोशिश के बावजूद मीडिया जन आईजेएमआर और अन्य भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान प्रकाशनों की ओर से सामान्यतः उदासीन ही बने रहे। इसलिए महसूस हो रहा कि विदेशी जर्नलों में प्रकाशित होने वाले भारत संबंधी शोध पर्चों की पुलिसिंग करने की भी अब जरूरत है।

प्रसंगवश

डिजिटल धोखेबाजों का शिकार बन रहे हैं सीनियर सिटीजन

डिजिटल धोखेबाजों का एक बड़ा शिकार सीनियर सिटीजन बन रहे हैं। खासकर नौकरी पेशा से निवृत्त हुए लोग। इसके कई कारण हैं। एक तो यही कि प्रायः उनके ज्यादातर आर्थिक सामाजिक दायित्व पूरे होते रहते हैं। उनके पास सरप्लस या यूं कहें कि पर्याप्त धन रहता है। शरीर भले निरंतर कमजोर जर्जर हो रहा हो,मगर मूलभूत जैविक इच्छाएं रह-रह कर उछाल मारती रहती हैं।

अकेलापन, एकरसता जीवन में तारी होने लगती है। उनमें एकालाप और सामीप्य की चाहत बलवती हो जाती है। वे नहीं चाहते कि उनकी उपेक्षा व्यक्ति और समाज करे। इसलिए कहीं से भी तनिक प्रशंसा,स्नेह और प्रेम के मीठे बोल उन्हें अपनी ओर खींच लेता है। मगर उनमें एक खामी भी आरंभ हो चुकी रहती है, याददाश्त कमजोर पड़ रही होती है। एक डिजिटल धोखेबाज के लिए ये सभी ऐसी कमजोरियां हैं,जिनके चलते वह उन्हें फांसने की जुगत करता है। एक पुलिस पद के ऊंचे ओहदे से रिटायर हुए और एक सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट मित्र अभी ऐसे ही एक स्कैंडल से किसी तरह उबर पाए हैं मगर लाखों का चूना लग गया है। जनाब कंचन और कामिनी के मोह में पड़ गए। अनावृत काया ने उन्हें अपने मधुपाश में लपेट लिया।

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सऐप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा। अब तनिक इस वाट्सऐप संदेश को देखिए। किन्हीं मिस... सिंह का संदेश मिला जो न मेरे संपर्क सूची में हैं और न किसी समूह में। पहले संदेश पढ़िए -"मैं भाग्यशाली हूं कि आप मेरे गुरु हैं। आपने न सिर्फ ज्ञान दिया,बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई। आपके सिखाए गए पाठ मेरे जीवन को हमेशा दिशा देते रहेंगे। आपको गुरु पूर्णिमा की ढेर सारी शुभकामनाएं! -... सिंह।" पढ़कर सुखानुभूति हुई। मगर छठी इंद्रिय सौभाग्य से सक्रिय हो गई और धन्यवाद देने से मैंने खुद को हठात रोक लिया। आशंकाएं बलवती हुईं। इन मोहतरमा की तो मुझे याद भी नहीं है। कमजोर मन ने प्रतिवाद किया, याद तो दुष्यंत को भी शकुंतला की नहीं थी। हो सकता है कोई मिस सिंह जान-पहचान की रही ही हों? और कृतज्ञता ज्ञापन का धन्यवाद भी न देना तो अशिष्टता ही होगी, मगर मन में द्वंद्व चलता रहा। आखिर तार्किकता ही जीती, इमोशन पीछे रहा।

मेरे और समवयी मित्रों के वाट्सएप पर अनजान और अचानक ऐसी कॉल आ आती हैं,फलाने मिस, फलाने कुमारी वाली। उन्हें बिना रिसीव करके तुरंत डिलीट करने में ही भलाई है। धोखेबाज दिन-रात सक्रिय हैं और नए-नए फांसने के तरीके आविष्कृत करते रहते हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर को भी उन्होंने नहीं छोड़ा।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

आशंका यही है कि यह तरीका भी धोखे का वाला ही हो सकता है,जो आपके संपर्क सूची में नहीं है और आपको उसकी तनिक याद भी नहीं है काहें खतरा मोल लिया जाए। संदेश में आकर्षक फोटो है-बहुत संभव है वह क्लिकबेट हो। नाम याद रखने की भूल तो हो सकती है,मगर चेहरा भी पहचान नहीं पाया। हो सकता है याददाश्त सचमुच खेल कर रही हो।

बहरहाल इस उधेड़बुन में मैंने जवाब देना ही स्थगित कर दिया और सोचा कि इस पर अपने मित्रों की राय भी ले लूं। इधर जवाब दूं और उधर धोखेबाज अगले कदम को तैयार बैठे हों। डिजिटल फ्राड से बचने के लिए बहुत सजग रहने की आवश्यकता है,अगर आपके लिए खोने को बहुत कुछ हो। दौलत मान प्रतिष्ठा आदि। हां अगर इन सबसे आप निरे दरिद्र हैं तो फिर क्या फिक्र। धोखेबाज भी जान जाएगा कि किससे पाला पड़ गया।

संविधान की समीक्षा नहीं परीक्षा का समय

आजादी के बाद सत्ताधारी कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू के बाद 'कल्चर' शब्द का मजाक उड़ाते उसे 'एग्रीकल्चर' से हीनतर समझा। आजादी का संघर्ष गांधी के लिए सांस्कृतिक मूल्य-युद्ध भी था। अंग्रेजों से केवल निर्णायक राजनीतिक युद्ध करने से आजादी के बाद विचार की आजादी को लेकर एक और युद्ध लड़ना पड़ता। कांग्रेस में कई नेता हिंदूवादी ही थे।

नेहरू जैसे लोग पश्चिम के नए आकाश को भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता के स्पेस में लगना बनाना चाहते थे। राजनीतिक शब्दावली के अनुसार गैर प्रगतिशील गांधी हिंदुत्व की रूढ़, दकियानूस और बांझ मान्यताओं की खाल खींचने के बावजूद उस विरासत को संशोधित कर अपनी छाती से चिपकाए रखना चाहते थे। अल्पसंख्यकों के कठमुल्ला तत्वों ने भी कई सियासती खिलवाड़ें कीं। उन्हें चुप करने की रस्मअदायगी भी नहीं की गई। शाहबानो के प्रकरण में इसके बरक्स साहसी समाज सुधारकों को सहारा नहीं दिया गया। कूढ़मगज मुसलमानों की भड़काऊ गतिविधियों को शुरू से काबू नहीं किया था।

अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर पूजागृह के ताले परिस्थितियों का जायजा लिए बगैर खुलवाए गए। मौजूदा समय संविधान की समीक्षा का नहीं,संविधान की परीक्षा का है। मुसलमान और ईसाई संकीर्ण हिंदुओं की हिट लिस्ट में हैं ही। एकल सांस्कृतिकता सांस्कृतिक बहुलतावाद से पिटती है। फासीवाद जब पनपता है तो वह अंतर्विरोधों की लहरें भी खुद उत्पन्न करता है। धुंध आक्रमणकारी के लिए ढाल और विक्टिम की पीठ के लिए तलवार

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं।

की तरह होती है। बाबरी मस्जिद, गोधरा और 9/11 की दुर्घटनाओं के बाद मुसलमान के लिए नागरिक समझ में बदलाव आया है। पारंपरिक वेषभूषा में वह पंथनिरपेक्षों तक के संदेह के घेरे में आ जाता है। दाढ़ी का मुखौटा लगाए कई बुद्धिजीवी, संस्कृतिकर्मी और कलाकार भी लोगों को मुसलमान दिखाई पड़ते हैं। भारत-पाक विभाजन को लेकर रचे साहित्य में सआदत हसन मंटो, इस्मत चुगताई और कृश्न चंदर जैसे लेखकों ने कई वास्तविक पेचीदा स्थितियों का खुलासा किया।

बुद्धिजीवी दिखता कोई मुसलमान या मुसलमान दिखता बुद्धिजीवी पहचाना नहीं जाए, तो उसे मुस्लिम आतंकवादी कह दिया जाता है। सांप्रदायिकता का यह नया शोध पंथनिरपेक्षता की एक-एक ईंट सरका रहा है। 'सभी मुसलमान आतंकवादी नहीं हैं,लेकिन सभी आतंकवादी मुसलमान हैं' के काफिया अर्थात् पुनरावृत्ति और उलटबांसी के आधार पर हर खाली स्पेस में सांप्रदायिकता ने अपनी वेबसाइट खोल ली है। कई प्रदेशों के हिंदू और मुसलमान प्रादेशिक भाषाएं बोलते हैं। राजनीतिक संबंध और प्रतिबद्धताएं क्षेत्रीय सांस्कृतिक अहसास में ढूंढते हैं। कई कारणों से पंथनिरपेक्षता का सामासिक एका और समन्वय अभी भी हासिल नहीं हुआ है। सुन्नी, सिया, सूफी, लोहरा और खोजा वगैरह उपजातियों में बंटे मुसलमान भी पूरी तौर पर एकीकृत कहां हैं? संप्रदायवाद के चश्मे से उनके वजूद को जांचना विस्फोटक काम है। तथ्यविरोधी, अवैज्ञानिक और सामाजिक संरचना के विरुद्ध उपजाए गए गोरे अंग्रेजों के कई निर्णयों ने इंसानियत की तमीज पर कालिख पोती। उस साजिश को समझकर फायदा उठाते कट्टर हिन्दुत्व की थीसिस ने उसे सहधर्मी सहोदर स्वदेशी विचार की तरह अपना लिया। इतिहास विकृत किया जा रहा है। मुसलमान को भारतीय जीवन के हाशिए पर धकेला जा रहा है। मंत्रिपरिषद में मुसलमानों को रखना गवारा नहीं समझा जा रहा।

शौर्य के लिए पहला सैनिक मरणोपरांत सम्मान अब्दुल हमीद को मिला। 1857 के जनयुद्ध में बहादुर शाह जफर, वहाबी, समुदाया अहमदुल्लाह शाह आदि ने अंग्रेज का दमदार मुकाबिला किया। यह भी उसके उलट सोचना होगा कि गणेश शंकर विद्यार्थी और स्वामी श्रद्धानंद का जातीय समरसता की कोशिश के बावजूद कत्ल किसने किया? कांवर यात्रा राष्ट्रीय बहस के हाशिए पर नहीं डाली जा सकती। मुसलमान ही डरे हों,वाचाल नहीं हो पाते हों,साहस नहीं दिखा पाते हों,लेकिन महान हिंदू कौम ने अपने उदार साहसी योद्धाओं के कारण नई राह पर चलने का फिलवक्त हौसला दिखाया है। उदार हिंदू ही मजहब की एकता की बुनियाद हैं।

सोशल फोरम

कृष्ण चंदर का तारीखी गधा

एक मुहावरे में हिदायत दी गई है कि गधे को गुलकंद, पूड़ी-हलवा, जाफरान और मीठे चावल जैसी चीजें खिलाने से परहेज किया जाना चाहिए। यह भी कहते हैं कि गधे को खिलाए का पुण्य लगता है न पाप। यानी सफल जीवन के लिए हर भले इंसान को गधों से दूर रहना चाहिए।

अकबरनामा बताता है कि शहंशाह अकबर को जंगली गधों का शिकार करने में मजा आता था। अबू फजल बताते हैं कि बाद में अकबर को अहसास हुआ कि वह गधों का शिकार करने के लिए नहीं, इंसानियत के लिए बड़े काम करने के लिए बादशाह बना है। यकीन मानिए गधे न होते तो न अकबर का दीने-इलाही होता न के। आसिफ मुगल-ए-आजम बना पाते।

अशोक पांडे
हल्द्वानी

कुछ साल पहले आई लंदन की ब्रूक हॉस्पिटल ऑफ एनीमल्स नाम की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने अपनी एक रपट में चिंता जाहिर करते हुए बताया था कि 2014 से 2021 के दरम्यान भारत में गधों की तादाद में 61 प्रतिशत कमी आई। चीन में गधों की खाल की मांग का बढ़ना इसका मुख्य कारण बताया गया। मैंने जीवन भर गधों से मोहब्बत की है। गधों के बारे में सारा दुष्प्रचार इसलिए किया गया कि दुनिया उनसे जलती है। उनके सीधेपन को कमजोरी और उनकी कर्मठता तो अज्ञान बताने वाले समाज को सबसे कीमती सबक देने वाले मुल्ला नसरुद्दीन यूं ही नहीं अपने गधे के शैदाई थे। बताते हैं मुल्ला के गधे के पुरखे यूपी के बाराबंकी से ताल्लुक रखते थे।

वही बाराबंकी जहां के बैरिस्टर सैयद करामत अली शाह की कोठी पर ईंटें ढोते-ढोते कृष्ण चंदर का तारीखी गधा पढ़ा-लिखा पीर-संन्यासी बन गया था। सैयद साहब और गधा मिलकर अखबार बांचते और दिलीप कुमार निम्मी की नई पिक्चर के बारे में घंटों बहस किया करते। बैरिस्टर साहब अक्सर कहते -'अफसोस तुम गधे हो। अगर आदमी के बच्चे होते तो मैं तुम्हें अपना बेटा बना लेता।'

-फेसबुक वॉल से

जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार की ठोस योजना नहीं

आबादी बढ़ने की रफ्तार पर लगाम कसने के लिए देश में बरसों से गूंज रहे "हम दो, हमारे दो" के नारे को उत्तर प्रदेश के 27 जिलों ने ताक पर रख दिया है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य की ओर से इन सभी जिलों की प्रजनन दर सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह अखबार की एक खबर है। उत्तर प्रदेश की औसत प्रजनन दर 2.4 है, यानी प्रति परिवार औसतन 2.4 बच्चों का जन्म हो रहा है। सबसे अधिक श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में यह औसत 3.7 का है। यहां परिवार का अर्थ सम्मिलित परिवार नहीं है।

समाचार से यह तो ज्ञात हुआ कि परिवार नियोजन के लिए सरकार चिंतित है,लेकिन मात्र चिंतित होने के परिणाम नहीं निकलेगा। नियोजित परिवार के लिए सरकार का कोई ठोस प्रयास जमीन पर दिख नहीं रहा है,अगर कुछ होगा भी तो मात्र सरकारी फाइलों में ही होगा। सही बात तो यह है कि आपातकाल में संजय गांधी द्वारा परिवार नियोजन पर जोर दिए जाने के कारण सरकारी सेवकों द्वारा की गई ज्यादतियों के कारण 1977 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हिंदी बेल्ट से साफ हो गई थी और इंदिरा गांधी की सरकार चली गई थी। तब से आज तक किसी भी सरकार में इतना साहस नहीं दिखा कि वह परिवार

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं।

नियोजन हेतु सख्ती कर सके। जब सरकार के पास नियोजित परिवार करने हेतु कोई ठोस योजना ही नहीं है तो प्रमुख सचिव स्वास्थ्य इन 27 जनपदों के अधिकारियों को प्रजनन दर सुधारने के सख्त निर्देश क्यों दे रहे हैं?

क्या अधिक बच्चे पैदा करने वालों को दंडित किया जाएगा जैसे उन्हें मुफ्त के अनाज, बिजली, इलाज आदि सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी, सरकारी कर्मचारियों की वेतन-वृद्धि, प्रोन्नति,ग्रेच्युटी आदि रोक दिए जाएंगे या दंपति की बलात नसबंदी कर दी जाएगी? या जिस क्षेत्र की प्रजनन दर बढ़ेगी,वहां के स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस अधिकारी निलंबित या हटा दिए जाएंगे? स्वास्थ्य सचिव ने इसे स्पष्ट नहीं किया। ऐसे अस्पष्ट निर्देश मुख्यमंत्री, मंत्री आदि का दिया जाना तो समझ में आता है,लेकिन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले आदेशों में स्पष्टता होनी चाहिए कि उन्हें परिवार को नियोजित करने के लिए क्या क्या करने हैं और न करने पर क्या दंड दिए जा सकते हैं। किसको कितने बच्चे पैदा करने चाहिए,यह तो वह दंपति ही निर्णय लेंगे,लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण देश की अवरुद्ध हो रही प्रगति के लिए प्रत्येक देशवासी को इस पर विचार करना होगा और नियोजित परिवार ही जनसंख्या वृद्धि रोकने का एकमात्र उपाय है, इसलिए सरकार को इसका अनवरत प्रचार प्रसार करना होगा। कुछ लोग अज्ञानता वश या संतान को ईश्वर प्रदत्त मानते हुए परिवार नियोजन का विरोध करते हैं,ऐसे लोगों के लिए दंडात्मक व्यवस्था भी अनिवार्य है,क्योंकि "बिनु भय होय न प्रीति"।

जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में पहले नंबर पर हैं। भारत से अधिक क्षेत्रफल वाले छह देश-रूस, कनाडा, अमेरिका, चीन, ब्राजील, आस्ट्रेलिया हैं। चीन के अलावा उक्त सभी पांच देशों की आबादी हमसे बहुत कम है। हमें भी अपनी आबादी पर नियंत्रण कर गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से निजात पानी होगा अन्यथा देश की प्रगति का कोई अर्थ नहीं होगा।

वह मर गया है, जीवित नहीं है

वह मर गया है,जीवित नहीं है मृतोऽसौ न स जीवति। महाभारत के अनुशासनपर्व को देख रहा हूं। आश्चर्य हो रहा है कि वह जमाना राजतंत्र का था, सामंती था, किंतु रचनाकार इतना निर्भय होकर इतने कठोर शब्द लिख रहा है-क्रोशन्त्यो यस्य वै राष्ट्राद्धियन्ते तरसा स्त्रियः। / क्रोशतां पतिपुत्राणां मृतोऽसौ न स जीवति। जिस राज्य में दुष्ट-जन उन रोती-बिलखती स्त्रियों का बलपूर्वक अपहरण कर लेते हैं, बलात्कार करते हैं, उन स्त्रियों के माता-पिता पति और पुत्र विवश होकर चिल्ला रहे हैं, रो रहे हैं, माथा पीट रहे हैं।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राजा उनका रुदन सुनकर के भी नहीं सुन पा रहा, महाभारतकार कहता है कि उस राज्य का राजा जीवित नहीं है,वह मर गया है। उसे जीवित होते हुए भी मरा हुआ मान लेना चाहिए। अहं वो रक्षितेत्युक्त्वा यो न रक्षति भूमिपः।/ स संहत्य निहन्तव्यः श्वेव सोन्माद आतुरः।।

मैं आप लोगों की रक्षा करूंगा-ऐसी शपथ लेने के बाद भी जो राजा प्रजा की रक्षा नहीं करता,वह उन्माद रोग से ग्रस्त है और कुत्ते की तरह हंतव्य है।

राजधर्म के पुराने विचारकों के संवाद महाभारत में कई जगह पर हैं, वहां प्रश्न उठते हैं कि सदसत् -प्रवृत्तियों को धारण करने वाला यह समय क्या है? यह समय कौन है? जिसे जमाना अथवा युग कहा जाता है, वह क्या है? यह युग क्या है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए वे कहते हैं कि युग राजसत्ता का ही आभामंडल है। प्रजा राजा का शरीर है। यदि राजधर्म बिगड़ जाए तो धर्म, विद्या, आश्रम, तप, त्याग सभी नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए राजसत्ता ही काल का कारण है।

सार-संक्षेप

बौद्ध संस्थान में सम्मानित समाचार वितरक व अन्य। अमृत विचार

व्यापार मंडल ने किया समाचार पत्र वितरकों का सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ: बौद्ध संस्थान विपिन खंड में सोमवार को सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल की वृंदावन इकाई के व्यापारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि विधायक रविदास मल्होत्रा एवं स्वामी सारंग ने शपथ दिलाई। इसके बाद समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के समाचार पत्र वितरक श्रवण चौधरी, मुरारी लाल यादव, प्रदीप कुमार वर्मा, राजकमल विश्वकर्मा, वासुदेव पाल, शिवदत्त पांडे, बीके यादव, जीके तिवारी, प्रवीण यादव, संदीप पाल, डीपी सिंह, त्रिभुवन, गोपालनाथ शर्मा, संजय, सिराज अहमद, उमाशंकर मिश्रा आदि को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। मंडल के प्रदेश अध्यक्ष असी मार्शल ने समाचार पत्र वितरकों की हर संभव मदद की बात कही। कार्यक्रम में व्यापारी अनिल कपूर, रिद्धि किशोर गौड़, अंकुर दिक्षित, मेजर आशीष चतुर्वेदी, अधिवक्ता महमूद आलम, नदीम, ज्योति सिंह अग्रवाल, जेबी सिंह, एसके द्विवेदी, जमाल अख्तर, रज्जन खान, इमरान खान, भारतीय नुरुल हुदा, आनंद रस्तोगी, वृन्दावान की इकाई के अध्यक्ष कृष्णा मौजूद रहे।

यूको बैंक के कारोबार में हुई वृद्धि

अमृत विचार, लखनऊ: कारोबार वृद्धि – यूको बैंक का कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 11.46 प्रतिशत से बढ़कर 461408 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 17.64 प्रतिशत बढ़कर 193253 करोड़ रुपये तथा कुल जमा वर्ष- दर-वर्ष 7.39 प्रतिशत बढ़कर 268155 करोड़ रुपये हो गया। 30 जून को समाप्त तिमाही के लिए लाभ 551 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि के लिए यह 223 करोड़ रुपये था, जो कि वर्ष-दर-वर्ष 147.09 प्रतिशत की वृद्धि है। रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों में अग्रिम बैंक का आरएएम संविभाग 18.65 प्रतिशत से बढ़कर 101986 करोड़ रुपये हो गया। सुदृढ़ पूंजी पर्याप्तता अनुपात 24 बीपीएस बढ़कर 17.09 प्रतिशत हो गया।

प्रदर्शन करते हुए इंटर्न चिकित्सक। अमृत विचार

भत्ता बढ़ाने के लिए इंटर्न चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में एमबीबीएस इंटर्न चिकित्सकों ने इंटर्नशिप भत्ता बढ़ाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। लोहिया संस्थान में एमबीबीएस की 200 और केजीएमयू में 250 सीटें हैं। छात्रों का कहना है कि एमबीबीएस अंतिम वर्ष के बाद एक साल की इंटर्नशिप अनिवार्य है। इस दौरान वार्ड के अलावा इमरजेंसी में भी काम लिया जाता है। इंटर्न डॉक्टर मिलने वाला 12 हजार रुपए वेतन संविदा वार्ड ब्वॉय से भी कम है। वेतन 30 हजार रुपये किया जाए।अन्य प्रदेशों में वेतन 25 से 30 हजार रुपये मिल रहा है। कहा कि मांगें नहीं सुनी गईं तो बड़ा आंदोलन करेंगे।

भारतीय नौ सेना के अधिकारियों को चाबी सौंपते इंडियन आयॅल के अधिकारी।

इंडियन ऑयल ने नौसेना को ग्रीन ईंधन सेल बस कराई उपलब्ध

अमृत विचार, लखनऊ: इंडियन ऑयल ने नौसेना को एक अत्याधुनिक हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल बस सौंपी है। हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रौद्योगिकी के प्रयोग में अग्रणी बनने के लिए नई दिल्ली के नौ सेना भवन में वाइस एडमिरल दीपक कपूर, भारतीय नौसेना के लॉजिस्टिक नियंत्रक और इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक डॉ. कन्नन चंद्रशेखरन के बीच समझौता पत्र का आदान-प्रदान किया गया। इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एसएम वैद्य ने इस पहल के बारे में कहा कि आज नौसेना के लिए इस उन्नत बस के माध्यम से पर्यावरणीय प्रबंधन का यह प्रयास एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं।

गन्ना मूल्य और बिजली बिल माफी के लिए किसानों ने किया हल्लाबोल

भारतीय किसान यूनियन के हरिनाम सिंह की अगुवाई में सौंपा गन्ना आयुक्त को ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले सोमवार को गन्ना भुगतान, बिजली माफी समेत कई मांगों को लेकर कई जिलों के हजारों किसानों ने गन्ना संस्थान पर हल्ला बोल किया। इसके बाद मांगों का एक ज्ञापन आयुक्त को सौंपा।

यूनियन के अध्यक्ष हरिनाम सिंह ने गन्ना का रेट 50 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों का बकाया भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इससे किसानों में नाराजगी है। नलकूप के कनेक्शन वाले किसानों को फ्री बिजली देने की बात हुई थी, लेकिन कई जगह अधिकारी किसानों को परेशान कर रहे हैं। कहा कि नोएडा में प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण के बाद किसान को जानकारी देता है। आवारा पशुओं से किसान की फसलों का नुकसान हो रहा है। प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह, जिला अध्यक्ष राजेश रावत, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक, महेन्द्र सिंह रंधावा, उधम सिंह, हरदत्त पाण्डेय, चौ. दिगबंर सिंह, राजवीर सिंह, अनार सिंह समेत हजारों किसान शामिल रहे।

गन्ना संस्थान पर धरना-प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता। अमृत विचार

रोडवेज कर्मियों ने शुरू किया सत्याग्रह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: यूपीएसआरटीसी कर्मियों ने सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को निगम मुख्यालय के बाहर सड़क किनारे सत्याग्रह किया। प्रदर्शनकारियों ने शोषण का आरोप भी लगाया।

संगठन के महामंत्री जसवंत सिंह ने कहा कि एचडी मासूम अली सरवर ने मुख्यालय परिसर में धरने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने आरोप लगाया कि 55,000 कर्मियों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा। संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारी का शोषण किया जा रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उत्पीड़न खत्म कराने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि, 17 सूत्री मांगें पूरी होने तक धरना चलता रहेगा।

परिवहन निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मी। अमृत विचार

▸▸ मांगे पूरी होने तक धरना जारी रखने का एलान किया

महामंत्री ने बताया कि संविदा कर्मचारियों को न्यूनतम 26000 और आउटसोर्सिंग को 13, 500 मानदेय, सातवें वेतन आयोग की सिफारिश लागू करने, 300 करोड़ यात्री कर हटाने, नेशनल हाईवे पर निगम की बसों का संचालन बढ़ाने, 2001 से काम कर रहे चालकों और परिचालकों को नियमित करने, निजीकरण बंद करने, रूपीडीह डिपो के चालक और परिचालक को बहाल करने की मांग मुख्य हैं। 40 बिंदुओ पर वार्ता करने को भी कहा गया। मांगें पूरी नहीं हुई तो सितंबर में आंदोलन किया जाएगा। इसका नोटिस एक सप्ताह में दे दिया जाएगा।

पीएम के क्षेत्र में नहीं रुकने चाहिए विकास कार्य: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, वाराणसी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में विकास कार्य नहीं रुकने चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजनाओ के मॉनिटरिंग के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया जाय। मुख्यमंत्री सोमवार को वाराणसी सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ श्रावण मास की व्यवस्थाओं व विकास परियोजनाओं के प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यहां अब तक लगभग 40 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य हो चुके हैं। लगभग 12 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं का डीपीआर बनाते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव अवश्य लिए जायं। उन्होंने रामनगर पीएसी में 200 बेड बैरक निर्माण कार्य में प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्य तेजी से कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीण पेयजल योजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए जाने का भी निर्देश दिया।

बिजली विभाग के अभियंताओं के फोन न उठाए जाने की शिकायत पर ऐसे अभियंताओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उप मुख्यमंत्री से समायोजन की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : कोविड के समय अस्पतालों में आउटसोर्सिंग पर काम करने वाले कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई है।

इन बेरोजगार ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन देकर समायोजन की मांग की। उपमुख्यमंत्री ने कहा किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जल्द ही आप लोगों का समायोजन होगा।

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी
हाटा, कुशीनगर

पत्रांक: जर्जरभवन / नीलामी/216–23/2024–25 दिनांक: 22.07.2024

सार्वजनिक नीलामी सूचना

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कुशीनगर के पत्रांक: जर्जर भवन/7525–28/2024–25 दिनांक 20–07–2024 के अनुक्रम में एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड–हाटा, कुशीनगर के परिषदीय विद्यालय संविलयन वि0 परसौना बुजुर्ग तथा संविलयन वि0 कछुईया सोमाली के जीर्ण–शीर्ण विद्यालय भवन की निलामी ब्लाक संसाधन केन्द्र, हाटा के परिसर में दिनांक 24.07.2024 को पूर्वाहन 11: 00 बजे खुली बैठक कराकर किया जाना है। निलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। निमाली प्रक्रिया का वितरण निम्नवत् है।

क्र. सं.	विद्यालय का नाम	भवन का प्रकार	तकनीकी समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम धनराशि	निलामी की तिथि
1	संविलयन वि0 परसौना बुजुर्ग	मूल भवन	43473.69	24.07.2024
2	संविलयन वि0 कछुईया सोमाली	मूल भवन	53000.00	24.07.2024

(अमितेष कुमार)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
हाटा, कुशीनगर

नगर निगम मुख्यालय में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ केंद्रीय कार्यशाला के 22 कर्मचारियों पर एफआई पर जताया आक्रोश

अमृत विचार : नगर निगम की गोमती नगर स्थित केंद्रीय कार्यशाला के 22 कर्मचारियों पर एफआईआर के विरोध में कर्मचारियों ने मुख्यालय में प्रदर्शन कर आक्रोश जताया।

नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा के नेतृत्व में कर्मचारी नगर आयुक्त के कक्ष के बाहर गैलरी में धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। उनकी मांग थी कि कर्मचारियों पर कराई गयी एफआईआर वापस ली जाए। इसके बाद पदाधिकारियों ने महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात की और कर्मचारियों के खिलाफ की गयी एफआईआर को गलत बताया। उन्होंने नगर आयुक्त से अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों को परिवार का पालन पोषण करने के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को वेतन देने के लिए निर्देशित करने का अनुरोध किया। साथ ही मनगढंत आरोप लगाने वाले अधिकारियों को दंडित करने की मांग की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को डेंटल सर्जन ने किया संबोधित

अमृत विचार, लखनऊ : दांतों में संक्रमण के इलाज के लिए रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) किया जाता है। इस दौरान कई बार रूट कैनाल नहीं मिल पाती है। ऐसे में उसे तलाशने के लिए कैल्शियम की परत हटानी पड़ती। ऐसे में दांतों की जड़ों को नुकसान हो सकता है। यह जानकारी दिल्ली में डेंटल सर्जन डॉ. प्रशांत भसीन ने दी। वह केजीएमयू में कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री विभाग की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डीन डॉ. रंजीत पाटिल, डॉ. रिदम, डॉ. राकेश, डॉ. विजय, डॉ. प्रज्ञा पांडेय और डॉ. निशी मौजूद रहीं।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं UDIT NARAYAN CHAUDHARI पुत्र SANT RAM CHAUDHARY निवासी SHIVGARH ROAD BACHHRAWN RAEBARELI का रहने वाला हूँ, अब मैंने अपना नाम UDIT NARAYAN CHAUDHARY रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना और पहचाना जाये।

ज्वाला प्रसाद सिंह महाविद्यालय
महादेव नगर ,नानेमऊ सुलतानपुर
में आवश्यकता है–
प्राचार्य पद हेतु।
योग्यता एवं वेतनमान – यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने अन्दर अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं दो स्व: पता लिखा लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
प्रबंधक
मो0नं0– 9792630538

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत निर्माण खण्ड, केस्को, आर0 पी0 एच0, कानपुर
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

1. ई0 निविदा सं0– 05/कान्श0/2024–25, विवरण– Maintenance of 33 kV all make VCB and Control Relay Panel Installed at different 33/11 KV Sub-Stations alongwith cost of required spares under EUDC-II & IV Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 14,000/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 06.08.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–06.08.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 13.99 (कर अतिरिक्त)।
उपरोक्त ई0 निविदा की पूर्ण प्रक्रिया एवं समस्त शर्तें उ0प्र0 सरकार की ई0 टेन्डरिंग वेब साईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से की जायेगी एवं भविष्य में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेण्डर वेब साईट पर ही उपलब्ध होंगी। ई–निविदाओं में निर्धारित ई–निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केस्को के बैंक खाता सं0– 7723508014 आई0एफ0एस0सी0–IDIB000K587 में जमा करायी जायेगी। केस्को प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं।
अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड)
पत्रांक 879/वि0नि0ख0(के0) का0/2024
दिनांक 22.07.2024
"राष्ट्र हित मे ऊर्जा बचाए"

कार्यालय ग्राम पंचायत इक्काताजपुर, विकासखण्ड-शुकुल बाजार, जनपद - अमेठी

पत्रांक मेमो / मनरेगा/पंचम वित/पन्द्रहवां वित/ 2023–24 दिनांक – 23/07/2024

अल्पकालीन निविदा/ कोटेशन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मनरेगा/पंचम वित/पन्द्रहवा वित्त योजनांतर्गत 2024–25 वर्ष में स्थानीय पंजीकृत फर्मो से निम्नलिखित कार्यो पर मुहरबंद निविदाएं व कोटेशन दिनांक 22/07/2024 से 29/07/2024 तक दिन में ग्राम पंचायत के अस्थायी सचिवालय में प्राप्त कराएं। सभी प्राप्त निविदाएं/कोटेशन दिनांक 29/07/2024 को दिन में 3 बजे ग्राम पंचायत के अस्थायी सचिवालय पर खोले जाएंगे। न्यनूतम दरदाता के पक्ष में आपूर्ति आदेश जारी किया जाएगा। किसी भी निविदा व कोटेशन को स्वीकार करने व अस्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	माप/मात्रा	अनुमानित लागत लाख में	आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री काम नाम
1	पंचायत घर से राजाराम के घर तक नाली निर्माण	70 मीटर	1.500	सीमेन्ट, मौरंग, बालू, प्रथम श्रेणी ईट, आदि
2	राजाराम के घर से तालाब तक नाली निर्माण	80 मीटर	1.800	सीमेन्ट, मौरंग, बालू, प्रथम श्रेणी ईट, आदि
3	पंचायत भवन से मालिकराम के घर तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य	70X3.30 मी0	2.800	सीमेन्ट, मौरंग, बालू, प्रथम श्रेणी ईट, इण्टरलाकिंग ईट आदि
4	सांईदीन के घर से लखन के घर तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य	70X3.30 मी0	2.800	सीमेन्ट, मौरंग, बालू, प्रथम श्रेणी ईट, इण्टरलाकिंग ईट आदि

प्रधान श्रीमती कलावती
ग्राम पंचायत–इक्काताजपुर
विकास खण्ड–शुकुल बाजार
जनपद–अमेठी

ग्राम पंचायत सचिव
सुरेश कुमार मिश्रा
विकास खण्ड–शुकुल बाजार
जनपद–अमेठी

सुपुर्द-ए-ख़ाक हुए हाजी मुख्तार मंसूरी

अमृत विचार, लखनऊ: ऑल इंडिया मंसूरी समाज व पसमांदा मुस्लिम समाज के संस्थापक सदस्य हाजी मुख़्तार मंसूरी को सोमवार को सर्वोदय नगर क़ब्रिस्तान में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया। उनका रविवार को निधन हो गया था। कब्रिस्तान में पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी, कोषाध्यक्ष हाजी नसीम मंसूरी, सचिव हाजी शब्बन मंसूरी, हाफ़िज़ शौकत मंसूरी, संगठन मंत्री मौलाना इलियास मंसूरी मौजूद रहे।

हाजी मुख्तार मंसूरी

अंजुमन-ए-शब्बीरिया के साहिबे बयाज सईद हुसैन का निधन

अमृत विचार, लखनऊ : पुराने लखनऊ के शीशमहल में रहने वाले अंजुमन-ए-शब्बीरिया के साहिबे बयाज और अंजुमन-ए-शहीदाने कर्बला के धुन साज सईद हुसैन उर्फ़ बर्क लखनवी का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वह शायर-ए-अहलेबैत मुश्ताक लखनवी के छोटे भाई थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सोमवार को देर रात में कर्बला तालकटोरा में उन्हें सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया।

सईद हुसैन

कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, रायबरेली

पत्रांक: 172/डूडा/निविदा/2024–25 दिनांक:– 22/07/2024

निविदा सूचना

जनपद रायबरेली उ0प्र0 में डूडा द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में नगर पालिका परिषद रायबरेली के 18 कार्य नगर पंचायत बछरावों के 05 कार्य नगर पंचायत शिवगढ के 04 कार्य नगर पंचायत सलोन के 10 निर्माण कार्य इस प्रकार कुल 37 निर्माण कार्यो की ऑनलाइन निविदा, निविदा सूचना संख्या 174 /01/डूडा/निविदा/2024–25 दिनांक 22/07/2024 के द्वारा आमंत्रित की जाती है। इन्हे निम्नलिखित विवरण के अधीन ऑनलाइन निविदाये http://etender.up. nic.in के माध्यम से देखा जा सकता है।

क्र0सं0	निविदा विवरण	दिनांक	समय
1	निविदा प्रकाशन वेब साइट पर तिथि/समय	30/07/2024	अपरान्ह 12 बजे
2	निविदा डाउन लोड की प्रारम्भ तिथि/समय	30/07/2024	अपरान्ह 12 बजे
3	निविदा डाउनलोड की अन्तिम तिथि/समय	21/08/2024	सायं 5 बजे
4	निविदा ऑनलाइन खोलने की तिथि/समय	22/08/2024	अपरान्ह 12 बजे

अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)/
परियोजना निदेशक
डूडा रायबरेली

दिव्यांगता पर अनंत की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जन्म से दिव्यांग बच्चे को लिंब सेंटर में लगाया गया कृत्रिम पैर

अमृत विचार : जन्म से दिव्यांग पांच वर्षीय बच्चे अनंत को केजीएमयू के लिंब सेंटर में कृतिम पैर लगाया गया। अब बच्चा उछल कूद करने के साथ मनमोहक नृत्य भी करने लगा है। इकलौते बेटे की दिव्यांगता दूर होने से माता-पिता भी फूले नहीं समाते हैं।

बलरामपुर जिले के मूल निवासी श्याम पांडेय पत्नी अलका पांडेय के साथ सीतापुर रोड स्थित अहलदादपुर गांव की नई बस्ती में रहते हैं। वह बीकेटी के निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में कैंटीन चलाते हैं। अलका को गर्भधारण में दिक्कत थी। काफी इलाज के बाद निजी अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। जन्म के तीन दिन बाद डॉक्टर ने बताया कि बच्चे का बायां पैर दाहिने से छोटा है। बायां पैर दूसरे पैर के घुटने के बराबर ही था। इस पर परिजन सदमे में आ गए।

श्याम ने बच्चे का नाम अनंत जीत पांडेय रखा गया। उसे कई डॉक्टरों को दिखाया, लेकिन फायदा नहीं हुआ। पांच साल का होने पर अनंत को चलने-फिरने में दिक्कत होने लगी। पिता ने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के बाल रोग में डॉक्टर सुरेश को दिखाया। उन्होंने पैर का परीक्षण कर बच्चे को लिंब सेंटर भेज दिया। लिंब सेंटर में प्रोस्थेटिक ऑर्थोटिक वर्कशॉप की इंचार्ज शगुन सिंह ने बताया कि बच्चे को कृतिम पैर लगाकर प्रशिक्षण दिया गया। अब अनंत खेलने-कूदने के साथ नृत्य भी करता है। शगुन ने बताया कि बच्चे का एक पैर छोटा से वह शरीर का संतुलन संतुलन बनाने के लिए दूसरा पैर घुटने से मोड़ कर रखता था। चलने पर कमर से टेढ़ा हो जाता था। इससे उसका दूसरा पैर खराब होने और कमर टेढ़ी होने का भी खतरा था।

वर्कशॉप में कृत्रिम अंग 90 फीसदी तक सस्ते

शगुन ने बताया कि वर्कशाप में सस्ते और हल्के उपकरण तैयार किए जा रहे हैं। सेंटर में प्रदेश भर से मरीज रेफर होकर आते हैं। हर महीने 500-600 दिव्यांगों को सेवाएं दी जा रही हैं। चार से छह हजार रुपये में पैर व अन्य अंग बन जाते हैं। निजी कंपनियों में कीमत 50 से 60 हजार रुपये तक होती है। गरीबों को सरकारी फंड और निजी संस्था के माध्यम से मुफ्त में भी अंग लगाए जा रहे हैं।

अनंत

कानपुर नगर निगम, मोतीझील कानपुर
सार्वजनिक सूचना

गजट अधिसूचना के पत्रांक संख्या–257/नौ–2021–162सा/2021 लखनऊ, दिनांक 20 अक्टूबर, 2021 के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कानपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत कानपुर नगर के समस्त 110 वार्डो के सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयास से नगर निगम कानपुर की प्रत्येक वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में कानपुर नगर निगम बेहतर रैकिंग होती रही है। इस वर्ष भी नगर निगम, कानपुर 'स्वच्छ सर्वेक्षण–2024' में प्रतिभाग कर रहा है। कानपुर नगर के सम्मानित जनता से निवेदन है कि अपने घरो / प्रतिष्ठानों से निकलने वाले सूखा कूड़ा (Dry Waste) को नीले डस्टबीन में, गीला कूड़ा (Wet Waste) को हरा डस्टबीन में, घरेलू हानिकारक (Domestic Hazardous Waste) को काला डस्टबीन में एवं डोमेस्टिक सैनेटरी (Domestic Sanitary Waste) को पीला डस्टबीन में अलग–अलग रखे। एकत्रित गीला एवं सूखा कूड़ा को रोड/ सड़क/मार्ग/ खाली प्लाट/इधर–उधर में न फेके। नगर निगम कानपुर द्वारा प्रत्येक घरो से दिन में एक बार कूड़ा कलेक्शन करने हेतु कर्मचारी लगाये गये है, अपने घरो के कूड़े को नगर निगम की वाहन पहुंचने पर उसमें डाले एवं नगर निगम कानपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में रैकिंग प्राप्त करने में अपना योगदान देकर अपने नागरिक कर्तव्यो का वहन करे।

नगर आयुक्त
नगर निगम, कानपुर

Ro no-48

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी
हाटा, कुशीनगर

पत्रांक: जर्जरभवन / नीलामी/216–23/2024–25 दिनांक: 22.07.2024

सार्वजनिक नीलामी सूचना

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कुशीनगर के पत्रांक: जर्जर भवन/7525–28/2024–25 दिनांक 20–07–2024 के अनुक्रम में एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड–हाटा, कुशीनगर के परिषदीय विद्यालय संविलयन वि0 परसौना बुजुर्ग तथा संविलयन वि0 कछुईया सोमाली के जीर्ण–शीर्ण विद्यालय भवन की निलामी ब्लाक संसाधन केन्द्र, हाटा के परिसर में दिनांक 24.07.2024 को पूर्वाहन 11: 00 बजे खुली बैठक कराकर किया जाना है। निलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। निमाली प्रक्रिया का वितरण निम्नवत् है।

क्र. सं.	विद्यालय का नाम	भवन का प्रकार	तकनीकी समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम धनराशि	निलामी की तिथि
1	संविलयन वि0 परसौना बुजुर्ग	मूल भवन	43473.69	24.07.2024
2	संविलयन वि0 कछुईया सोमाली	मूल भवन	53000.00	24.07.2024

(अमितेष कुमार)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
हाटा, कुशीनगर

एक नजर

सरयू का पानी घटने से बढ़ी कटान की मुसीबत

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : सोमवार को सरयू नदी के जलस्तर में तेजी से गिरावट आई, तो इससे हेतमापुर बाढ़ग्रस्त इलाके में बाढ़ का पानी भी नदी में खिसक गया। पानी घटने के साथ कटान से मुसीबत बढ़ गई है। घाघरा नदी तटीय क्षेत्रों में तेजी से कटान कर रही है। कटान के चलते बबुरी, हेतमापुर, केदारीपुर, सरसंडा व कचनापुर गांव का अस्तित्व अब खतरे की ओर बढ़ रहा है। उधर सुंदरनगर, हेतमापुर, बलाईपुर, बाबापुरवा और क्योलीपुरवा आदि गांवों के किनारे भरा हुआ पानी भी वापस नदी में खिसक रहा है। पानी खिसकने के बाद गांवों में हर तरफ कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा है। इन क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या मच्छरों का प्रकोप बनकर सामने आ रही है, तो उधर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांवों में एंटीलार्वा, ब्लीचिंग पाउडर छिडकवाने में जुट गई है।

अपहरण का आरोपी नाबालिग के साथ गिरफ्तार

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस ने 13 वर्षीय नाबालिग के अपहरण के आरोपी युवक को लड़की के साथ गिरफ्तार कर जेल रवाना किया है। शनिवार को थाना लोनीकटरा क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री के अपहरण की सूचना पुलिस को देकर एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। सोमवार की सुबह लोनीकटरा पुलिस ने लड़की को उस युवक के साथ हुसेनाबाद चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक को जेल भेजा दिया। जबकि लड़की का मेडिकल करवाकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

दुष्कर्म के दोषी को दो वर्ष का कठोर कारावास

बाराबंकी, अमृत विचार : न्यायालय ने सोमवार को आपराधिक मामलों मे थाना क्षेत्र देवा के निवासी रामपुर कुडेलवा निवासी उमेश यादव को दुष्कर्म करने, गाली–गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले मे दो वर्ष की कैद व पांच सौ रुपये जुर्माने की साथ सजा सुनाई है।

सर्पदंश से ग्रामीण गंभीर

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बा हैदरगढ़ के कोठी मोहल्ला निवासी एक 45 वर्षीय शख्स सोमवार सुबह लगभग 7 बजे सर्प दंश का शिकार हो गया। सीएचसी लाये गये मो. अली पुत्र नादिर अली को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

लोधेश्वर महादेवा में एक लाख भक्तों ने किया जलाभिषेक

आधी रात से कपाट खुलते ही शिवभक्तों की लगी भीड़, भक्तों की पूजा-अर्चना के बीच गूंजे हर-हर-बम-बम भोले के जयकारे

महादेवा मंदिर के कपाट खुलते ही जलाभिषेक के लिए उमड़े भक्त। अमृत विचार

मंदिर परिसर में रातभर लगी रही भक्तों की लंबी कतारें। अमृत विचार

जलाभिषेक के लिए महिला श्रद्धालुओं का भी लगा तांता।

अवसानेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक से पहले गोमती नदी में स्नान करते शिवभक्त। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार: सावन के पहले सोमवार को जिले के लोधेश्वर महादेवा सहित जिले के सभी शिवालयों में हर -हर-बम-बम की गूंज रही। वातावरण शिवमय रहा। जिसे देखो वह शिवालयों की ओर हाथ में लोटा और बेलपत्र आदि पूजन सामग्री लेकर जाता दिखा। रामनगर के पौराणिक स्थल लोधेश्वर महादेवा धाम में श्रद्धालुओं का विशाल सैलाब उमड़ा। आधी रात के बाद मंदिर के कपाट खुलते ही बम-बम भोले के जयकारों के बीच शिवभक्तों का जलाभिषेक करने सिलसिला शुरू हो गया। जो सोमवार देर शाम तक चलता रहा। करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने आदिदेव महादेव की पूजा अर्चना कर मनवांछित फल की कामना की।

सावन मास के पहले सोमवार पर जलाभिषेक के लिए सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा धाम में रविवार की शाम से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगने लगा था। महादेवा के मार्गों से लेकर मंदिर व मेला परिसर में चारों ओर भगवा रंग के कपड़े पहने शिवभक्तों की टोली भजन-कीर्तन करती रही। जिससे पूरा महादेवा क्षेत्र शिवमय बना रहा। चारों ओर हर-हर-बम-बम के जयकारे गूंजते रहे। रविवार की शाम से ही पुरुष व महिला श्रद्धालु कतारों में लगकर हाथों में जल, पुष्प, भांग, धतूरा, अक्षत और मिष्ठान आदि पूजन सामग्री लिए हुए दर्शन को लालायित दिख रहे थे। मंदिर प्रशासन द्वारा रात्रि 12 बजे के बाद मंदिर के कपाट खोल दिए गए। जिसके बाद शिवभक्तों ने महादेव के जयकारे लगाते हुए मंदिर में प्रवेश कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मंदिर गर्भगृह में भक्तों की भीड़ को संभालने में पुलिस के पसीने छूट रहे थे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस व पीएसी के जवान जगह-जगह तैनात रहे। एसडीएम पवन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक कुमार पाठक, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, कोतवाल रत्नेश पांडेय, मेला प्रभारी चौकी इंचार्ज संतोष त्रिपाठी समेत भारी पुलिस फोर्स मुस्तैदी से जुटा रहा।

मरीं अभरन सरोवर की मछलियां: महादेवा के अभरन सरोवर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गोताखोर तैनात किये गये थे। लेकिन रविवार की रात्रि अभरन सरोवर तालाब की तमाम छोटी-बड़ी मछलियां काल के गाल समा गईं। सोमवार को सैकड़ों मृत मछलियां उतराता देख हड़कंप मच गया।

अधूरी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं पर पड़ रही भारी

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : लोधेश्वर महादेवा के सावनी मेले को लेकर जिला पंचायत के अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे। विभाग के द्वारा की गई आधी अधूरी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं पर भारी पड़ रही हैं। लोधौरा चौराहे से मेला बाग तक प्रकाश की उचित व्यवस्था नहीं की गई है। सूरतगंज महादेवा मार्ग से हजारों शिवभक्त हाथों में जल लेकर पग यात्रा करते हुए रविवार की रात्रि महादेवा पहुंचे थे। रैन बसेरों की उचित व्यवस्था न होने के चलते मेला बाग में भजन कीर्तन कर रहे थे। जहां पर प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं थी। इन दिनों बरसात के कारण तमाम विषैले कीड़े मकौड़ो का खतरा बना हुआ है। जिला पंचायत के द्वारा मेला बाग में शिवभक्तों के लिए पंडाल भी नहीं लगाया गया है। बोहनिया तालाब पर भी जाल नहीं लगाया गया है। मंदिर के पास लगी मर्करी लाइट में करंट आ रहा था। जिसका कनेक्शन काट दिया गया था। अभी तक उसे भी सही नहीं किया गया है।

सावनी मेले में वाहन स्टैंड पर मनमानी वसूली

लोधेश्वर महादेवा में सावनी मेले के प्रथम सोमवार पर वाहन स्टैंड ठेकेदार व उनके कारिंदों द्वारा मेले में आने वाले दोपहिया व चार पहिया वाहनों के चालकों से मनमानी तरीके से जमकर वसूली की गई। महादेवा ऑडिटोरियम वाहन स्टैंड सहित चार वाहन स्टैंडों पर अशोक शुक्ला व उनके सहयोगियों द्वारा प्रति मोटरसाइकिल 20 रुपये, ऑटो रिक्शा 50 रुपये, बोलेरो व अन्य वाहनों से 100 रुपये तथा प्रति बस 200 रुपये की वसूली की गई। वसूली का आलम यह था कि सड़क मार्गों के किनारे खड़े वाहनों से भी वसूली की गई। स्थानीय लोगों को भी नहीं बक्शा गया। इसके चलते ठेकेदार व स्थानीय लोगों में जमकर तकरार भी हुई। क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि अवैध वसूली के चलते जिस तरह महादेवा का अगहनी मेला खत्म हो गया है। इसी तरह शासन प्रशासन ने मानक विहीन वसूली पर रोक न लगायी तो सावनी मेले का भी अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

अन्य शिवालयों में भी गूंजता रहा हर-हर-बम-बम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: रामनगर के लोधेश्वर महादेवा के अलावा सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के कुंतेश्वर महादेव, हैदरगढ़ क्षेत्र के औसानेश्वर महादेव, त्रिवेदीगंज के सोनेश्वर महादेव, रामसनेहीघाट के बुढ़वा बाबा महादेव, सिद्धौर के सिद्धेश्वर महादेव, बंकी के खसपरिया स्थित मत्थेश्वर महादेव व जिला मुख्यालय पर नागेश्वर नाथ महादेव, चंद्रेश्वर महादेव मंदिर कैलाश आश्रम, लखपेड़ाबाग शिव मंदिर, बावली शिव मंदिर पीर बटावन, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर आवास विकास कॉलोनी, नीलकंठेश्वर, किल्लेश्वर, भुवनेश्वर महादेव, दुग्धेश्वर महादेव व कंकड़ेश्वर महादेव मंदिर समेत जिले के सभी शिवालयों पर पर भक्तों की कतारें सुबह से ही देखी गईं। ऊं नमः शिवाय का पाठ भी कई मंदिरों में होता रहा और हर-हर-बम-बम भोले के जयकारे गूंजे।

हैदरगढ़ के औसानेश्वर महादेव मंदिर में सुबह चार बजे मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही जलाभिषेक के लिए पूरा परिसर श्रद्धालुओं से भरा हुआ था। दिनभर जलाभिषेक का तांता रहा। मेला भी लगा। हैदरगढ़ कस्बे में रामेश्वर शिवाला, किलेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर महादेव का भी भक्तों ने जलाभिषेक किया। मजीठा स्थित नाग देवता मंदिर व उसी परिसर में स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ जुटी। यहां मेला भी लग रहा है। नाग देवता की बांबी पर भक्तों ने दूध व चावल चढ़ाया। रामसनेहीघाट में कल्याणी तट पर स्थित बुढ़वा बाबा शिव मंदिर पर सोमवार भोर तीन बजे से ही जलाभिषेक शुरू हो गया। दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। तमाम श्रद्धालुओं ने कल्याणी नदी में डुबकी लगाकर जलाभिषेक किया। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के वनखंडेश्वर महादेव सहित अन्य मंदिरों में जलाभिषेक का क्रम सुबह चार बजे से ही शुरू हो गया। दिनभर तांता लगा रहा। नगर पंचायत सिद्धौर के प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच भक्तों ने जलाभिषेक किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ महाराज का विधि विधान से रुद्राभिषेक किया। इसके अलावा कस्बा मसौली, बांसा, बड़ागांव, सफदरगंज, उधौली, सैदनपुर, सिसवारा, जकरिया, भयारा, त्रिलोकपूर, बिंदौरा, रानीबाजार और सुरवारी सहित क्षेत्र के गांवों के शिवालयों में जलाभिषेक हुआ। गांवों के लोग लोधेश्वर महादेवा भी जलाभिषेक के लिए भी पहुंचे।

लखपेड़ाबाग के शिव मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक करते पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

लोधेश्वर महादेवा पहुंचीं दो महिलाओं की चेन चोरी

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर लोधेश्वर महादेवा के दर्शन करने आईं दो महिला श्रद्धालुओं की चेन चोरी हो गई। पीड़ितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लखनऊ व कानपुर की दो महिलाएं परिवार के साथ महादेवा पूजा दर्शन करने आई थीं। सुबह के वक्त जलाभिषेक करते समय गर्भ गृह के भीतर से उनकी चेन गले से गायब हो गईं। लखनऊ की रहने वाली महिला श्रद्धालु ने जब बाहर आकर अपना गला चेक किया तो चेन गायब थी। यह देख पास में खड़ी कानपुर की महिला ने भी अपनी चेन देखी तो वह भी नही मिली। उसी वक्त वह रोने चिल्लाने लगी। महिलाओं का कहना था कि चोर महिलाएं मेरे पीछे ही थीं। गर्भ गृह के अंदर जलाभिषेक करते समय मेरे गले की चेन खींची है। यदि सीसीटीवी फुटेज में दिखेंगी तो मैं उन्हें पहचान सकती हूं। फिलहाल पुलिस के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि मेले के बाद कैमरों के माध्यम से चोरों की तलाश की जाएगी।

चौराहे के पास दुकान के पीछे मिला युवक का शव

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार: संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। शव चौराहे के पास दुकान के पीछे पड़ा हुआ मिला। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए भेजा है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के चंदूरा गांव के निवासी अमरेंद्र राठौर का तीस वर्षीय पुत्र मुकेश का शव सोमवार की शाम मोहम्मदपुर खाला चौराहे के निकट अमित के होटल के पीछे पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची हुई पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत अत्यधिक शराब के सेवन से होना प्रतीत हो रही है। पोस्मार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में रविवार की देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक नौकरी पेशा अधेड़ की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ही नरौली गांव निवासी कृष्ण भान सिंह 55 वर्ष बीबएचईएल जगदीश पुर में नौकरी करते थे। अन्य दिनो की तरह आधी रात के करीब अपनी बाइक से घर आ रहे थे कि तभी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर पिचूरी गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद सड़क पर जा रहे कांवड़ियों ने पास में पड़े मोबाइल से उनके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को सीएचसी हैदरगढ़ लेकर आए। यहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

व्यापारी के पुत्र ने फांसी लगा दी जान

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार: संदिग्ध हालातों में एक व्यवसाई पुत्र ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच कर रही है।

लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे के किनारे पूरे मितई वार्ड निवासी अशोक कुमार गुप्ता की कपड़े की दुकान व मकान स्थित है। सुबह लगभग दस बजे श्री गुप्ता का छोटा पुत्र रतन दीप गुप्ता 25 वर्ष घरेलू काम निपटा कर अपने कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद उसका एक भाई कमरे में गया तो उसे छत में लगे कुंडे से गमछे के सहारे फांसी से लटकता देखा। उसकी चीख निकल गई। परिजनों ने आनन-फानन में रतन दीप को नीचे उतारा। घरेलू डॉक्टर को बुलाकर दिखाया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। देखते ही देखते मोहल्ले वालों की भीड़ जमा हो गई।

महीनों से बंद है आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों को नहीं मिल रही शिक्षा

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार: बाल विकास परियोजना के माध्यम से राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 6 साल तक के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिए सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाती है, ताकि स्कूल पूर्व शिक्षा के तहत नन्हे बच्चे कुछ सीख सकें। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिलने वाले पोषाहार से कुपोषण दूर हो तथा गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं का समय पर टीकाकरण हो, लेकिन कार्यकत्री की लापरवाही से सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। विकासखंड हैदरगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्र चौबीसी प्रथम का बहुत बुरा हाल है। केंद्र पर तैनात कार्यकत्री शैल कुमारी अपनी पहुंच के चलते केंद्र पर कई कई माह नहीं आती हैं। आगनबाड़ी केंद्र बंद होने से बच्चों का शिक्षण कार्य प्रभावित है। वहीं ग्रामीणों में इस घोर लापरवाही को लेकर रोष है।

आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने पर विरोध–प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

सोमवार को ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी केंद्र चौबीसी प्रथम पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह केंद्र लगातार कई महीनों से बंद है। पुष्टाहार व अन्य लाभ भी कई कई माह नहीं मिलते हैं। ग्रामीण राजू ने बताया कि कोई भी सामग्री केंद्र पर वितरित नहीं की जाती है, बल्कि कार्यकत्री द्वारा दूसरे गांव में अपने मायके के घर से वितरण किया जाता है। जिससे वहां जाने पर सामग्री कम देने या प्रति माह न देने की बात कोई न कह सके। वहीं नाम न छापने की शर्त पर एक महिला ने बताया कि शिकायत करने की बात कहने पर कोई भी लाभ न देने की धमकी दी जाती है। केंद्र कभी नहीं खुलता है, महीने-दो महीने में एक-दो घंटे के लिए शायद कभी आती है। वहीं इस बारे में मो. शम्स तरबेज खां, उपजिलाअधिकारी ने कहा कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहने के मामले की जांच कराई जाएगी।

सार-संक्षेप

प्रधान पद पर 10 लोगों ने किया नामांकन

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में रिक्त पदों पर नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार को विकास खण्ड अन्तर्गत प्रधान पद हेतु रिक्त हुई पंचायत जौरास व कान्हूपुर से अलग अलग दस लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। खण्ड विकास कार्यालय में ग्राम पंचायत जौरास से प्रधान पद हेतु राम बहादुर यादव व उनकी पत्नी आशा यादव ने तथा गुरु दीन मौर्य व उनके भाई राम चन्द्र मौर्य ने नामांकन पत्र दाखिल किए। जबकि एक अन्य पंचायत कान्हूपुर से छह प्रधान पद प्रत्याशियों अनीता, अमिता, निशा पांडेय, राजरानी, शीला पाल व सुनीता पाल ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत बहुता में ग्राम पंचायत सदस्य हेतु रिक्त एक पद के लिए श्यामा ने एक मात्र नामांकन पत्र दाखिल किया है।

बीडीसी की रिक्त सीट पर दाखिल हुए नामांकन

उपचुनाव के लिए नामांकन करता उम्मीदवार। अमृत विचार

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : त्रिस्तरीय पंचायत के उपचुनाव में सोमवार को हुए नामांकन में ग्राम नेवला करसंडा के वार्ड नंबर 30 के रिक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य के प्रथम पद पर एक पर्चा दाखिल हुआ तथा ग्राम पंचायत तीन पदों पर एक ही उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया। ग्राम पंचायत नेवला करसंडा के रिक्त क्षेत्र पँचायत सदस्य के पद पर राजू पुत्र मुन्ना ने अपना नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, एआरओ चौधरी अनमोल, व उर्दू अनुवादक शरीफ अहमद के समक्ष दाखिल किया।। ग्राम पंचायत सदस्य दादरा, बुधवारा, बांसा के रिक्त पद पर मात्र दादरा के वार्ड संख्या 12 पर मो0 अकील पुत्र शाहिद अली ने नामांकन पत्र दाखिल किया। ग्राम पंचायत बुधवारा के वार्ड संख्या 5 पर सहदेव प्रसाद पुत्र राज नरायण एव ग्राम पंचायत बांसा के वार्ड संख्या 11 पर सुमन देवी ने नमाकन पत्र दाखिल किया। सभी पदो पर एक एक ही नामांकन पत्र दाखिल होने से निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।

शाखा प्रबंधक को दी गई विदाई

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : आर्यावर्त बैंक के शाखा प्रबंधक अभिनव कुमार द्विवेदी का दूसरी शाखा में स्थानांतरण हो जाने के चलते उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। सोमवार को आर्यावर्त बैंक शाखा रामनगर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालन सीपी मिश्रा ने किया। आशीष मिश्रा, शोभित द्विवेदी, अभिजीत गुप्ता और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गया प्रसाद ने शाखा प्रबंधक के द्वारा किए गए कार्यों को बताया तथा अभिनव कुमार द्विवेदी व राजेश कुमार अवस्थी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऐसा शाखा प्रबंधक मिलना मुश्किल है। नऐ शाखा प्रबंधक श्रवण कुमार मिश्र ने कार्यभार ग्रहण करते हुए कहा कि जिस तरह से अभिनव कुमार द्विवेदी ने 2 वर्ष के कार्यकाल में शाखा का मान बढ़ाया है। मेरी भी कोशिश रहेगी यह साख बनी रहे। इस मौके पर सीएसपी विकास कुमार, फैयाज अहमद, कैलाश यादव, राकेश शुक्ला और राजेंद्र प्रसाद दुबे, बैंक सखी प्रीति वर्मा, द्वारका प्रसाद तिवारी, संजय तिवारी, राजेश कुमार मौर्य और सुमित्रा प्रसाद रहे।

निजी भूमि पर अवैध नाली की खोदाई का आरोप

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : सड़क दुर्घटना में मृतक बेटे के कामकाज में जुटे पिता की निजी भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा अवैध नाली की खोदाई करवा दी गयी। इसकी जानकारी होने पर हैरान परेशान पीड़ित ने तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। विकासखंड के ग्राम मरौचा मजरे सिलौटा निवासी राम हरक पुत्र छोटेलाल ने सोमवार को तहसील सभगार में आयोजित समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि गांव के बाहर स्थित उसकी कृषि योग्य भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा अवैध तरीके से खोदाई कारवाई गई है। जिसमें पक्की नाली के निर्माण की बात चल रही है। यदि इसे रुकवाया नहीं गया तो हमारा रकबा प्रभावित होगा और हमारी फसल भी बर्बाद होगी।

समाधान दिवस | डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश–गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निपटाएं सभी मामले

जिलाधिकारी के समक्ष 130 में मात्र सात मामलों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार: जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने सोमवार को तहसील सिरौलीगौसपुर में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई करते हुए आमजन की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं को समयबद्ध व समुचित रूप से निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 133 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें मौके पर सात प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 40 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित 22, विकास विभाग के 31, विद्युत विभाग के 17, पूर्ति विभाग के 14 व अन्य विभाग से संबंधित नौ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। इस दौरान जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि प्राप्त समस्याओं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द अवस्थी, सीओ, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, डीडीओ भूषण कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम बीके मोहन, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय, डीएसओ राकेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

तीन मामलों का निस्तारण: रामसनेहीघाट, बाराबंकी: संपूर्ण तहसील सभागार में हुए संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम रामआसरे वर्मा ने किया। जिसमें कुल 34 मामले आए, जिनमें केवल तीन का निस्तारण हुआ।। जिसमें राजस्व 18 , पुलिस 4, विकास 6, विद्युत के एक व अन्य विभागों के पांच मामले शामिल रहे।

समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

96 शिकायती पत्रों में से निस्तारण शून्य

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : उप जिलाधिकारी शम्स तबरेज खां की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें 96 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। सभी शिकायतों पत्रों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को त्वरित जांच पड़ताल के बाद शिकायती पत्रों का निस्तारण के आदेश दिए। सबसे अधिक 65 शिकायती पत्र राजस्व विभाग से आई। इसके अलावा पुलिस विभाग से 9 ,विकास विभाग से 7 ,बिजली विभाग से 5 व आपूर्ति विभाग से तीन शिकायती पत्र मिले हैं। मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया है। इस मौके पर तहसीलदार, बीडीओ हैदरगढ़ संजीव कुमार गुप्ता व त्रिवेदीगंज प्रियंका सिंह, सीओ हर्षित चौहान, पूर्ति निरीक्षक प्रभास त्रिपाठी व संजय कुमार, बिजली विभाग से एसडीओ, सीएचसी अधीक्षक हैदरगढ़ सौरभ शुक्ला व त्रिवेदीगंज डॉ. प्रणव, बाल विकास परियोजना विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

युवक पर बहन को भगाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी: अमृत विचार: थाना क्षेत्र लोनीकटरा अन्तर्गत एक गांव निवासी भाई ने 20 वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट गांव के ही युवक के खिलाफ दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार युवक की 20 वर्षीय बहन शनिवार दिन के 3 बजे अपनी भतीजी आठ वर्षीय के साथ शौच के लिए निकली थी। वहां पहले से मौजूद ग्राम वासी अंकित मेरी बहन को बहला फुसलाकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर भगा ले गया। घर लौटकर भतीजी ने घटना जब परिजनों को बताई, तो मेरी पत्नी ने आरोपी की मां से फोन पर बात की। रात 11 बजे आरोपी के पिता ओम प्रकाश ने दोबारा मेरी पत्नी को फोन करके पूरे परिवार से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष दौमित्र सेन रावत ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज हो गई है।

एक नजर

5000 की रिश्वत लेते धरा गया लेखपाल

सफीपुर, उन्नाव, अमृत विचार। तहसील सफीपुर में तैनात एक लेखपाल वरासत के नाम पर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से करीब एक माह से रुपये मांग रहा था। न दे पाने पर वह उसे लगातार दौड़ा रहा था। इससे परेशान युवक ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम को दी। इस पर टीम सोमवार को सफीपुर तहसील पहुंची और रुपये लेते लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। टिकुर निवासी आशु सिंह ने टीम के अधिकारियों को बताया था कि जब उसने लेखपाल से उसका काम करने को कहा तो लेखपाल ने उससे काम के एवज में पांच हजार रुपये मांगे। इससे परेशान होकर उसने इसकी जानकारी भ्रष्टाचार निवारण संगठन टीम को दी। टीम के सदस्य लेखपाल को हिरासत में लेकर सदर कोतवाली लाए और उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।

पिता ने पैसे नहीं दिए तो बेटे ने लगाया फंदा

कानपुर, अमृत विचार। गोविंद नगर थानाक्षेत्र के संजय नगर निवासी इंदल सिंह फैक्ट्री कर्मी हैं। परिवार में पत्नी, दो बेटे अंकित और राहुल सिंह (21) थे। बड़े बेटे अंकित की सोमवार को पलवल में ज्वाइनिंग थी, जबकि राहुल 11वीं का छात्र था। पिता ने बताया कि रविवार रात राहुल ने गैर जरूरी चीजों के लिए पैसे मांगे, मना करने पर वह नाराज हो गया था। खाना खाने के बाद राहुल छत पर स्थित कमरे में सोने चला गया। सुबह काफी देर तक नीचे न उतरने पर उन्होंने ऊपर जाकर देखा तो बल्ली में दुपट्टे के सहारे उसका शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची गोविंद नगर पुलिस और फॉरेंसिक टीम में ने जांच पड़ताल की।

इंजीनियरिंग कॉलेज की प्रबंधक ने दी जान

संदलपुर, अमृत विचार। चौकी क्षेत्र के कस्बा संदलपुर में गृह क्लेश के चलते इंजीनियरिंग कालेज की बुजुर्ग महिला प्रबंधक ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। संदलपुर निवासी शकुंतला देवी (63) एसकेआईटी इंजीनियरिंग कालेज की प्रबंधक थीं। सोमवार को उन्होंने अपने घर में दरवाजे के कुंडे से रस्सी के सहारे फंदा लगा लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। मकान के दूसरी मंजिल से नीचे आए पुत्र ने शव लटकते देखा तो घटना की जानकारी हुई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। आत्महत्या के पीछे गृह क्लेश की बात कही जा रही है।

छेड़खानी से परेशान छात्रा ने की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

▸▸ **आरोपी कट्टा दिखाते हुए देते थे जान से मार डालने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार**

अमृत विचार। बीएससी की पढ़ाई कर रही छात्रा ने कमरे के अंदर फांसी लगा कर सुसाइड कर लिया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। छात्रा के पास मिले सुसाइड नोट में उसने मौत के ज़िम्मेदारों के नाम लिखते हुए उनकी हरकतों का ज़िक्र किया है। सबसे आखिर में उसने लिखा है कि '..मरना बेकार मत जाने देना'। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया है कि सुसाइड नोट जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बेहटा गोकुल थाने के उमरन मजरा अल्लीपुर निवासी रामलखन मिश्रा की 18 वर्षीय पुत्री रिषू मिश्रा डा.राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर में बीएससी (तृतीय सेमेस्टर) की छात्रा थी। बताते हैं कि सोमवार को उसे कालेज जाना था। सुबह वह पिता को चाय देने के लिए दूसरे मकान की तरफ जा रही थी, उसी बीच वहां रास्ते में खड़े शोहदों ने रोज़ की तरह फिर उससे छेड़छाड़ की, रिषू चाय देने के बाद कमरें के अद्दर गई और वहीं दुपट्टे से फांसी लगा ली। उसके पास सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने लिखा है कि 'उसकी मौत के ज़िम्मेदार है रामदेव, उनके लड़के अभिषेक, शिवम, नीलेश, उनकी पत्नी


छात्रा के पास मिला सुसाइड नोट।

रीता'। उसने आगे अपनी मजबूरी लिखी कि छेड़छाड़ करने वाले उसे कट्टा दिखाते है, वह हार गई, इस वजह से जान दे रही है। उसने सबसे आखिर में लिखा कि 'उसका मरना बेकार मत जाने देना'। रामलखन मिश्रा ने बताया कि रामदेवी, गुलशन, शुभम, नीलेश और रामदेवी का साला राजीव निवासी भैनामऊ उसकी पुत्री से रोज़-रोज़ छेड़छाड़ करते थे। इतना ही उसके आगे कपड़े तक उतार देते थे। उसने बराबर पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे शोहदो के हौसले इतने बुलंद हो गए कि कट्टा दिखाते हुए सामने फायरिंग तक करने लगे। बताया कि उसके एक बेटा और चार बेटियां है, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है, रिषू की भी बातचीत चल रही थी। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। सुसाइड नोट को जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। दो आरोपियों को हिरासत में लेते हुए जांच की जा रही है।

युवक की हत्या कर फेंका शव

तहरीर पर मामला दर्ज, गोंडा का रहने वाला था श्याम

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार। जिले के पहलवारा प्राथमिक विद्यालय के पास बाग के झाड़ियों में एक युवक का शव मिला। युवक की हत्या की गई है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की है।

गोंडा जिले के कोतवाली नगर के जयनगरा गांव निवासी श्याम जी सोनी (35) पुत्र अयोध्या प्रसाद जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पटीहाट में सात वर्ष से रहते थे। गांव में इकौना मार्ग पर उनका निवास था। सोमवार सुबह प्राथमिक विद्यालय पहलवारा के शिक्षक स्कूल पहुंचे तो कुछ दूरी पर उन्हें सड़ांध आने की जानकारी हुई। ग्रामीणों के साथ सभी ने बाग की झाड़ियों में युवक का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय, सीओ हीरा लाल फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे। शव की पहचान ग्रामीणों ने की। मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान हैं। खून भी निकल रहा है। इसके अलावा पास में शराब की बोतलें भी पड़ी मिली है। हत्या की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा भी पहुंचे। एसपी ने पुलिस को जल्द घटना के खुलासे का निर्देश दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि भाई संदीप सोनी की तहरीर पर हत्या का केस अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया गया है।

अकेले रहता था श्याम

पुलिस को जांच में पता चला है कि मृतक की शादी हो चुकी है। लेकिन उसकी पत्नी किसी कारणवश बच्चे के साथ मुंबई चली गई। जबकि मृतक अकेले ही रहता था। कई लोगों से उसकी दोस्ती भी थी।

एनटीपीसी अधिकारियों ने बेच दी नौ करोड़ की राख

विजिलेंस की जांच में खुलासा, दो अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में बड़ा घपला सामने आया है। एनटीपीसी के उपमहाप्रबंधक स्तर के दो अधिकारियों पर नौ करोड़ रुपये की राख निजी एजेंसियों को चोरी छिपे बेचे जाने की बात विजिलेंस टीम ने पकड़ी है। इसके बाद दोनों अधिकारियों के विरुद्ध एनटीपीसी प्रबंधन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि दोनों अधिकारी हाल ही में सेवामुक्त हुए थे। एनटीपीसी की राख निस्तारण में यह खेल करीब तीन साल पहले हुआ था।

सूत्रों के अनुसार परियोजना के राख निस्तारण विभाग में करीब दो साल पहले तैनात रहे डीजीएम अरविंद कुमार राय और त्वरित बंगाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू की है। दोनों अधिकारियों में अरविंद कुमार राय पिछले महीने रिटायर हुए हैं। एनटीपीसी उच्च प्रबंधन ने उनके सारे क्लेम का भुगतान रोक दिया है। यही कार्रवाई त्वरित बंगाल के साथ भी की गई है। एनटीपीसी के शैलों में संविदा पर काम करने वाले प्रतापगढ़ जनपद के केराव डीह मजरे झोकवारा निवासी मो इमरान ने राख की इस लूट का सबसे पहले खुलासा किया था। उसने फरवरी 2023 में यह शिकायत की थी कि वह 15 साल राख निस्तारण का काम देख रहा है। इधर राख में गोरखधंधा किया जा रहा है। उसने यह खुलासा तब किया था, जब उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। यही नहीं उसने कोतवाली में एनटीपीसी अधिकारी अरविंद कुमार राय के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी।

इस तरह हुआ था घपला

एनटीपीसी के डीजीएम रहे त्वरित बंगाल और अरविंद कुमार राय राख निस्तारण का पूरा काम देखते थे। विभिन्न सीमेंट कंपनियों को उच्च श्रेणी की राख एनटीपीसी के शैलो से और सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियां ऐश पांड से राख ले जाती थी। इन कंपनियों का एनटीपीसी से एक निश्चित अनुबंध था कि एक टैंकर में इतने टन राख की आपूर्ति की जाएगी। आरोप है कि इन दोनों अधिकारियों ने एजेंसियों से सेटिंग की और टैंकरों में ओवर लोडिंग के साथ-साथ चोरी छिपे कई टैंकरों से राख बेंच देते थे। यही नहीं, टैंकरों में राख अधिक लोड होती थी और उन्हे कागज कम भार का दिया जाता था। इस तरह से सालों खेल चलता रहा, जिसमें करीब नौ करोड़ रुपए का एनटीपीसी को चूना लगा है।

> हमें इस मामले की जानकारी नहीं है। हां, इतना जरूर है कि एक लोग का स्थानांतरण हो चुका है जबकि अरविंद कुमार राय सेवामुक्त हो चुके है।
> –कोमल शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी, एनटीपीसी

तालाब में डूब कर दो बच्चों की मौत

एक को बचाया गया, वजीरगंज के करदा गांव में हुआ हादसा

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र के करदा गांव के रहने वाले दो बच्चों की सोमवार को तालाब में डूब कर मौत हो गयी। बच्चे तालाब में नहाने गए थे। नहाते वक्त वह गहरे पानी में चले गए। बच्चों की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एक बच्चे को जीवित बचा लिया। घटना के बाद गांव में कोहराम मचा है।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के करदा गांव के रहने वाले विजय चौहान का बेटा शुभम (12), उदयराज चौहान का बेटा आकाश (10) व जिलई चौहान का बेटा राज (10) तीनों सोमवार को गांव के बाहर स्थित तालीब में नहाने गए थे। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। बच्चों की चीख पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और डूब रहे तीनों बच्चों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर वजीरगंज एसओ अभय सिंह भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया लेकिन डाक्टरों ने शुभम व राज को मृत घोषित कर दिया। आकाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि बच्चों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

डूब रही महिला की सिपाही ने बचाई जान

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। अपने मामा के साथ दवाई लेने आ रही एक महिला ने शारदा नहर के पुल से अचानक छलांग लगा दी। जिसे सिपाही संजय यादव ने सुरक्षित निकाल लिया और सीएचसी में भर्ती कराया। जिसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

अपने मामा के साथ दवा लेने महमूदाबाद आ रही महिला ने सुबह लगभग 8 बजे खुद बाइक से चप्पल गिर जाने का बहाना कर बाइक रुकवाई, फिर बाइक से उतरकर शारदा नहर पुल से नहर में छलांग लगा दी। नहर में किसी महिला को कूदते देख महमूदाबाद पुलिस टीम के कांस्टेबल

डूबती महिला को बचाता सिपाही।

संजय यादव व एक अन्य ग्रामीण ने पीछे से छलांग लगा दी और डूब रही युवती को बचा लिया। ग्रामीणों की मदद से महिला को नहर से बाहर निकलवाकर सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

सिक्योरिटी गार्ड की पीटकर हत्या

इनवर्टर, बैट्री व जनरेटर उठा ले गए बदमाश, निष्पक्ष जांच की मांग

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली।

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के कुम्भी में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन पानी के की सिक्योरिटी गार्ड की हथियार से पीट-पीटकर हत्या कर कर दी गई। जिसका शव रस्सी में बंधा वहीं पर पड़ा मिला, जिसकी सूचना से क्षेत्र में हडकम्प मच गया है। वहीं, मौके से इनवर्टर, बैट्री, जनरेटर चोरी हो गया है।

गौरतलब हो कि कुम्भी ग्राम पंचायत के दौलतखेड़ा गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी में शिव किशोर जायसवाल निवासी बैंती व शीतला प्रसाद रावत सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे, 15 दिन मृतक शिव किशोर व 15 दिन शीतला प्रसाद बारी-बारी से दिन, रात की नौकरी करते थे। रविवार को शाम करीब 6 बजे मृतक शिव किशोर टंकी पर पहुंच गया। सोमवार की सुबह पता चला कि शिव किशोर की हत्या कर शव रस्सी से बांधकर वहीं डाल दिया गया और वहां से इनवर्टर, बैटरी व जनरेटर चोरी हो गया है। जिसकी जानकारी होते ही ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र ने घटनास्थल का जायजा लिया, उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रूप से हत्या लग रही है। जल जीवन मिशन के सिक्योरिटी गार्ड सुपरवाइजर अविनाश मिश्रा ने बताया कि इनवर्टर, बैट्री, जनरेटर गायब है जो करीब 50 हजार के ऊपर का सामान था।

> घटना की हर पहलु से तहकीकात की जा रही है। एविडेंस कलेक्ट किए जा रहे हैं, जल्द से जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।
> –नवीन सिंह, एएसपी, रायबरेली

तहसील में किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार: प्रयागराज के यमुना नगर स्थित मेजा तहसील में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक किसान ने आत्मदाह का प्रयास किया। घटना उस समय का है जब संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन चल रहा था। सभी अधिकारी मौके पर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान किसान टीन लेकर पहुंचा और उसे पीटकर बजाने लगा। इस बीच वह झोले से पेट्रोल से भरी बोतल निकाल आत्मदाह करने का प्रयास करने लगा। लोगों ने किसी तरह से बीच बचाव करके उसे शांत किया। पीड़ित किसान ने बताया कि बार बार तहसील का चक्कर लगाने के बाद भी मेरे मामले की सुनवाई नहीं हो रही है।

नैनी सेंट्रल जेल से कैदी फरार, 4 सस्पेंड

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: केंद्रीय कारागार नैनी में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहा सजायाफ्ता बंदी शनिवार को जेल से फरार हो गया। बंदी के फरार होने से जेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया। फरार बंदी की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगाई गयी, लेकिन दो दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ है।

जानकारी के मुताबिक महोबा जिले के सिटी कोतवाली अंतर्गत पसवारा गांव का रहने वाला काली चरण पुत्र मुल्लु 28 वर्ष नैनी सेंट्रल जेल के सर्किल नंबर दो में सजा काट रहा था। आरोपी के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को 20 साल की सजा पड़ने के बाद सजा काटने के लिए 9 मार्च 2024 को महोबा जेल से नैनी सेंट्रल जेल ट्रांसफर किया गया था। जेल में उसकी ड्यूटी बाहर बाग़ कमान में लगाई गयी थी। जहां वह खेती करता था। शनिवार की सुबह कमान निकलने के बाद वार्डन सभी बंदियों को काम करने के टीम महिला जेल के पीछे कृषि फ़ार्म की ओर ले गये थे। बंदियों के साथ सुरक्षा के लिए एक हेड वार्डन बलवीर यादव व वार्डन बृजेश यादव, अभिषेक सिंह, आशुतोष चतुर्वेदी की ड्यूटी लगाई गयी थी। सभी बंदी अपना काम कर रहे थे। कुछ देर के बाद काली चरण गर्मी का बहाना करते हुए जेल से मिलने वाली बंदियों की वर्दी को उतार दिया। सूत्रों के मुताबिक, वह कही अंदर ही छिप गया। कमान खत्म होने के बाद अंधेरा होने का फायदा उठाते हुए कृषि फार्म में ही किसी पेड़ पर चढ़ गया और अंधेरा होने के बाद वह दीवार फांद कर फरार हो गया।

संजय सिंह के केस का फैसला टला

सुलतानपुर, अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह और पूर्व विधायक अनूप संडा समेत छह की ओर से एमपी-एमएलए कोर्ट में दायर अपील में न्यायाधीश एकता वर्मा ने फैसला 26 जुलाई के लिए टाल दिया है। बसपा सरकार के समय सुलतानपुर शहर में बिजली कटौती और पानी की समस्या के विरोध में सब्जी मंडी के निकट ओवरब्रिज पर 19 जून 2001 को सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया था। 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत छह को लोअर कोर्ट ने बीते साल तीन माह जेल की सजा सुनाई थी।

बाथरूम में औंधे मुंह पड़ा मिला बॉक्सर का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कृष्णापुरम स्थित मकान में सोमवार को 68 वर्षीय नेशनल बॉक्सर का शव उनके घर के बाथरूम में पड़ा मिला। उनकी पत्नी 25 दिन पूर्व अपने साफ्टवेयर इंजीनियर बेटे से मिलने अमेरिका गई हुई थीं। कई बार फोन मिलाने पर भी न उठने पर महिला ने पति के दोस्त को घर भेजा, जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ।

कृष्णापुरम निवासी सुबोध गुप्ता (68) पत्नी संगीता गुप्ता के साथ रहते थे। उनके दोस्त एके कपूर ने

सुबोध

- **पत्नी बेटे से मिलने गई थी अमेरिका, रविवार से बात न होने पर दोस्त पहुंचा घर तो हुई जानकारी**

बताया कि सुबोध नेशनल लेवल के बॉक्सर रहे हैं। उनके दोनों बेटे उत्कर्ष और अरिहंत गुप्ता सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। बड़ा बेटा अमेरिका की कंपनी में है, जबकि छोटा बेंगलुरू की कंपनी में कार्यरत है। एके कपूर ने बताया कि करीब 25 दिन पहले उनकी पत्नी संगीता बड़े बेटे उत्कर्ष से मिलने के लिए अमेरिका गई हुई थीं। जिसके बाद सुबोध घर पर अकेले रह रहे थे। रोजाना की तरह हालचाल लेने के लिए संगीता ने उनको फोन किया, लेकिन वह रविवार से फोन नहीं उठा रहे थे। जिस पर सोमवार दोपहर को संगीता ने एके कपूर से घर पर जाकर देखने की बात कही। घर पहुंचने पर उन्होंने काफी देर दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। जिसके बाद एके कपूर ने पड़ोस में रहने वाले सुबोध के छोटे भाई डा सुनीत को मामले की जानकारी देकर चकेरी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़ कर अंदर दाखिल हुई तो सुबोध का शव बाथरूम में पड़ा मिला। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल के साक्ष्य संकलित कर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या बाथरूम में पैर फिसल जाने से मौत होने का कारण प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

जिला पूर्ति अधिकारी को कानूनी नोटिस

सुलतानपुर, अमृत विचार : पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं करने और उत्पीड़न करने के आरोप में जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य को अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्र ने कानूनी नोटिस भेज कर जवाब तलब किया है। कार्रवाई में लापरवाही पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कूरेभार ब्लॉक के डीहढग्गुपुर मौजा के पात्र गृहस्थी राशन कार्ड की आवेदिका वंदना श्रीवास्तव ने अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्र के जरिए नोटिस भेज कर जवाब मांगा है। समय से कार्रवाई नहीं होने पर लोकपाल से शिकायत और न्यायालय में मुकदमा दायर करने की चेतावनी भी दी गई है। उपभोक्ता ने सदर तहसील कार्यालय के पूर्ति कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज दुबे तथा अन्य कर्मचारियों पर लापरवाही और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उपभोक्ता का राशन कार्ड बीती एक फरवरी से डीएसओ के डिजिटल हस्ताक्षर के लिए प्रतीक्षारत है। जिसके लिए कई बार जिला पूर्ति अधिकारी और कर्मचारियों से मिलकर प्रक्रिया पूरी करने की मांग की गई, लेकिन उन्होंने सुनवाई नहीं की। इसके पूर्व बीते 21 मार्च को भी लीगल नोटिस भेजी गई थी, लेकिन जिला पूर्ति अधिकारी और कार्यालय के कर्मचारी कार्यों के प्रति लापरवाह बने हुए हैं और अभी तक डिजिटल हस्ताक्षर नहीं हो सके और उपभोक्ता का राशन कार्ड भी नहीं बनाया गया।

किशोरी के अपहरण व दुराचार के दोषी को 10 साल की कैद

सुलतानपुर, अमृत विचार : गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में छह साल पूर्व मामा के घर के लिए निकली किशोरी के अपहरण व दुराचार करने के दोषी अफसर को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 16 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदंड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक 2 अगस्त 2018 को मामा के घर के लिए 17 वर्षीय किशोरी निकली थी। रास्ते में आरोपी अफसर ने किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर दुराचार जैसी वारदात को अंजाम दिया। किशोरी के परिवार वालों की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर दोषी अफसर को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव की अदालत से दोषियों को उनके अपराध के अनुसार उनकी करनी की सजा व निर्दोषों को बरी करने का सिलसिला लगातार चल रहा है, जिसके कारण यौन अपराध करने वाले अपराधियों को कानून के प्रति खौफ बना है।

28 शहरों से आए भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : देश के चार राज्यों के 28 शहरों से सोमवार को आए सिंधी समाज के 150 लोगों ने जयश्रीराम और जय झूलेलाल के उद्घोष के साथ राममंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन किया। लखनऊ शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम के शहजादा साईं मोहनलाल साहिब की अगुवाई में श्रद्धालु सावन के पहले सोमवार को यहां पहुंचे। सिंधी भजन गाते हुए रामलला के दर्शन किए और आशीर्वाद मांगा। सखी बाबा युवा मंडल के संरक्षक ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि जत्थे में महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल रहे। मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र खत्री की अगुवाई में साईं मोहनलाल का लखनऊ बाईपास पर माला पहनाकर व रामनानी दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर साईं मोहनलाल ने कहा कि राममंदिर का दर्शन की व्यवस्था बहुत सुंदर व सरल है। इस मौके पर भजनलाल कालानी, उमेश तोलानी, नवीन मध्यान, जीतू माखेजा, रोहित माखेजा, अनिल मध्यान, यश मध्यान, पावन माखेजा आदि मौजूद रहे।

आमने-सामने | ग्रीनपार्क में 27 सितंबर से खेला जाना है भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच, यूपीसीए-खेल विभाग में मचा घमासान

खेल विभाग ने यूपीसीए पर बकाये का बाउंसर मारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम में 27 सितंबर से भारत-बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच प्रस्तावित है। अभी तक सिर्फ घास काटने का काम ही आधा-अधूरा हो पाया है। मैच की तैयारियों से ज्यादा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिशएन (यूपीसीए) और क्षेत्रीय खेल विभाग मुद्दों को लेकर आमने-सामने हैं।

रविवार को प्रमुख सचिव खेल आलोक कुमार के सामने भी दोनों विभाग एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। अब खेल विभाग ने यूपीसीए पर कोविड काल का 25 लाख रुपये किराया न जमा करने का नया मामला उठाया है।

प्रमुख सचिव खेल रविवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम का निरीक्षण करने पहुंचे तो भी दोनों विभाग कई मामलों पर एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आए थे। प्रमुख सचिव ने दोनों विभागों के अधिकारियों को मीटिंग के लिए मंगलवार को लखनऊ बुलाया है। मीटिंग के लिए सोमवार को यूपीसीए व खेल विभाग के अधिकारियों ने अपनी फाइलें तैयार कीं। जिसमें सबसे प्रमुख मामला किराए को लेकर रहा, वह किराया जो यूपीसीए ने अभी तक जमा नहीं कराया है। रविवार को यूपीसीए ने यूपी टी-20 लीग का बकाया दस करोड़ रुपये का 25 फीसदी सोमवार को जमा करने को कहा था। अब मीटिंग के लिए तैयार हो रही फाइल में खेल विभाग ने कोविड काल का बाकी 25 लाख रुपये भी जोड़ दिया है। अब मंगलवार को मीटिंग के नतीजों पर ही सबकी नजर है।

ग्रीनपार्क में टूटा पड़ा टिन शेड। अमृत विचार

एमओयू बना कई विवादों की जड़

प्रदेश सरकार और यूपीसीए के बीच हुए एमओयू में प्रत्येक वर्ष ग्रीनपार्क स्टेडियम का किराया एक करोड़ निर्धारित हुआ था। पांच साल में पांच फीसदी बढ़ाया जाना था। उस हिसाब से मौजूदा किराया 1.25 करोड़ रुपये हो गया। लेकिन कोविड काल में यूपीसीए ने केवल एक करोड़ ही किराया जमा किया, शेष 25 लाख के लिए खेल विभाग से निवेदन किया था कि इस बीच जब कोई खेल गतिविधि नहीं हुई तो अतिरिक्त किराया माफ किया जाए। इसमें शासन स्तर से कोई फैसला नहीं हुआ था और मामला लटका रहा। अब एकाएक उस 25 लाख रुपये के मामले को भी उठाया गया है।

मीटिंग के अन्य प्रमुख बिंदु

प्रमुख सचिव यूपीसीए के पदाधिकारियों से स्पष्ट बोल गए हैं कि स्टेडियम की सीटें कम होने का कारण स्पष्ट रूप से लिखकर लाएं। इसके अलावा मैच न मिलने के क्या-क्या कारण हैं वो भी बताएं। मैच के दौरान उन्हें किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, ग्रीनपार्क स्टेडियम को किन-किन चीजों की जरूरत है, इन सभी पर चर्चा बैठक में होगी। खेल विभाग को कहा है कि एग्रीमेंट के हिसाब से क्या-क्या होना चाहिए, मैच की तैयारी को लेकर खेल विभाग क्या कर रहा है, स्टेडियम में क्या-क्या कमियां हैं, 2015 में स्टेडियम की कितनी दर्शक क्षमता थी और अब कितनी बची है। दर्शक क्षमता कम होने के पीछे का कारण क्या हैं। यूपी टी-20 का पैसा अभी तक क्यों नहीं जमा हुआ आदि पर चर्चा होगी।

पुजारियों की नाराजगी पर पुरानी व्यवस्था बहाल

अयोध्या, अमृत विचार : श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा पुजारियों के समूह को अलग-अलग स्थान पर लगाई गई ड्यूटी को तत्काल प्रभाव से रोक लगा कर पुरानी व्यवस्था को बहाल कर दिया है। अब राम मंदिर में पुजारी अपने निर्धारित समय से पूजन पद्धति को संपन्न कर रहे हैं।

रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को बताया कि सभी पुजारियों के द्वारा ट्रस्ट को दिए गए पत्र के बाद अपने निर्णय को वापस ले लिया है। सभी पुजारी पहले के समय पर राम मंदिर में सेवा देंगे। श्रावण माह को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पुजारी के साथ बैठक कर चार समूह में पुजारियों को विभक्त कर दी गई थी। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में स्थित राम मंदिर, कुबेर टीला और यज्ञशाला स्थल पर 10 घंटे की सशर्त ड्यूटी लगाई थी।

एक नजर

चार लाख के पार पहुंची अमरनाथ के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या

श्रीनगर : दक्षिण कश्मीर में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में सोमवार को 12,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के शिवलिंग के दर्शन किए। इसके साथ ही इस साल यहां बाबा बर्फानी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या चार लाख के आंकड़े को पार कर गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को 12,539 तीर्थयात्रियों ने यात्रा की और वार्षिक यात्रा के 24वें दिन बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या अब 4,08,518 हो गई है। बताया कि सोमवार को पवित्र गुफा में दर्शन करने वालों में 7,760 पुरुष, 2,772 महिला, 175 साधु और एक साध्वी शामिल हैं। सुरक्षा बलों के 1,600 से अधिक जवानों और 174 बच्चों ने भी तीर्थयात्रा की।

कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर कार्ति ने योगी को लिखा पत्र

नई दिल्ली : कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कांवड़ यात्रा के दौरान हाईटेंशन बिजली के तारों और बड़े आकार के म्यूजिक सिस्टम के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने यह मांग भी की कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरती जाए। तमिलनाडु के शिवगंगा से सांसद चिदंबरम ने कहा कि चूंकि सोमवार से कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है, इसलिए दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने पत्र में कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में कांवड़ यात्रा के दौरान हुई घटनाओं के लेकर सुरक्षा मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए आपको यह पत्र लिख रहा हूं।

हमें अब यूसीसी की जरूरत को समझना चाहिए

भोपाल, एजेंसी

▸▸ मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जज ने की महत्वपूर्ण टिप्पणी

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति अनिल वर्मा ने कहा कि कानून निर्माताओं को यह समझने में कई साल लग गए कि तीन तलाक असंवैधानिक है और समाज के लिए बुरा है और अब हमें देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की आवश्यकता को समझना चाहिए।

उन्होंने पिछले सप्ताह भारतीय दंड संहिता, मुस्लिम महिला (विवाह के अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 और दहेज निषेध अधिनियम 1961 के तहत आरोपों का सामना कर रही मुंबई की दो महिलाओं की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायाधीश ने कहा कि समाज में कई अन्य अपमानजनक, कट्टरपंथी, अंधविश्वासी और अति-रूढ़िवादी प्रथाएं प्रचलित हैं, जिन्हें आस्था और विश्वास के नाम पर छिपाया जाता है। वर्मा की एकल पीठ ने कहा कि हालांकि भारत के संविधान में पहले से ही अनुच्छेद 44 में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता की वकालत की गई है, फिर भी इसे केवल कागजों पर नहीं, बल्कि वास्तविकता में बदलने की आवश्यकता है। बेहतर ढंग से तैयार किया गया समान नागरिक संहिता ऐसी अंधविश्वासी और बुरी प्रथाओं पर लगाम लगा सकता है और राष्ट्र की अखंडता को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि कानून निर्माताओं को यह समझने में कई साल लग गए कि तीन तलाक असंवैधानिक है और समाज के लिए बुरा है। हमें अब अपने देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की आवश्यकता को समझना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह मामला मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 से संबंधित है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक एक गंभीर मुद्दा है। मुंबई की मां-बेटी आलिया और फराद सैय्यद की याचिका का निपटारा करते हुए उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की। अपनी याचिका में दोनों ने आईपीसी, दहेज अधिनियम और मुस्लिम महिला अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की थी, साथ ही महाराष्ट्र की सीमा से सटे बड़वानी जिले के राजपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) के समक्ष लंबित परिणामी कार्यवाही को भी रद्द करने की मांग की थी। सलमा ने अपनी सास आलिया, ननद फराद और पति फैजान के खिलाफ दो लाख रुपये दहेज के लिए कथित तौर पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सलमा ने कहा कि उसका निकाह 15 अप्रैल 2019 को इस्लामिक रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था उसने फैजान पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। सलमा की शिकायत पर आलिया, फराद और फैजान पर भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए और 323/34, दहेज निषेध अधिनियम की धारा तीन/चार और मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम की धारा चार के तहत मामला दर्ज किया गया। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दावा किया कि चूंकि कथित मामला मुंबई के घाटकोपर इलाके का है और इसलिए मध्यप्रदेश के राजपुर पुलिस थान को उक्त प्राथमिकी दर्ज करने का कोई अधिकार नहीं है। अपने आदेश में, उच्च न्यायालय ने कहा कि कानून में है कि सीआरपीसी की धारा 177 के 'सामान्य नियम' के तहत दूसरे क्षेत्र अदालत अपराध का संज्ञान ले सकती है। इसके अलावा, यदि एक इलाके में किया गया अपराध दूसरे इलाके में दोहराया जाता है तो दूसरे स्थान की अदालतें मामले की सुनवाई करने के लिए सक्षम हैं।

विक्रमजीत ने दी अमृतपाल के निर्वाचन को चुनौती

चंडीगढ़, एजेंसी : पंजाब के खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के चुनाव को एक निर्दलीय उम्मीदवार विक्रमजीत सिंह ने चुनौती दी है। श्री सिंह ने आरोप लगाया है कि हलफनामा दाखिल करते समय श्री अमृतपाल ने जानकारी छिपाई है। गौरतलब है कि विवादित उपदेशक अमृतपाल ने असम की डिब्रूगढ़ जेल में रहते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव जीता है। वह अजनाला थाना पर कथित हमले के लिए पिछले साल से राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल में बंद हैं। श्री विक्रमजीत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि श्री अमृतपाल ने खर्च का ब्योरा नहीं दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि श्री अमृतपाल के प्रचार के दौरान धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल किया गया और उनका सोशल मीडिया अभियान बिना जरूरी अनुमति के चलाया गया।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

गिलास पर रखकर जलाया सुतली बम, चली गई जान

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

● भतीजे के जन्म होने पर मना रहा था खुशी, गिलास सीने में धंसा

अमृत विचार : घर में भतीजे का जन्म होने पर एक युवक खुशी में पटाखे छुड़ा रहा था। इस दौरान सुतली बम के ऊपर रखा गिलास फटकर युवक के सीने में धंस गया जिससे युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद पुत्र के जन्म की खुशियां मातम में बदल गईं।

थाना सेहरामऊ क्षेत्र की ग्राम पंचायत केसरपुर कलां के मजरा बुधेली के रहने वाले मुरारी लाल के पुत्र सुनील की पत्नी ने सोमवार को बेटे को जन्म दिया। घर में खुशियां मनाई जा रही थीं। भतीजे का जन्म होने पर सुनील का छोटा भाई अमरपाल पटाखे दाग रहा था। सुतली बम में आग लगाने के बाद अमरपाल ने उसके ऊपर स्टील का गिलास रख दिया। कुछ देर इंतजार के बाद भी पटाखा नहीं फूटा तो अमरपाल उसे देखने के लिए गया। जैसे ही वह गिलास उठाने के लिए झुका कि सुतली बम फट गया। उसके ऊपर रखा गिलास अमरपाल के सीने में जा धंसा। गिलास के कई टुकड़े उसके शरीर में घुस गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने अमरपाल के सीने में घुसे ग्लास को प्लास से बमुश्किल निकला।

लखीमपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा को दी नियमित जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

● आंदोलनकारी किसानों को कार से कुचलने का है आरोप

उच्चतम न्यायालय ने तीन विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान 2021 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा घटनाओं में कई किसानों की कथित हत्या मामले के आरोपी पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को सोमवार को नियमित जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने आशीष के अलावा इस घटना से संबंधित अन्य मामले के आरोपी किसानों को भी जमानत दे दी। अदालत साथ ही निचली अदालत को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत को लंबित अन्य जरूरी मामलों को ध्यान में रखते हुए इस मामले की सुनवाई प्राथमिकता से करने का भी निर्देश दिया। इस मामले में किसान संगठनों ने आरोप लगाया है कि आरोपी आशीष मिश्रा के वाहन ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह को कुचल दिया गया था। शीर्ष अदालत ने इस साल फरवरी में अपने आदेश में आरोपी मिश्रा को दी गई अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी थी। पीड़ितों का पक्ष रखने वाले अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दावा किया कि आरोपी मिश्रा शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित जमानत शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आरोपी उत्तर प्रदेश का दौरा कर रहा और मामले में शीर्ष अदालत द्वारा लगाई गई अपनी जमानत शर्तों का उल्लंघन करते हुए विभिन्न समारोहों में भाग ले रहा है। दूसरी ओर, आरोपी मिश्रा का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने इसका खंडन किया।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ाई गई

शिलांग, एजेंसी

बांग्लादेश में फैली अशांति के कारण अवैध रूप से लोगों की आमद को रोकने के लिए मेघालय में भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बीएसएफ के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के मेघालय सीमांत के महानिरीक्षक (आईजी) हरबख्श सिंह ढिल्लों ने बताया कि प्रभावी सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन अलर्ट नामक अभ्यास शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक बीएसएफ ने पूर्वी खासी हिल्स जिले में दावकी एकीकृत चौकी (आईसीपी) के रास्ते 574 भारतीय छात्रों, 435 नेपाली छात्रों और आठ भूटानी छात्रों को प्रवेश की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, 18 छात्र सोमवार को पश्चिमी गारो हिल्स जिले के किलापारा आईसीपी के रास्ते आए हैं। ढिल्लों ने कहा कि बीएसएफ कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे सीमा पर छात्रों को हर पानी-भोजन के अलावा घर पहुंचने में भी उनकी मदद करें।

मंदिरों की वार्षिकी मामले में जताया संतोष

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ उत्तर प्रदेश में 978 ट्रस्टों को दी जानी है वार्षिकी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर, वृंदावन और आठ अन्य मंदिरों की पिछले 4 वर्षों से रोकी गई वार्षिकी (ऐन्युटी) के मामले में आयुक्त और सचिव, राजस्व बोर्ड, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से जानकारी तलब की थी, जिसके अनुपालन में 22 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान उक्त अधिकारियों द्वारा दाखिल व्यक्तिगत हलफनामे पर संतोष जताते हुए कोर्ट ने कहा कि आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ इस मामले में काफी तत्परता से कार्यवाही कर रहे हैं। अतः न्यायालय को उम्मीद है कि भविष्य में वित्तीय वर्ष की शुरुआत में वार्षिकी सीधे ट्रस्टों के खाते में स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर दी जाएगी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

राज्य की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 978 ट्रस्टों की पहचान की गई है, जिन्हें वार्षिकी दी जानी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 209 ट्रस्टों को 1,29,82,763 रुपए की वार्षिकी का भुगतान नहीं किया गया है, जिसका भुगतान बहुत जल्द किया जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लिए देय कुल राशि 59,33,362 रुपए है। सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को आगे बताया कि राज्य उन सभी मंदिरों/ट्रस्टों तथा अन्य धार्मिक संस्थाओं के खाते में सीधे राशि हस्तांतरित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है, जिन्हें वार्षिकी का भुगतान किया जाना है। मौजूदा ट्रस्टों के बारे में 75 जिलों में से 73 जिलों द्वारा पहले ही जानकारी दी जा चुकी है। शेष जिलों में लखनऊ और झांसी द्वारा जानकारी अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। अंत कोर्ट ने प्रमुख सचिव, राजस्व परिषद को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले को आगामी 12 अगस्त 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया। मालूम हो कि ठाकुर रंगी जी महाराज विराजमान मंदिर द्वारा अपनी ऐन्युटी जारी करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने चिंता और दुख जताते हुए कहा था कि मंदिरों और ट्रस्टों को राज्य सरकार से अपना बकाया जारी करने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है तो यह अत्यंत दुखद स्थिति है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (आगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

उत्तराखंड

पोस्टमार्टम हाउस की बिजली गुल डीप फ्रीजर में सड़ने लगे शव, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लापरवाही से पोस्टमार्टम हाउस के डीप फ्रीजर में रखे शव सड़ने लगे। रविवार को शिनाख्त के लिए पहुंचे मृतकों के परिजनों को जब दुर्गंध आई तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।

जिन शवों की शिनाख्त नहीं हो पाती उन्हें सुरक्षित रखने के लिए पोस्टमार्टम हाउस के डीप फ्रीजर में रखा जाता है। 72 घंटे बाद भी यदि शिनाख्त नहीं होती तो नियमतः शव का पोस्टमार्टम कराया जाता है। बरसात के सीजन में लगातार कई घंटे बिजली गुल रहती है। बावजूद इसके पोस्टमार्टम हाउस के जनरेटर का उपयोग नहीं किया जा रहा। जिससे डीप फ्रीजर में रखे शव भी सड़ने लगे। रविवार को कुछ लोग शवों की शिनाख्त के लिए पहुंचे तो शवों से उठ रही तेज दुर्गंध से परेशान हो गए। डीप फ्रीजर खोल कर जब परिजनों को शिनाख्त के लिए ले जाया गया तो वह शवों से उठती दुर्गंध से बौखला गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। वहां चिकित्सकों व स्टाफ के लोगों ने बमुश्किल उन्हें शांत कराया। पता लगा कि बिजली जाने के दौरान पोस्टमार्टम हाउस में जनरेटर नहीं चलाया जाता है। इस कारण शव खराब हो रहे हैं। पोस्टमार्टम के दौरान जब चिकित्सक फोन करते हैं तब जनरेटर चलाया जाता है। फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के ऑफिस इंचार्ज प्रताप सिंह बोरा ने बताया कि कर्मचारी ने पहले तो डीजल नहीं होने का बहाना बनाया। फिर वह अभ्रदता में उतर आया। इसके बाद प्राचार्य से शिकायत की गई। तब जाकर जनरेटर चलाया गया।

> जनरेटर न चलाने की शिकायत मिली है। जनरेटर चलाने वाले कर्मी को सख्त हिदायद दी गई है। यदि अब भी ड्यूटी में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। – डॉ. अरुण जोशी, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज

बारिश पर नजर बनाए रखें अधिकारी 24 घंटे अलर्ट रहें : मुख्यमंत्री

ब्यूरो, देहरादून

● मुख्यमंत्री ने किया आपदा परिचालन केंद्र का निरीक्षण कहा- समन्वय बनाकर रखें

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आईटी पार्क देहरादून स्थित राज्य आपदा परिचालन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही बारिश की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को हर समय अलर्ट मोड में रहने को कहा। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे निरंतर जिलाधिकारियों से समन्वय बना कर रखें। नदियों के जल स्तर पर नियमित निगरानी बनाए रखें।

मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा परिचालन केंद्र से जिलाधिकारी नैनीताल, बागेश्वर, टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, देहरादून से फोन से वार्ता कर बारिश की स्थिति, सड़कों की स्थिति, विद्युत और पेयजल की उपलब्धता तथा जलभराव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिवृष्टि के कारण यातायात बाधित न हो, सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उन्हें शीघ्र खुलवाया जाए। जलभराव की स्थिति में निकासी की उचित व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नदियों का जल स्तर बढ़ने की स्थिति में नदी किनारे एवं अन्य संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को जागरूक किया जाए।

मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को हर जिले की अतिवृष्टि की स्थिति पर निरंतर नगर बनाए रखने के निर्देश दिए। ताकि किसी भी आपातकाल स्थिति से निपटा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा को लेकर किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। रिस्पांस टाईम कम से कम रखा जाए।

68 असिस्टेंट प्रोफेसर, 63 अधिशासी अधिकारी एवं 22 कर व राजस्व निरीक्षकों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री ने प्रदान किए 153 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

ब्यूरो, देहरादून

देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थीयों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग में चयनित 68 असिस्टेंट प्रोफेसर, शहरी विकास विभाग में चयनित 63 अधिशासी अधिकारी एवं 22 कर व राजस्व निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने अभयर्थियों से कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिलने वाली है, उसका निर्वहन पूर्ण मनोयोग और ईमानदारी से करना है। जीवन के इस नए आयाम में नई शुरुआत करनी है, नौकरी के पहले दिन से ही संकल्प लेकर अनुशासित रहकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना प्राथमिकता रहनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों के विकास हेतु अनेक कार्य कर रही है। सभी छोटे बड़े शहरों को विकसित करने हेतु निरंतर कार्य जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मागर्दशन में सभी शहरों के नवीनीकरण का कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। राज्य में 20 मॉडल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू करके इस समस्या को जड़ से खत्म किया है। आज योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि लोक सेवा आयोग से चयनित सभी युवा, आने वाले समय में हमारे योग्य और सक्षम अधिकारीगण बनेंगे। आज प्रदेश में 105 निकाय हैं, शहरी विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने में युवा अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इन अभ्यर्थियों के आने से विभाग के कार्यों में तेजी आएगी। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में तीन वर्षों में 15 हजार 500 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने का कार्य किया गया है। इस वर्ष 4000 बेसिक शिक्षकों, 1600 एल.टी , 882 लेक्चरर, करीब 622 प्रधानाचार्य, बीआरपी सीआरपी में 1500, हर इंटर कालेज हेतु 2500 चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति करने वाले हैं। इस प्रकार से कुल 11 हज़ार लोगों की नियुक्तियां शिक्षा विभाग में होंगी।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

बिजनौर : तेंदुए के हमले में किशोरी की मौत

बिजनौर : उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में सोमवार को जंगल में अपनी मां के साथ घास लेने गयी एक किशोरी की तेंदुए के हमले में मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के पिलाना गांव की रहने वाली 16 वर्षीय लड़की सलोनी अपनी मां बबली और अन्य महिलाओं के साथ घास लेने जंगल में गयी थी, तभी तेंदुए ने अचानक सलोनी की गर्दन पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि महिलाओं के शोर मचाने पर तेंदुआ सलोनी को छोड़कर भाग गया। सिंह के मुताबिक, गम्भीर रूप से घायल सलोनी को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

शिव मंदिरों में उमड़ पड़ा आस्था का सैलाब

प्रयागराज/वाराणसी, एजेंसी

देवाधिदेव भगवान शिव के प्रिय मास श्रावण के पहले सोमवार के अवसर पर बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और तीर्थराज प्रयाग समेत समूचे उत्तर प्रदेश में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शिवालयों में घंटा घडियाल की गूंज और हर हर बम बम के नारे भोर तीन बजे मंगला आरती के समय से ही लगने शुरू हो गये।

वाराणसी के गंगा तट पर स्नान करने के बाद हजारों श्रद्धालु कतारबद्ध होकर अपने आराध्य का दर्शन पूजन करने को लालयित दिखे। इस अवसर पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए। सादी वर्दी में पुलिस के जवान और सीसीटीवी के अलावा ड्रोन से भी अवांछनीय तत्वों पर कड़ी नजर रखी गई। उधर, प्रयागराज से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार शिवालयों में शिवभक्त बड़ी संख्या में दर्शन-पूजन करने पहुंचे। सबसे ज्यादा भीड़ यमुना के किनारे स्थित मनकामेश्वर मंदिर में पहुंची। यहां भोर से ही श्रद्धालु भगवान शिव का दर्शन करने के लिए पहुंचने लगे थे। जगह कम होने की वजह से श्रद्धालुओं की लंबी लाइन सड़क पर लग गई। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक यहां सावन के महीने में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। प्रयागराज के लगभग सभी शिवालयों में सोमवार को हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए श्रद्धालु प्रवेश कर रहे हैं और दर्शन पूजन कर रहे हैं। शिवलिंगों पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र, शहद, दही- गुण से अभिषेक कर रहे हैं। शिवालयों में रूद्राभिषेक चल रहा है। गंगा तट पर स्थित नागवासुकि मंदिर, शिवकुटी में स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर, शिव कचहरी, सोमेश्वर महादेव मंदिर, पडिला महादेव मंदिर, तक्षक तीर्थ, शिवकोटि मंदिर और दशाश्वमेध मंदिर समेत तमाम दूसरे शिवालयों में हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज रहा है। भदोही जिले के तिलंगा में परम पावनी मंदाकिनी के तट पर अवस्थित द्वापर युगीन बाबा तिलेश्वरनाथ धाम श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही कांवरियों की चहल कदमी से गुलजार हो रहा है। विभिन्न ऋतुओं में रंग व स्वरूप बदलने वाला यह शिवलिंग शिव भक्तों की आस्था का केंद्र बना आ है।

वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए कतार में खड़े शिवभक्त। : एजेंसी

सिपाहियों ने युवक को चौकी में नंगा करके पीटा

संवाददाता, शाहबाद(रामपुर)

- वीडियो वायरल होने के बाद चौकी इंचार्ज व दो सिपाही निलंबित

अमृत विचार : पत्नी की शिकायत पर ढकिया चौकी में तैनात दो सिपाही युवक को उठा लाए। इसके बाद उसे खूब बेहोश होने तक पीटा। होश आने पर पुलिसकर्मियों ने उससे पैर दबवाए। इसका वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक ने आनन-फानन में दोनों सिपाहियों और चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया है।

शनिवार को कोतवाली शाहबाद की ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव भंवरकी जदीद निवासी ऋषिपाल जाटव का अपनी पत्नी से विवाद हो गया। पत्नी की शिकायत पर शनिवार की शाम करीब पांच बजे ढकिया चौकी में तैनात सिपाही जयदेव और अमित कुमार उसे घर से पकड़कर ले गए। चौकी में सिपाहियों ने ऋषिपाल की बेरहमी से पिटाई की। इस दौरान वह बेहोश हो गया। होश में आने पर सिपाहियों ने उससे अपने पैर भी दबवाए। सुबह शरीर पर पिटाई के निशान का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। तमाम संगठन आक्रोशित होकर पीड़ित के साथ क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पहुंच गए। उनकी क्षेत्राधिकारी से तीखी झड़प भी हुई। मामला बिगड़ता देख दोनों सिपाहियों पर केस दर्ज कर लिया। इसके साथ ही इंस्पेक्टर ने उनके निलंबन की संस्तुति कर दी है।

संविधान हत्या दिवस की अधिसूचना की वैधता पर केंद्र से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने वाली अधिसूचना की वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जानकारी मांगी है।

याचिका में कोर्ट को बताया गया है कि इस प्रकार का निर्णय लेने का अधिकार सरकार को नहीं है। अतः यह संवैधानिक प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। सरकार की ऐसी उद्घोषणा को संविधान की अवमानना बताते हुए असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। झांसी के संतोष कुमार दोहरे की याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने सरकार से इस संबंध में एक सप्ताह के अंदर जानकारी मांगी और मामले को आगामी 31 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। बता दें कि 11 जुलाई 2024 को गृह मंत्रालय ने आपातकाल लागू होने के कारण 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मानने की अधिसूचना जारी की, जिसे हाईकोर्ट के समक्ष वर्तमान जनहित याचिका में चुनौती दी गई।

- झांसी के संतोष कुमार दोहरे की याचिका पर सुनवाई कर रहा था हाई कोर्ट

जिला न्यायालयों में नियुक्ति चाहने वालों से ईमानदारी और आचरण का उच्च मानक अपेक्षित : हाई कोर्ट

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने न्यायिक पद पर नियुक्ति चाहने वाले उम्मीदवारों की नैतिक अर्हता को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिला न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति चाहने वाले उम्मीदवार का चरित्र बेदाग होना चाहिए और उसका ईमानदार होना एक आवश्यक शर्त है। उसका अतीत साफ-सुथरा होना चाहिए और अगर किसी ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति की जाती है, जिसकी ईमानदारी संदिग्ध है या उसका अतीत साफ-सुथरा नहीं है तो इससे संस्था को नुकसान हो सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने जिला न्यायालय, एटा के समूह 'डी' कर्मचारी राम सेवक की बर्खास्तगी को बरकरार रखते हुए की।

स्टार्टअप शुरू कर रक्षा मंत्रालय के लिए बनाया साफ्टवेयर

सुरेश पांडेय, बरेली

अमृत विचार : अगर जुनून है तो कोई भी मुकाम पाया जा सकता है। अद्वैत गुप्ता ने मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है। उन्होंने विदेश में दो करोड़ रुपये का ऑफर ठुकराकर देश के युवाओं को रोजगार देने की ठानी। शहर में उन्होंने स्टार्टअप शुरू किया। उनका तैयार किया गया साफ्टवेयर आज रक्षा मंत्रालय इस्तेमाल कर रहा है। वह यहीं से फेसबुक सर्वर की हीटिंग की मॉनिटरिंग भी करते हैं।

शहर के मोहल्ला बिहारमान नगला निवासी अद्वैत गुप्ता ने कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की मास्टर डिग्री ली। उन्होंने 2013 से 2020 तक विदेश में विभिन्न कंपनियों में काम किया। इस बीच उन्हें स्विटजरलैंड की एक कंपनी ने दो करोड़ रुपये का पैकेज ऑफर किया, लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया और बरेली लौट आए। विदेश में जो पैसा कमाया, उसी से यहां काम शुरू किया।

अद्वैत गुप्ता

उन्होंने सामान्य आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बेहतर परिणाम देने वाला एप तैयार किया। वह बताते हैं कि कोई भी इंजीनियरिंग करिए, लेकिन साफ्टवेयर डेवलपमेंट आना चाहिए। इंजीनियरिंग की पढ़ाई में भी फिजिक्स और मैथ का प्रयोग ज्यादा होता है। उनके साथ मैकेनिकल, एयरोस्पेस, केमिकल इंजीनियरिंग के लोग हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली और गुवाहाटी के युवा इंजीनियर उनसे जुड़े हैं। उनकी कंपनी से जुड़े एनआईटी पासआउट युवा विदेशी कंपनी के लिए काम कर रहे हैं। अद्वैत घर से ही कंपनी चला रहे हैं।

उड़ान

- बरेली से फेसबुक के सर्वर की प्रॉपर हीटिंग का संचालन भी अद्वैत गुप्ता के हाथ
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर डिग्री लेकर सात साल अमेरिका में काम किया

छात्रों के लिए बनाया क्वांट परकार साफ्टवेयर

अद्वैत ने विश्व के सभी छात्रों, एकेडमी, प्रोफेशनल, इंडस्ट्री के लिए क्वांट परकार साफ्टवेयर बनाया है। इसे डाउनलोड करके छात्र लाभ ले सकते हैं। उनका दावा है कि यह सामान्य एआई से बेहतर रिजल्ट दे सकता है।

एएम प्रवाह नाम का विकसित किया साफ्टवेयर

अद्वैत ने एएम प्रवाह नाम का साफ्टवेयर विकसित किया है, जिसे रक्षा मंत्रालय ने पसंद किया और उनका साफ्टवेयर वहां चल रहा है। उनका कहना है कि यह साफ्टवेयर चिकित्सा क्षेत्र के लिए भी कारगर साबित हो सकता है। इसमें थ्री डी प्रिंटिंग के प्रयोग से व्यक्ति के हार्टअटैक की संभावना को बताया जा सकता है। अद्वैत बताते हैं कि व्यक्ति की जांच रिपोर्ट को इस साफ्टवेयर में डालने के बाद डॉक्टरों को पता चल जाएगा कि उन्हें ऑपरेशन करना होगा या दवा से काम चल जाएगा। अभी बड़े संस्थानों से इसके लिए वार्ता चल रही है। उनका दावा है कि एएम प्रवाह विश्व का पहला थ्री डी प्रिंटिंग सिमलेशन साफ्टवेयर है। यह पूरी तरह पांडव एप्लीकेशन से संचालित है। पांडव एप्लीकेशन अद्वैत की मूल कंपनी है।

अमेजन और फ्लिपकार्ट नौकरी दे सकता है तो मैं क्यों नहीं

अद्वैत कहते हैं कि अमेजन और फ्लिपकार्ट रोजगार दे सकता है तो मैं क्यों नहीं। मन में यह विचार ऐसा कौंधा कि स्विटजरलैंड में करोड़ों रुपये का आफर ठुकरा कर बरेली लौट आए। यहीं काम शुरू कर दिया। आज वह तमाम युवाओं को रोजगार दे रहे हैं।

फेसबुक सर्वर की भी कर रहे निगरानी

अद्वैत ने बताया कि अमेरिका में फेसबुक का डेटा सेंटर बना है। दो मंजिल इस सेंटर में केवल मशीनें ही लगी हैं। मशीनों से समुचित हीटिंग और कूलिंग हो, इसके लिए बरेली से वह निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नैनो बबल तकनीक पर भी काम हो रहा है। दिल्ली में एलएंडटी कंपनी वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बना रही है। इसमें ओजोन में कितनी मात्रा और कितनी साइज में बबल छोड़े जाएंगे, इसकी माडलिंग यहां से की जा रही है।

धर्म दर्शन

सतोगुण प्रधान देव श्री हरि विष्णु

मनुस्मृति के अनुसार सृष्टि में सर्वप्रथम परमात्मा ईश्वर ही नर के रूप में उत्पन्न हुआ। महाभारत एवं परवर्ती साहित्य में वैदिक विष्णु की उपासना के अभिन्न अंग बन गए -वासुदेव कृष्ण और नारायण। इन पर अलग स्वतंत्र ग्रंथ रचनाएं अस्तित्व में है। पौराणिक साहित्य में विष्णु को सतोगुण प्रधान देव माना गया है। सृष्टि के संचालन और रक्षण का प्रमुख दायित्व इन्हीं का माना गया है। इसी कारण वह विभिन्न युगों में मानवीय अवतार ले दुष्टों का दमन और पृथ्वी का पालन करते हैं। पुराणों में उनको चतुर्हस्त (चार हाथों वाला) एवं शंख, गदा, चक्र एवं पद्म (कमल) धारणकर्ता कहा गया है। पीतांबर, वनमाला, किरीट, कुंडल तथा श्रीवत्स इनके प्रिय आभूषण हैं। वैकुंठ इनका निवास स्थल और पत्नी लक्ष्मी हैं। उनको छीर सागर में शेषशायी भी कहा गया है। आगम साहित्य के सिद्धांतानुसार वैकुंठ सबसे ऊंचे स्वर्ग का नाम है। कोई भी जीवात्मा ईश्वरीय कृपा के बिना, ज्ञान लाभ और मोक्ष नहीं पा सकता है और न तो उसे वैकुंठ में ईश्वर का सायुज्य ही मिल सकता है। वैष्णव मत भगवान विष्णु के उपासकों का मार्ग है। इसके अन्य लोकप्रिय नाम भागवत मत और पंचरात्र मत भी हैं। कुछ लोग नामांत में संप्रदाय शब्द का प्रयोग करते हैं। महाभारत काल में कृष्णावतार की मान्यता के साथ ही पूर्व के ही सात्वमत में पंचरात्र समाहित हो गया। सात्वमत ही भागवत मत का एक अन्य नाम है। इस मत के अनुसार हरिभजन ही परम पुनीत कर्तव्य और मुक्ति का साधन है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

चराचर जगत के स्वामी शिव

बिंदु शक्तिः शिवो नादः शिवशक्त्यामकं जगत्। नादाधारमिदं बिंदुर्बिन्द्वाधारमिदं जगत्।। सारा चराचर जगत बिंदु व नादस्वरूप है। बिंदु शक्ति है और नाद शिव। इस तरह यह जगत शिव शक्ति स्वरूप ही है। नाद बिंदु का और बिंदु इस जगत का आधार है। यह बिंदु और नाद (शक्ति और शिव) संपूर्ण जगत के आधार रूप से स्थित हैं। बिंदु और नाद से युक्त सबकुछ शिव स्वरूप है। शिवलिंग भी बिंदु नादस्वरूप है। बिंदुरूपा देवी उमा माता हैं और नादस्वरूप भगवान शिव पिता। इन माता-पिता के पूजित होने से परमानंद की प्राप्ति होती है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

अकार, उकार, मकार, बिंदु, नाद और ध्वनि के रूप मे लिंग के छह भेद हैं। संपूर्ण प्रणव को ध्वनिलिंग कहते हैं।/ यो हि प्रकृतिजातस्य संसारस्य महोदधेः।/ नवं नावांतरमिति प्रणवं वै विदुर्बुधाः।। प्र का अर्थ है प्रकृति से उत्पन्न संसार रूपी महासागर। प्रणव इससे पार करने के लिए 'नव' अर्थात् नाव है, इसलिए इस ओंकार को 'प्रणव' की संज्ञा देते हैं। 'प्रणव' ओंकार का जप करने वाले साधकों से कहता है कि 'प्र' अर्थात् प्रपंच नहीं है, तुम लोगों के लिए। यह प्रणव अपने सभी उपासकों को बलपूर्वक मोक्ष तक पहुंचा देता है। इस अभिप्राय से भी इसे ऋषि मुनि 'प्रणव' कहते हैं। समस्त कर्मों का नाश करके दिव्य नूतन ज्ञान देने के कारण भी यह प्रणव कहा जाता है। उन मायारहित महेश्वर को ही 'नव' अर्थात् नूतन कहते हैं। वे परमात्मा प्रकृष्ट रूप से 'नव' अर्थात् शुद्ध स्वरूप हैं, इसलिए 'प्रणव' कहलाते हैं। प्रणव साधक को नव अर्थात् नवीन (शिवस्वरूप) कर देता है। एक अक्षर रूप जो 'ॐ' है, उसे सूक्ष्म तथा 'नमः शिवाय' पांच अक्षर वाले मंत्र को स्थूल प्रणव समझना चाहिए।

भगवान शिव ने अपने शरीर पर अपने लिए श्रृंगार, आभूषण स्वरूप भस्म को धारण किया है। यह भस्म, राख या विभूति (भभूत) तीन प्रकार की बताई गई है। लोकाग्निजनित, वेदाग्नि जनित और शिवाग्निजनित। लौकिक भस्म (जली हुई लकड़ी ईंधन आदि की राख) को पूजा के पूर्व द्रव्यों व पात्रों की शुद्धि के लिए प्रयोग किया जाता है। वेदाग्निजनित जो भस्म है, उसको उन वैदिक कर्मों यज्ञ, अनुष्ठान आदि के अंत में धारण करना चाहिए। मंत्र और क्रिया से जनित जो होम कर्म है वह अग्नि में भस्म का रूप धारण करता है। उस भस्म को धारण करने से वह कर्म आत्मा में आरोपित हो जाता है। अघोर मूर्तिधारी शिव का जो अपना मंत्र है उससे अभिमंत्रित अग्नि को शिवाग्नि कहा गया है। भस्म को समय-समय पर कांति या शोभा वृद्धि के लिए धारण किए जाने का विधान है। जैसे राजा अपने राज्य में सारभूत कर(टैक्स) को ग्रहण करता है, जैसे मनुष्य विभिन्न प्रकार के अनाज को जलाकर, पकाकर उसका सार ग्रहण करते हैं, जैसे जठराग्नि नाना प्रकार के भोज्य पदार्थों को जलाकर उसके सारतत्व को ग्रहण करता है, उसी प्रकार प्रपंच कर्ता परमेश्वर शिव ने भी अपने में विद्यमान सांसारिक प्रपंच को जलाकर भस्म रूप से उसके सार तत्व को ग्रहण किया है।

भवं भास्वरं भस्मना भूषिताङ्गं। संसार के प्रपंच को दग्ध करके शिव ने उसके भस्म को अपने शरीर में लगाया है। इस प्रकार भस्म के बहाने उन्होंने जगत के सार को ही ग्रहण किया है। जन्म और मरण रूप द्वंद भगवान शिव की माया द्वारा ही दिया गया है। माया चक्र के निर्माता भगवान शिव ही हैं। वह अपनी माया के दिए हुए द्वंद्व का स्वयं ही परिमार्जन करते हैं। अतः शिव के द्वारा कल्पित हुआ द्वंद उन्हीं को समर्पित कर देना चाहिए, जो अपने जन्म और मरण रूप द्वंद्व को शिव को ही समर्पित कर देता है, वह फिर शरीर के बंधन में नहीं पड़ता है।

वर्ग पहेली-139

बाएं से दाएं

1. विवाहित स्त्रियों के लिए प्रयोग किया जाने वाला सम्मानजनक संबोधन, श्रीमती।
4. जो सुगमतापूर्वक या आसानी से पढ़ा जा सके।
6. वह कपड़ा या चादर जिसपर शिव का नाम छपा हो।
8. मोहक चाल में चलने वाला, सुंदर गति वाला, मंजुगमन।

ऊपर से नीचे

1. 1. विवाह की एक रस्म 2. उक्त रस्म में कन्या पक्ष वाले वर पक्ष वाले से गले मिलते हैं और उपहार या रुपए आदि देते हैं।
2. 1. शुक्रवार 2. शुक्राचार्य 3. शुक्रग्रह 4. कृष्ण 5. शिव 6. परशुराम मुनि 7. जमदग्नि ऋषि 8. पहाड़ का खड़ा भाग।
3. 1. झपटने की क्रिया कराना 2. किसी को बलपूर्वक झपटने में प्रवृत्त करना।
5. एक प्रकार का पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत और सजावटी सामान बनाने के कार्य में आती है, शीशम।
7. 1. बैठक, सभा 2. अधिवेशन, सम्मेलन 3. मुलाकात, भेंट।



वर्ग पहेली -138 का हल

	1 मँ		2 खु		3 भा
4 अं	ग	दे	श		रि
	वा		5 मि	थ	क
	ना		ज़ा		
6 ख़ो		7 व	ज	ह	
जा		द			
	8 ध	न	दि	शा	

सुडोकू-52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1	5		8					2
	4				3		9	
9				7	6			5
		9				7	2	
7		5				4		1
	2	8				6		
6			9	5				7
	7		2				6	
2					1		3	8

सुडोकू -51 का हल

1	4	8	7	3	9	6	2	5
6	3	5	4	2	1	7	8	9
9	2	7	5	8	6	4	3	1
7	1	4	3	6	2	9	5	8
2	9	6	1	5	8	3	4	7
8	5	3	9	7	4	1	6	2
4	7	2	8	1	3	5	9	6
5	6	9	2	4	7	8	1	3
3	8	1	6	9	5	2	7	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 10.23 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 20.18 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आप काफी सुखद अनुभव का आनंद लेंगे। अपने काम के प्रति निष्ठावान रहें। कारोबार में बड़ा ऑर्डर आपको मिल सकता है। सेहत को लेकर सावधान रहें। रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी होने के कारण मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

वृष — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। व्यवसाय में आकस्मिक धन हानि झेलनी पड़ सकती है। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। धर्म-कर्म से अरुचि हो अकती है। पिता के किसी निर्णय से आप नाराज हो सकते हैं।

मिथुन — आज मन में कई तरह के विचार एक साथ आएंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उदासीन हो सकते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। आपको धन की कमी महसूस होगी। लोगों से ज्यादा सलाह न लें वरना अनावश्यक भ्रमित हो जाएंगे।

कर्क — आज आपके रुके हुए कार्य गतिशील होने की संभावना है। लेपटॉप व मोबाइल आदि की स्क्रीन के सामने ज्यादा समय न बिताएं। आंखों में परेशानी और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें।

सिंह — आज आपको जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। अचल संपत्ति की खरीदी का विचार मन में आएगा। व्यापार में प्रतिद्वंदियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

कन्या — आज आपकी दिनचर्या कुछ अव्यवस्थित हो सकती है। बच्चे माता-पिता के आदेश का सख्ती से पालन करें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए बहुत सुखद रहने वाला है। आप लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। अटके हुए धन का लाभ आपको मिलेगा।

तुला — आज कृषि कार्यों से जुड़े लोगों को धन की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मन में साहसिक कार्य करने की इच्छाशक्ति जागृत होगी। अहंकारी व्यवहार के कारण स्वजन आपसे नाराज हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

वृश्चिक — आज आपकी बातों से कुछ परिजन नाराज हो सकते हैं। दूरस्थ स्थानों की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। प्रियजनों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे। नया व्यवसाय आप शुरू कर सकते हैं। उच्च शिक्षा में उत्तम सफलता मिलेगी।

धनु — आज आपकी लोग काफी प्रशंसा करेंगे। घर का माहौल सुखमय रहेगा। कड़वी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाकर रखें। आपको कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे। शाम के समय आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

मकर — आज व्यापार में काफी व्यस्तता रहेगी। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। परिवार में सब आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

कुंभ — आज दिन की शुरुआत थोड़ी उबाऊ हो सकती है। किंतु व्यवसाय में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों को पर्याप्त समय देंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। गलत बातों में अपना समय बर्बाद न करें।

मीन — आज स्वार्थी लोग आपका भावनात्मक शोषण कर सकते हैं। लोगों से सोच-समझकर ही अपनी बातें शेयर करें। घरेलू खर्च को लेकर आपका बजट गड़बड़ा सकता है। सरकारी मामलों में लापरवाही न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
फर्ज — सुबह : 09.55
गंगा तेरे देश में — रात : 07.00
बागी — सुबह : 10.46
हमारी अधूरी कहानी — रात : 08.00

SONY PIX
मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.38
द डार्क नाइट — रात : 09.00

&pictures
ड्रीम गर्ल — दोपहर : 12.18

ZEE CINEMA
डी ब्लॉक — रात : 08.00

colors CINEPLEX
चिराग — सुबह : 11.19
गब्बर इज बैक — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त दूसरे दोस्त से- यार मुझे और मेरी बीबी को तमिल सीखनी है। दूसरा दोस्त - पर तुम दोनों को आखिर तमिल सीखनी क्यों है?
पहला दोस्त- यार हम दोनों ने एक तमिल बच्चा गोद लिया है, तो हम सोच रहे हैं कि उसके बोलना सीखने से पहले हम तमिल सीख लें।

गोलू -तेरा भाई क्या कर रहा है?
गप्पू-एक दुकान खोली थी, पर अब जेल में है।
गोलू-वो क्यों?
गप्पू-वो दुकान हथोड़े से खोली थी न।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	80,502.08	24,509.25
गिरावट	102.57	21.65
प्रतिशत में	0.13	0.09

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, मंगलवार, 23 जुलाई 2024

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	73,750
सोना रवा	73,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,900
चांदी (999)	90,800
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

निवेशकों की अधिक रिटर्न की उम्मीद चिंता की बात

संसद में पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा: खुदरा निवेशकों की भागीदारी बाजार को प्रदान करती है स्थिरता

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक समीक्षा में शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की बढ़ती संख्या को लेकर आगाह करते हुए कहा गया है कि बाजार की वास्तविक स्थितियों को समझे बिना अधिक रिटर्न की उम्मीद कर पैसा लगाना चिंता का विषय है।

संसद में सोमवार को पेश 2023-24 की आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि खुदरा निवेशकों की बढ़ी हुई भागीदारी पूंजी बाजार को स्थिरता प्रदान करती है। पिछले कुछ साल में भारतीय पूंजी बाजार में गतिविधियां बढ़ी हैं। लोग डिमैट खातों के माध्यम से शेयरों की प्रत्यक्ष खरीद-बिक्री कर रहे हैं या फिर परोक्ष रूप से म्यूचुअल फंड से बाजार में निवेश कर रहे हैं। इक्विटी नकदी खंड कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत थी। दोनों डिपॉजिटरी के पास डीमैट खातों की संख्या वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 15.14 करोड़ हो गई, जो 2022-23 में 11.45 करोड़ थी। बाजार में निवेशकों की इस भागीदारी का असर शेयर बाजारों में नए निवेशक पंजीकरण, कुल कारोबार मूल्य में उनकी हिस्सेदारी, शुद्ध निवेश और सूचीबद्ध कंपनियों में स्वामित्व में भी दिखता है। उदाहरण के लिए, एनएसई में पंजीकृत निवेशकों की संख्या मार्च, 2020 के मुकाबले तीन गुना बढ़कर 31 मार्च, 2024 तक 9.2 करोड़ हो गई है।

● इक्विटी कारोबार में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी 2023-24 में 35.9 प्रतिशत

दोनों सदनों में बजट पर होगी 20 घंटे चर्चा

नई दिल्ली। लोकसभा और राज्यसभा में आम बजट पर 20-20 घंटे चर्चा होने की संभावना है, वहीं निचले सदन में रेलवे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालयों पर अलग से बहस होने की उम्मीद है। लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति ने सोमवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया। समिति में विभिन्न दलों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं।

दो साल में जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतें बढ़ीं

दो साल में खराब मौसम, जलाशयों के निचले स्तर और फसल क्षति ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति ने विशेष रूप से सब्जियों और दालों के उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया है। पिछले वर्ष की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर एकीकृत रिपोर्ट में कहा गया है, 2022-23 और 2023-24 में कृषि क्षेत्र खराब मौसम की घटनाओं, जलाशयों के निचले स्तर और क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हुआ है जिसने कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक पर आधारित खाद्य मुद्रास्फीति 2021-22 के 3.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 6.6 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत हो गई। जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि हो रही है - जिनमें लू, असमान मानसून, बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, और ऐतिहासिक शुष्क परिस्थितियां शामिल हैं।

फसल बीमा में 2024 से वृद्धि देखने को मिलेगी

कृषि बीमा क्षेत्र में वर्ष 2024 से वृद्धि दर्ज होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी। साधारण बीमा बाजार में लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले कृषि बीमा में खरीफ फसल मौसम के दौरान प्रीमियम दरों में भारी गिरावट से 2022-23 में स्थिर वृद्धि देखी गई। इस गिरावट की भरपाई सत्र के दौरान बीमित भूमि क्षेत्र और किसानों के नामांकन में वृद्धि से हुई। वर्ष 2024 से कृषि प्रीमियम में वृद्धि होने की संभावना है, जिसमें मध्यम अवधि में औसत वास्तविक प्रीमियम वृद्धि 2.5 प्रतिशत होगी, जिसे मोबाइल एप्लिकेशन और फसल नुकसान की निगरानी के लिए रिमोट सेंसिंग जैसे बीमा बुनियादी ढांचे में सुधार का समर्थन प्राप्त होगा। फसल बीमा से जुड़ी मौजूदा चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने कई तकनीकी पहल शुरू की हैं। इनमें यस-टेक मैनुअल, विंड्स पोर्टल और सैटेलाइट आधारित उन्नत तकनीकों के माध्यम से फसल क्षति का आकलन करने के लिए नामांकन ऐप एआईडीई/सहायक शामिल हैं।

आर्थिक समीक्षा की मुख्य बातें

- 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 7% रहने का अनुमान, 2023-24 में यह 8.2% रहने का अनुमान।
- अनिश्चित वैश्विक आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद घरेलू स्तर पर वृद्धि को बढ़ावा देने वाले तत्वों ने आर्थिक वृद्धि को सहारा दिया।
- अल्पकालिक मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान अनुकूल है, लेकिन दलहनों में कमी और परिणामस्वरूप मूल्य दबाव का सामना करना पड़ रहा है।
- मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद और आयात कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति को बल मिलता है।
- यह पता लगाने के तरीके सुझाए गए हैं कि क्या भारत के मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को खाद्य वस्तुओं को छोड़कर मुद्रास्फीति दर को लक्षित करना चाहिए।
- भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि तथा इसका प्रभाव आरबीआई की मौद्रिक नीति के रुख को प्रभावित कर सकता है।
- भारत के वित्तीय क्षेत्र का परिदृश्य उज्ज्वल है।
- चूंकि वित्तीय क्षेत्र महत्वपूर्ण बदलाव से गुजर रहा है, इसलिए इसे वैश्विक या स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली संभावित कमजोरियों के लिए तैयार रहना चाहिए।
- बेहतर कॉरपोरेट और बैंकों के बही-खाते से निजी निवेश को और मजबूती मिलेगी।
- भारत की नीतियां चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपट पाई, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मूल्य स्थिरता सुनिश्चित की गई।
- कर अनुपालन लाभ, व्यय संयम और डिजिटलीकरण ने भारत को सरकार के राजकोषीय प्रबंधन में बेहतर संतुलन हासिल करने में मदद की।
- भारत की वृद्धि गाथा में पूंजी बाजार प्रमुख बन रहा है; बाजार वैश्विक भू-राजनीतिक, आर्थिक झटकों से निपटने में समक्ष बना हुआ है।
- कृत्रिम मेधा (एआई) के सभी कौशल स्तर के श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर काफी अनिश्चितता।
- चीन से एफडीआई प्रवाह में वृद्धि से वैश्विक आपूर्ति शृंखला में भागीदारी बढ़ाने और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।
- देश में 54 प्रतिशत रोग अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होते हैं, संतुलित, विविध आहार की ओर बदलाव की जरूरत।
- देश में विदेश में बसे भारतीयों द्वारा भेजा गया धन 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़कर 124 अरब डॉलर हुआ। 2025 में इसके 129 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान।
- खिलौना उद्योग को निर्यात बढ़ाने, चीन से आयात कम करने में सरकार से मिली मदद।
- आय असमानता की चुनौतियों से निपटने में कर नीतियों की प्रमुख भूमिका होगी।
- भारत में बुजुर्गों की देखभाल के लिए एक समग्र नीति की आवश्यकता है।
- रेल यात्री सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि।
- आर्थिक समीक्षा में आयुष्मान भारत के विभिन्न लाभों को रेखांकित किया गया।

आरबीआई बंद करे खाद्य मुद्रास्फीति पर गौर करना

● खाने के सामान की ऊंची कीमतों को कम करने के लिए देना चाहिए कूपन

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई को नीतिगत दर तय करने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर गौर करना बंद करना चाहिए और सरकार को गरीबों पर खाने के सामान की ऊंची कीमतों का असर कम करने को उन्हें कूपन देने या सीधे नकदी हस्तांतरण पर विचार करना चाहिए।

आरबीआई ने बढ़ी हुई खाद्य मुद्रास्फीति का हवाला देते हुए नीतिगत दर में कटौती से परहेज किया है। आरबीआई की नीतिगत दर के आधार पर ही बैंक आवास, व्यक्तिगत और कंपनी ऋण की ब्याज तय करते हैं। भारत ने 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण को लेकर रूपरेखा पेश की थी। इसके तहत रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक हर दो महीने पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आधार पर नीतिगत दर रेपो तय करता है। इसमें भोजन, ईंधन, विनिर्मित सामान और चुनिंदा सेवाएं शामिल हैं। खाद्य पदार्थों को छोड़कर, महंगाई का लक्ष्य तय करने पर विचार करना चाहिए। प्रायः खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें मांग के बजाय आपूर्ति की समस्या के कारण होती हैं।

मौद्रिक नीति मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार

खुदरा मुद्रास्फीति जून में 5.08 प्रतिशत थी जबकि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.36 प्रतिशत थी। आरबीआई ने फरवरी, 2023 से नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने जून में कहा था कि मौजूदा समय में, खाद्य मूल्य परिदृश्य से जुड़ी अनिश्चितताओं पर कड़ाई से नजर रखने की जरूरत है। मौद्रिक नीति केवल मांग आधारित मूल्य दबाव को नियंत्रित करने में मददगार है। आपूर्ति बाधाओं के कारण होने वाली महंगाई से निपटने के लिए उसके उपयोग का प्रतिकूल असर हो सकता है।

मातृत्व दंड की चुनौती पर देखभाल अर्थव्यवस्था पर निवेश की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत को बच्चों की परवरिश के समय महिला श्रम बल भागीदारी दर में गिरावट के रूप में मातृत्व दंड की चुनौती का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए देश में देखभाल से संबंधित ठोस अर्थव्यवस्था बनाने के लिए रणनीतिक सुधारों की जरूरत है।

सकल घरेलू उत्पाद के दो प्रतिशत के बराबर प्रत्यक्ष सार्वजनिक निवेश से बच्चों की देखभाल से संबंधित 1.1 करोड़ नौकरियां पैदा हो सकती हैं, जिनमें से 70% महिलाओं के हिस्से में आएंगी। देखभाल सेवाओं को सब्सिडी देने पर विचार किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील और अमेरिका के सफल अंतर्राष्ट्रीय मॉडल भारत के लिए मददगार हो सकते हैं। इन देशों में देखभाल कर्मियों को आय, बच्चे की आयु व संख्या पर खरीद और कर में छूट दी जाती है।

महिला बजट 3.1 लाख करोड़

महिलाओं का बजट 2013-14 के 97,134 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 3.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। लैंगिंग बजट में इस साल 2023-24 की तुलना में 38.7 प्रतिशत और 2013-14 की तुलना में 218.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह राशि कुल केंद्रीय बजट का 6.5 प्रतिशत है।

राष्ट्रीय

एक नजर

बस मेट्रो खंभे से टकराई महिला की मौत, 23 घायल

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली में डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) की एक इलेक्ट्रिक बस के सोमवार सुबह मेट्रो खंभे से टकरा जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 23 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि पंजाबी बाग थाने को सुबह सात बजकर 42 मिनट पर रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट बस दुर्घटना की सूचना मिली। मंगोलपुरी और आनंद विहार में चलने वाली डीटीसी बस मेट्रो खंभे से टकरा गई।

ऑडी ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

मुंबई। मुलुंड इलाके में सोमवार को तेज रफ्तार ऑडी ने दो खड़े ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब आठ बजे डम्पिंग रोड पर हुई और हादसे के बाद चालक ऑडी कार वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। वाहन को जब्त कर लिया गया है। घायलों में दो ऑटोरिक्शा चालक और उनमें सवार दो यात्री हैं जिनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है।

3 करोड़ रुपये, 3100 डॉलर के साथ एक गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर आयुक्त पुलिस ने हवाला कारोबार में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से करीब तीन करोड़ रुपये और 3100 अमेरिकी डॉलर बरामद किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस स्टेशन न्यू बारादरी जालंधर की एक टीम टी-पॉइंट बशीरपुरा जालंधर के पास जांच कर रही थी।

मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक जवान घायल

जम्मू-कश्मीर : राजौरी में सेना की चौकी, वीडीजी के घर पर आतंकी हमले की कोशिश नाकाम

● एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल

राजौरी/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के जवानों ने सैन्य चौकी और ग्राम रक्षा दल सदस्य (वीडीजी) के आवास पर आतंकी हमले की कोशिश सोमवार तड़के नाकाम की। सेना के अधिकारियों ने बताया कि घटना में संलिप्त आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया और इस दौरान उनकी आतंकियों से मुठभेड़ हो गई। वीडीजी आवास पर हमले में शामिल आतंकी को मार गिराया गया। इसमें एक जवान, एक नागरिक और वीडीजी का रिश्तेदार घायल हुआ है।

व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर बताया कि राजौरी के गुंधा इलाके में आतंकियों ने वीडीसी (सदस्य) के घर पर तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर हमला किया। नजदीक मौजूद सैन्य टुकड़ी ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई। अभियान अब भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने वीडीजी और पूर्व सैनिक परषोत्तम कुमार के ख्वास तहसील के गुंधा इलाके स्थित आवास पर गोलीबारी की। कुमार शौर्य चक्र से भी सम्मानित हैं। आतंकियों के ग्रेनेड फेंकने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद उन्होंने सुबह चार बजे क्षेत्र में नव स्थापित सेना चौकी पर हमला किया, जिसको सेना ने नाकाम कर दिया है। एक स्थानीय महिला ने कहा कि हम इस हमले से भयभीत हैं, क्योंकि सालों बाद इलाके में आतंकी वारदात हुई है। यह इलाका शांतिपूर्ण था। तड़के तीन बजे गोलीबारी शुरू हुई और यह जारी है। ग्रामीण ने कहा कि वीडीजी को आधुनिक हथियारों और संचार प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत है, ताकि वे जम्मू के पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों का मुकाबला कर सकें।

राजौरी जिले के गुंधा इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुए मुठभेड़ के दौरान आगे बढ़े सेना के वाहन। एजेंसी

सिद्धरमैया को फंसाने के आरोप में ईडी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज

बेंगलुरु। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में 187 करोड़ के कथित घोटाले में सोमवार को उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब राज्य सरकार के अधिकारी पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और वित्त विभाग को फंसाने के लिए दबाव डालने के आरोप में ईडी के दो अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक कल्लेश बी. की शिकायत पर विल्सन गार्डन पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एसआईटी के अलावा, सीबीआई भी मामले की जांच कर रही है, जिसमें हैदराबाद के कंपनियों को 88 करोड़ का अवैध हस्तांतरण भी शामिल है।

बजट में एमएसपी की कानूनी गारंटी की घोषणा होनी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

● कर्ज और कृषि ऋण माफी की निगरानी को आयोग जरूरत: रमेश

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट पेश किए जाने से एक दिन पहले सोमवार को कहा कि इस बजट में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की घोषणा करने की जरूरत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सरकार से आग्रह किया कि किसान कर्ज माफी की आवश्यकता, परिमाण का आकलन करने और कृषि ऋण माफी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक स्थायी आयोग की स्थापना की जानी चहिए।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्र सरकार की तमाम विफलताओं में से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की क्षमताहीनता और दुर्भावना से भरा व्यवहार सबसे अधिक हानिकारक है। उन्होंने दावा किया कि जहां संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) ने गेहूं की एमएसपी 119 प्रतिशत और धान की एमएसपी 134 प्रतिशत बढ़ाई थी, वहीं मोदी सरकार ने इसे क्रमशः 47 प्रतिशत और 50 प्रतिशत बढ़ाया है। यह महंगाई और कृषि इनपुट की बढ़ती कीमतों के हिसाब से बिल्कुल भी पर्याप्त नहीं है। रमेश ने कहा कि किसानों का कर्ज बहुत बढ़ गया है। एनएसएसओ के अनुसार, 2013 के बाद से बकाया ऋण में 58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

सेंट्रल विस्टा: कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से कहा केंद्र कार्रवाई करे तो याचिका दायर करें

● हाईकोर्ट ने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र 'सेंट्रल विस्टा' पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा।

बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगा, बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा कि इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए कोर्ट का रुख किया था।

खालिद की याचिका पर सुनवाई से अलग हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश अमित शर्मा ने फरवरी 2020 में हुए दंगों के पीछे कथित साजिश से संबंधित यूएपीए मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से सोमवार को खुद को अलग कर लिया। इस मामले को न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति शर्मा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। सिंह ने कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष भेजा जाना है। इस मामले पर 24 जुलाई को सुनवाई होगी।

नकली सोने के व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने से राज्यपाल चिंतित

● यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय : आनंद बोस

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दक्षिण 24 परगना जिले में नकली सोने की मूर्ति का कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार व्यापारी के घर के नीचे सुरंग मिलने पर रविवार को चिंता जताई और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है।

पुलिस को 15 जुलाई को कुलतली में आरोपी व्यापारी के घर के नीचे एक सुरंग मिली थी। यह सुरंग पास की उस नहर तक जाती है, जो मतला नदी में मिलती है। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सुनियोजित ढंग से निर्मित सुरंग, जो कथित तौर पर सुंदरबन में मतला नदी में बहने वाली एक नहर तक जाती है, जिसके आगे भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा है, स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है। पुलिस की छापेमारी के दौरान घर के मालिक और नकली सोने के व्यापारी सद्दाम सरदार के इस सुरंग के रास्ते भागने का संदेह था। हालांकि, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

कांवड़ यात्रा : उप्र सरकार के निर्देश पर चर्चा के लिए विपक्ष का नोटिस खारिज

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों के वे नोटिस नियमों का हवाला देते हुए खारिज कर दिए जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी।

विपक्षी सांसदों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिये थे जिनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के संबंध में दिए गए निर्देश को लेकर आज का नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा की मांग की गई थी। धनखड़ ने कहा कि ये नोटिस न तो नियम 267 की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और न ही आसन की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप हैं... इसलिए इन्हें अस्वीकार स्वीकार किया जाता है।

संघ में सहभागिता पर रोक हटाना सराहनीय

नई दिल्ली, एजेंसी

● आरएसएस ने कहा- देश की लोकतांत्रिक प्रणाली होगी मजबूत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का सोमवार को स्वागत किया। आरएसएस ने कहा कि फैसले से देश की लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत होगी। उसने पूर्ववर्ती सरकारों पर अपने राजनीतिक हितों के कारण सरकारी कर्मचारियों को संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित करने का आरोप भी लगाया।

प्रतिबंध हटाने संबंधी सरकारी आदेश के सार्वजनिक होने के एक दिन बाद आरएसएस प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने कहा कि सरकार का ताजा फैसला उचित है और यह भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा। विपक्ष के कई नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों पर संघ की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर लगा प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले की आलोचना की है। आंबेकर ने कहा कि संघ 99 वर्षों से लगातार राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में सक्रिय है।

प्रतिबंध हटाना मोदी की खीज का नतीजा : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाने का विरोध करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाने की खीज का नतीजा है और ऐसा कर वह कर्मचारियों को विचारधारा विभाजित करना चाहते है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और गांधी जी की हत्या के बाद इस पर प्रतिबंध लगा था। मोदी ने इसको हटाकर न केवल विचारधारा बांटने का काम किया है, बल्कि उनकी निष्पक्षता तथा संविधान के सर्वोच्च होने के भाव को संदेहास्पद बना दिया है।

कंगना मानहानि मामले में 9 सितंबर को अदालत के सामने होगी पेश

मुबंई। फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत गीतकार जावेद अख्तर द्वारा दायर मानहानि मामले में नौ सितंबर को मुबंई की एक अदालत में पेश होगी। रनौत के शनिवार को अदालत में पेश नहीं होने पर अख्तर ने एक आवेदन दायर की और इस मामले में अभिनेत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया। अख्तर के अधिवक्ता जय भारद्वाज ने बताया कि रनौत अदालत में उपस्थित होने के लिए स्थायी रुप से छूट चाहती थी।

ममता बंगाल में घुसपैठ को न्यायोचित ठहराने का कर रहीं प्रयास : भाजपा

● पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बयान की जमकर की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि वह बांग्लादेश में संकट में फंसे लोगों को आश्रय देने को तैयार हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि बनर्जी का यह बयान राज्य में घुसपैठ को न्यायोचित्त ठहराने वाला है।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बनर्जी की उस कथित टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहती हैं कि बंगाल भारत के साथ अच्छे संबंध रखे। उन्होंने सवाल किया कि उनके (ममता के) इस बयान का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। कोलकाता में एक रैली में बनर्जी ने कहा था कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश से परेशान लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। प्रसाद ने कहा कि ऐसे मुद्दे पूरी तरह से भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह केंद्र सरकार ही थी जिसने 1971 के युद्ध के बाद बांग्लादेशियों को शरण देने का फैसला किया था।

ओलंपिक के बाद हॉकी को अलविदा कहेंगे श्रीजेश

पेरिस, एजेंसी

- हॉकी इंडिया ने दी लंबे सफर और देश की सेवाओं के लिए बधाई
- 328 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश

अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने कहा कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा। कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था।

हॉकी इंडिया ने सोमवार को श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए विन इट फॉर श्रीजेश का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा। श्रीजेश ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा मैं पेरिस में अपने आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा हूं, मुझे अपने करियर पर बहुत गर्व है और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा हूं। मेरी अब तक की यात्रा असाधारण रही है और और मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सभी कोच, प्रशंसकों और हॉकी इंडिया के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी हूं। हम सभी यहां पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। निश्चित रूप से अपने पदक का रंग बदलना चाहते है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने उनके शानदार करियर के लिए उन्हें बधाई दी।

ओलंपिक ऑर्डर से होंगे सम्मानित अभिनव बिंद्रा

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक आंदोलन में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित करेगी। पुरस्कार समारोह ओलंपिक के समापन से एक दिन पहले 10 अगस्त को पेरिस में 142वें आईओसी सत्र के दौरान आयोजित होगा। आईओसी अध्यक्ष ने 20 जुलाई को बिंद्रा को भेजे पत्र में लिखा मुझे आपको सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आईओसी कार्यकारी बोर्ड ने ओलंपिक आंदोलन में आपकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आपको 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित करने का फैसला किया है। ओलंपिक ऑर्डर आईओसी का सर्वोच्च पुरस्कार है, जो ओलंपिक आंदोलन में विशिष्ट योगदान के लिए मिलते हैं। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 'ओलंपिक ऑर्डर' से सम्मानित होने पर बिंद्रा को बधाई दी। 41 साल के हो चुके बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था।

पेरिस ओलंपिक में तोक्यो जैसी गलती नहीं दोहराऊंगी : मनिका

नई दिल्ली, एजेंसी

तोक्यो ओलंपिक में भाग लेकर महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने वाली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सोमवार को कहा कि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करेंगे और शुरुआती दौर में पदक जीतना उनके दिमाग में नहीं होगा।

बत्रा ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) से कहा पिछले ओलंपिक खेलों से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला और मैंने जो गलतियां वहां की थी उनको इस बार नहीं दोहराऊंगी। मैं उस मुकाम पर पहुंचने की कोशिश कर रही हूं जहां मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकूं। मैं मैच दर मैच आगे बढ़ूंगी और शुरू में ही पदक के बारे में नहीं सोचूंगी।

तीरंदाजी, टेटे और हॉकी टीम सहित 49 एथलीट पहुंचें खेल गांव

पेरिस। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने के लिए तीरंदाजी, टेबल टेनिस (टेटे) और हॉकी टीमों सहित कुल 49 खिलाड़ी खेल गांव में पहुंच चुके हैं। आठ सदस्यीय टेबल टेनिस टीम और 19 सदस्यीय हॉकी टीम सहित 39 खिलाड़ी पहुंचे तो वहीं ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले 21 में से 10 निशानेबाज चेटेउरौक्स पहुंच चुके हैं। तीरंदाजी टीम के सभी छह सदस्य, दो टेनिस खिलाड़ी, एक बैडमिंटन, एक नौकायन खिलाड़ी और दो तैराक भी पेरिस पहुंच चुके हैं।

नागल किज्जबुहेल ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में

नई दिल्ली। भारत के शीर्ष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को ऑस्ट्रिया में एटीपी 250 किज्जबुहेल ओपन के शुरुआती दौर में स्लोवाकिया के लुकास क्लेन को संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नागल ने 6-4, 1-6, 7-6(3) से जीत दर्ज की। नागल ने पहला सेट जीता लेकिन क्लेन ने दबदबा बनाकर दूसरे सेट को आसानी से अपने नाम कर लिया। नागल निर्णायक तीसरे सेट में 3-5 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए मैच को टाई-ब्रेक तक खिंचा। टाई-ब्रेक में नागल एक बारे फिर लय हासिल करने में सफल रहे और 7-3 की जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। अंतिम 16 में उनके सामने स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज की चुनौती होगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट करने पहुंचीं इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की नव नियुक्त चेयरपर्सन सुनयना व पति अमित प्रकाश के साथ पीटी उषा।

सुनयना बनीं ओलंपिक्स लीगल समिति की चेयरपर्सन

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के पुराने जिलों में शुमार बरेली की बेटियों ने हमेश ही अपने शहर का मान बढ़ाया है। खेल के क्षेत्र में भी बरेली की बेटियां पीछे नहीं हैं। मैदान से लेकर खेल समिति के बड़े पदों पर उन्होंने जगह बनाई है। भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की बेटी सुनयना प्रकाश को इंडियन ओलंपिक्स संघ की प्रेसीडेंट की लीगल समिति की चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। मुजफ्फरनगर में रहने वाली सुनयना के पति अमित प्रकाश एक उद्योगपति हैं जो बॉयो वेस्ट व एग्रीकल्चरल वेस्ट से सीएनजी बनाने का उद्यम करते हैं। सुनयना ने सोमवार को ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ पहुंचकर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। राष्ट्रपति ने सुनयना को नई नियुक्ति के लिए बधाई दी। राष्ट्रपति अपने स्वर्गीय पति को याद करते हुए कहा वो ओलंपिक्स और अन्य खेलों के प्रसारण को बहुत शौक से देखते थे। बता दें कि ओलंपिक्स 2024 का आगज 26 जुलाई से पेरिस में होने जा रहा है। राष्ट्रपति ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक पदक लाने की उम्मीद जताई।

टी-20 विश्व कप की समीक्षा के लिए समिति गठित

कोलंबो। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। आईसीसी के अनुसार आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी। तीन निदेशक रोजर ट्वोज, लॉसन नायडू और इमरान ख्वाजा के मार्गदर्शन में यह होगा और ये इसी साल बोर्ड को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। समझा जाता है कि आईसीसी को न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास में मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है।

कार्यभार के बहाने मनमर्जी नहीं कर पाएंगे खिलाड़ी

श्रीलंका दौरे से पहले मुख्य कोच गंभीर और अगरकर बोले- अगर खिलाड़ी फॉर्म में है तो खेलना चाहिए, 27 से शुरू होगी श्रृंखला

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य कोच गौतम गंभीर की बेबाकी और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की स्पष्टवादिता से बने तालमेल से भारत में ऐसे दौर की शुरुआत होने वाली है जहां खिलाड़ी कार्यभार प्रबंधन के बहाने श्रृंखला चुनने में मनमर्जी नहीं कर पाएंगे।

श्रीलंका दौरे से पहले गंभीर और अगरकर ने संवाददाता सम्मेलन में कुछ कड़े फैसलों के बारे में बताया तो कुछ चीजों को इशारों में समझाया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय क्रिकेट में काफी कुछ नया होने वाला है। गंभीर और अगरकर की उपस्थिति शारीरिक रूप से भले ही प्रभावशाली न लगे लेकिन भारतीय क्रिकेट की जानकारी रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि यह दोनों पूर्व क्रिकेटर स्पष्ट और कड़े फैसले करने वालों में शामिल हैं जो आसानी से नहीं बदलते। इन दोनों का लक्ष्य अब 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए खाका तैयार करना है। उनके लिए कार्यभार प्रबंधन बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अलग नियम होंगे।

श्रीलंका दौरे से पहले पत्रकारों से बात करते गौतम गंभीर व अजीत अगरकर।

गंभीर से जब कार्यभार प्रबंधन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा मैंने पहले भी कहा है कि बुमराह जैसे खिलाड़ी के लिए कार्यभार प्रबंधन महत्वपूर्ण है। अगर आप बल्लेबाज हैं और अच्छी फॉर्म में हैं तो आपको सभी मैच खेलने चाहिए। माना जा रहा था कि वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा तथा टीम के प्रमुख बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका दौरे पर नहीं जाएंगे लेकिन उनकी उपस्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है की टीम प्रबंधन इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मैच खेलते हुए देखना चाहता है। गंभीर ने कहा रोहित शर्मा और विराट कोहली अब केवल दो प्रारूप में खेलेंगे, मुझे उम्मीद है कि वह अधिक से अधिक मैच खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसी तरह से चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर ने हार्दिक पंड्या को टी-20 टीम का कप्तान नहीं नियुक्त किए जाने का कारण स्पष्ट किया। आप ऐसा कप्तान चाहते हैं जो सभी मैच खेलने की अधिक संभावना रखता हो। किसी सवाल का आपको इससे अधिक स्पष्ट जवाब नहीं मिल सकता। यही नहीं अब कप्तान के चयन में नेतृत्वकौशल ही नहीं साथी खिलाड़ियों की राय भी मायने रखेगी। अगरकर ने कहा सूर्य को कप्तान क्यों बनाया गया। क्योंकि वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो पिछले एक साल से अधिक समय से भारतीय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा है। आपको ड्रेसिंग रूम से काफी फीडबैक मिलता है।

लंबी चर्चा और फिटनेस को देखते हुए सूर्या को बनाया टी-20 का कप्तान : अगरकर

नई दिल्ली। भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि सूर्यकुमार यादव को फिटनेस मापदंड और लंबे समय तक चली चर्चा के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाने का फैसला किया। श्रीलंका में सीमित ओवर श्रृंखला के लिए रवाना होने से पहले हुए संवाददाता सम्मेलन के दौरान अगरकर ने कहा किसी को कप्तान बनाने का फैसला आप रातों-रात नहीं ले सकते। हमने इस पर काफी विचार विमर्श किया और ड्रेसिंग रूम से भी फीडबैक लिया कि एक कप्तान के रूप में हम क्या-क्या गुण ढूंढ रहे हैं। हमारे लिए सबसे बड़ी बात यह थी कि हमारा कप्तान ऐसा होना चाहिए जो कि कभी भी मैदान में उतरने के लिए तैयार रहता हो। यह हमारी पहली शर्त थी। सूर्यकुमार के साथ आप पहले से ही जानते हैं कि फिटनेस कभी भी उतना बड़ा मसला नहीं रहा है। अगरकर ने सवालिया लहजे में कहा अगर हार्दिक अचानक से चोटिल हो जाते हैं तो हमारे पास कप्तानी के लिए कोई विकल्प नहीं बचता। रोहित के रहने से चीजें आसान थीं और हमारे पास विकल्प थे। ऐसा पहले भी हुआ है, जब हार्दिक अचानक से चोटिल हो गए हों और हमारे पास कप्तानी का कोई विकल्प ना बचा हो। इसलिए हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते थे।

कोहली से रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं

मुंबई। भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता उन दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे और यह आईपीएल में दोनों के बीच कई बार टकराव से स्पष्ट है। अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी-20 और एकदिवसीय दौरे से एक साथ काम करेगी। गंभीर ने कहा विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। हमने बहुत चर्चा की है और हर किसी के पास अपनी जर्सी के लिए लड़ने का अधिकार है।

फिट रहे तो 2027 का विश्वकप खेल सकते हैं रोहित-कोहली: गौतम गंभीर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच गौतम गंभीर ने कहा कि फिटनेस बरकरार रहने पर रोहित शर्मा और विराट कोहली वर्ष 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेल सकते हैं। गंभीर ने मैं यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दोनों में बहुत क्रिकेट शेष है। अभी चैंपियंस ट्रॉफी और ऑस्ट्रेलिया का बड़ा दौरा होना है और ये दोनों निश्चित रूप से वहां प्रदर्शन करने को उत्साहित होंगे। अगर उनकी फिटनेस बरकरार रहती है तो वह 2027 एकदिवसीय विश्वकप का भी हिस्सा हो सकते हैं।

ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती चैंपियन उत्तर प्रदेश की टीम।

उप्र सब जूनियर हॉकी टीम दूसरी बार बनी चैंपियन

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सब जूनियर पुरुष टीम ने झांसी में आयोजित द्वितीय हॉकी इंडिया उत्तर क्षेत्र सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में हरियाणा को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 5 गोल किए।केतन कुशवाहा ने एक,शाहरुख अली ने 2 और प्रह्लाद राजभर ने 2 गोल कर टीम को जीत दिलाई। उत्तर प्रदेश की टीम को दूसरी बार उत्तर क्षेत्र की चैंपियन बनी। केतन कुशवाहा प्रतियोगिता के बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड मिला। नॉर्थ जोन सब जूनियर महिला वर्ग का फाइनल उत्तर प्रदेश का मुकाबला हरियाणा से था जिसमें हरियाणा ने 5-2 से जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश सब जूनियर महिला हॉकी टीम को रजत से संतोष करना पड़ा।

ओलंपिक से चोट के चलते हटीं वोंड्रोसोवा

पेरिस। तोक्यो ओलंपिक की टेनिस रजत पदक विजेता मार्केटा वोंड्रोसोवा हाथ की चोट के कारण सोमवार को पेरिस खेलों से हट गईं।

चेक गणराज्य की 25 साल की यह खिलाड़ी पिछले साल गैरवरीय रहते हुए विंबलडन चैंपियन बनीं थीं। वह 2019 में फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही थी। वोंड्रोसोवा को इस साल विंबलडन के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वोंड्रोसोवा ने ओलंपिक से हटने के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि उनका ध्यान अब यूएस ओपन के लिए तैयार होने पर है, जो अगस्त के अंत में शुरू होगा।

इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराया

नॉटिंघम, एजेंसी

- रूट, ब्रूक और बशीर ने दिलाई इंग्लैंड को वेस्टइंडीज पर बड़ी जीत खेल इंग्लैंड विंडीज

जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) के शतकों के बाद स्पिनर शोएब बशीर के 5 विकेट की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

रूट ने अपने करियर का 32वां जबकि ब्रूक ने पांचवा शतक लगाया, जिससे इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 385 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब में 148 रन बनाकर आउट हो गई। बशीर ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। बशीर ने तीन ओवर के अंदर किर्क मैकेंजी, कावेम हॉज और एलिक अथानाज को आउट करके वेस्टइंडीज को करारे झटके दिए। इंग्लैंड की तरफ से बशीर के अलावा क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन ने दो दो जबकि मार्क वुड ने एक विकेट लिया। इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच पारी और 114 रन से जीता था। इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाई।

श्रीलंका ने मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हराया, अट्टापटू ने जड़ा शतक

दांबुला, एजेंसी

कप्तान चमारी अट्टापटू नाबाद (119) रनों की शतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को महिला एशिया कप के सातवें मुकाबले में मलेशिया को रिकार्ड 144 रनों से हरा दिया है।

185 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की टीम का कोई भी बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सकी। मलेशियाई की ओर एलसा हंटर ने सर्वाधिक (10) रन बनाए। हालांकि इस दौरान आइना नजवा ने जाझारूपन दिखाया, लेकिन अन्य किसी बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। आइना नजवा (9) रन बनाकर नाबाद रही। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंचा सका। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 40 रन पर समेट कर मुकाबला 144 रनों से जीत लिया।

महिला एशिया कप

बांग्लादेश ने थाईलैंड को सात विकेट से हराया

दांबुला। राबेया खान 14 रन देकर चार विकेट की शानदार गेंदाबजी और उसके बाद मुर्शीदा खातून (50) रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने सोमवार को महिला एशिया कप के आठवें मुकाबले में थाईलैंड को सात विकेट से हरा दिया। 97 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही, लेकिन बांग्लादेश ने 17.3 ओवर में 100 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। इससे पहले थाईलैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 96 रन का स्कोर खड़ा किया था।

नेपाल को बड़े अंतर से हराकर भारत को मिलेगी सेमीफाइनल की टिकट

दाम्बुला। पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मंगलवार को यहां होने वाले अंतिम मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा था लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है।

विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप में हारीं भारतीय टीमें

नई दिल्ली। भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय लड़कों की टीम दक्षिण कोरिया से 1-2 से जबकि लड़कियों की टीम त मलेशिया से समान अंतर से हार गईं। लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई लेकिन पिछले सप्ताह व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाले शौर्य बावा को चार करीबी गेम में रजत पदक विजेता जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा। निर्णायक मुकाबले में कुन किम ने अरिहंत केएस को पराजित किया। लड़कियों के वर्ग में शमीना रियाज के व्हिटनी विल्सन से हारने के बाद अनाहत सिंह ने थानुसा उथ्रियन के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत दर्ज की, लेकिन आगे के मुकाबले में हार गईं।

सिंघम के प्रदर्शन के 13 साल सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार रोहित शेट्टी ने अपनी सुपरहिट फिल्म सिंघम की 13वीं सालगिरह के खास मौके पर खास पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी हो गई है। अजय देवगन और रोहित शेट्टी बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय अभिनेता-निर्देशक जोड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने साथ में कई सफल फिल्में दी हैं। दोनों इन दिनों बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन के लिए तैयारी कर रहे हैं। रोहित ने अपनी फिल्म सिंघम की 13वीं वर्षगांठ पर अपने और अजय देवगन के रिश्ते का जश्न मनाने के लिए एक खास वीडियो जारी किया है। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया।वीडियो में लिखा गया है, आज हमने सिंघम के 13 साल पूरे कर लिए हैं और किस्मत का जादू देखते हैं। आज हम अजय सर के साथ सिंघम अगेन की शूटिंग भी पूरी कर रहे हैं। बतौर डायरेक्टर यह उनकी 13वीं फिल्म है, लेकिन यह सफर 90 के दशक में शुरू हुआ था, जब मैं उनके अंडर में काम कर रहा था। 33 साल बाद भी हम मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। इस दीवाली सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है सिंघम के 13 साल, भाईचारे के 33 साल ‹bha›@‹/bha›अजयदेवगन #सिंघमअगेन।

जाह्नवी की फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का गाना शौकन रिलीज हो गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया की फिल्म उलझ के ट्रेलर पर शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद, निर्माताओं ने जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया पर फिल्माया गाना शौकन रिलीज कर दिया है। शौकन शाश्वत सचदेव द्वारा रचित और निर्मित है और इसमें जुबिन नौटियाल, नेहा कक्कड़ और शाश्वत सचदेव की आवाज हैं। कुमार ने इस गाने के बोले लिखे हैं। शौकन सोनी म्यूजिक इंडिया के यूट्यूब पेज और सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। जान्हवी कपूर ने कहा, मैं हमेशा से नेहा के गानों की फैंस रही हूं, और शौकन में पहली बार उनके साथ काम करना मेरी विश लिस्ट से हटकर है। यह गाना अविश्वसनीय रूप से उत्साहवर्धक है और आपको डांस फ्लोर पर जाने के लिए मजबूर कर देगा। यह हॉट, ग्लैमरस और ग्रूवी है। मुझे लगता है कि शाश्वत, जुबिन और नेहा ने एक और बेहतरीन कृति बनाई है। नेहा कक्कड़ ने कहा, जुबिन के साथ शौकन गाना एक शानदार अनुभव था। इस धमाकेदार गाने के लिए शाश्वत को बधाई। शौकन सिर्फ एक पार्टी नंबर नहीं है, यह एक वाइब है। मैं अपने फैंस द्वारा इस गाने को सुनने और बीट्स पर थिरकने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

यूएई में प्रदर्शन पर तीन बांग्लादेशियों को उम्रकैद

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात की एक अदालत ने दर्जनों बांग्लादेशियों को अपने देश की सरकार के खिलाफ यहां प्रदर्शन करने पर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से तीन को उम्रकैद की सजा दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक अबू धाबी की संघीय अपीलीय अदालत ने रविवार को 53 बांग्लादेशियों को 10-10 साल कारावास, एक बांग्लादेशी को 11 साल कारावास और तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इन बांग्लादेशियों को सजा पूरी होने के बाद देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया है।

अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में 3 की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के प्रांत मिसिसिपी में सामूहिक गोलीबारी में तीन लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। डब्ल्यूटीवीए टीवी चैनल ने स्थानीय पुलिस के हवाले से बताया है कि वारदात इंडियनोला शहर में हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। मृतकों की उम्र 19 साल थी। फिलहाल, कोई संदिग्ध नहीं होने के कारण चश्मदीद गवाहों से पूछताछ की प्रक्रिया जारी है।

यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद प्रोफेसर बर्खास्त

हांगकांग। चीन के एक शीर्ष विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगने के बाद सोमवार को एक प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया। एक दिन पहले ही एक स्नातक छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और अपने आरोपों के समर्थन में कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग साझा की थी। इसे लेकर व्यापक स्तर पर लोगों ने रोष व्यक्त किया था। वांग डी नाम की छात्रा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'वीबो' पर 59 मिनट लंबा एक वीडियो जारी कर कहा कि वह चीन के रेनमिन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स में डॉक्टरेट कार्यक्रम में अध्ययन कर रही हैं। वांग ने आरोप लगाया कि उनके पर्यवेक्षक ने उनका यौन शोषण किया है।

रूसी पत्रकार को सेना के दुष्प्रचार के आरोप में सजा

वाशिंगटन। अमेरिकी सरकार द्वारा वित्तपोषित 'रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी' की रूसी मूल की अमेरिकी पत्रकार अलसु कुरमाशेवा को रूस की अदालत ने गोपनीय सुनवाई करके रूसी सेना के खिलाफ दुष्प्रचार करने का दोषी करार दिया और साढ़े छह साल कारावास की सजा सुनाई। कुरमाशेवा को काजान शहर की अदालत ने दोषी करार दिया। इसी दिन रूसी शहर येकातेरिनबर्ग की अदालत ने वॉल स्ट्रीट जनरल के संवाददाता इवान गेरश्कोविच को जासूसी करने का दोषी करार देते हुए 16 वर्ष कारावास की सजा सुनाई थी। अमेरिका ने इस फैसले को राजनीति से प्रेरित करार दिया था।

झेलम के स्लीपर कोच के ब्रेक जाम, चिंगारी निकली

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर और झांसी के बीच आज दोपहर झेलम एक्सप्रेस की एक बोगी के ब्रेक जाम होने से उसमें चिंगारी निकलने लगी। यह चिंगारी आग पकड़ती उससे पहले ही ट्रेन स्टाफ ने ट्रेन को रुकवाकर अग्निशमन यंत्र से उस पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक ग्वालियर से झांसी की ओर जा रही झेलम एक्सप्रेस 11078 अप जैसे ही सिथौली संदलपुर के बीच पहुंची तो उसकी स्लीपर एस टू बोगी के पहिये के ब्रेक ब्लाक जाम होने से उसमें चिंगारी और धुआं निकलन लगा। इसकी जानकारी कुछ यात्रियों ने ट्रेन स्टाफ को दी, जिसके बाद तत्काल झेलम एक्सप्रेस को रोका गया।

पिछले साल भारत में 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक आए

नई दिल्ली, एजेंसी

- संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दी जानकारी

पर्यटन मंत्रालय के अनुसार पिछले साल कुल 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए, जो 2021 में कोरोना वायरस महामारी के समय आए 10.54 लाख विदेशी नागरिकों से काफी अधिक हैं।

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में 2021 से 2023 तक भारत आए विदेशी यात्रियों का आंकड़ा दिया। आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 1,92,45,817 विदेशी पर्यटक आए थे। यह संख्या 2022 में 85,87,562 और 2021 में 10,54,642 थी।

दिल्ली में भी विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा देखा गया। 2021 में 1,00,178 विदेशी नागरिकों ने राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा की थी और 2023 में यह संख्या बढ़कर 18,28,116 हो गई। इसी तरह, गोवा में विदेशी पर्यटकों का आगमन 2021 के 22,128 से बढ़कर 2023 में 4,52,692 बार हुआ।

आईएनएस ब्रह्मपुत्र में भीषण आग से बड़ा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

नौसेना प्रमुख ने राजनाथ सिंह को दी जानकारी

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मुंबई में नौसेना के पोतगाह में देश के अग्रणी युद्धपोत 'आईएनएस ब्रह्मपुत्र' में आग लगने की घटना से सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आग लगने से पोत को काफी नुकसान पहुंचा है। नौसेना के अनुसार, रविवार शाम को आग लगने की घटना के बाद एक कनिष्ठ नाविक लापता है और बचाव दल उसे ढूंढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। राजनाथ सिंह के कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री को आईएनएस ब्रह्मपुत्र में आग लगने की घटना से हुए नुकसान की जानकारी दी है।"

रविवार को मरम्मत के दौरान आईएनएस ब्रह्मपुत्र में लगी थी आग। ● एजेंसी

रक्षा मंत्री ने लापता नाविक के सकुशल होने कामना की है। जहाज की पोतगाह में मरम्मत की जा रही है। नौसेना ने कहा, 'भारतीय नौसेना के बहुउद्देशीय लड़ाकू पोत ब्रह्मपुत्र में 21 जुलाई की शाम उस समय आग लग गई, जब नौसेना के पोतगाह में उसकी मरम्मत की जा रही थी।" नौसेना ने कहा कि जहाज के चालक दल ने पोतगाह और बंदरगाह में मौजूद अन्य जहाजों के अग्निशमन कर्मियों की सहायता से सोमवार सुबह तक आग पर काबू पा लिया।

युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर लगी आग की घटना में, युद्धपोत एक तरफ झुक गया है और तमाम कोशिशों के बावजूद, जहाज को सीधा नहीं किया जा सका है। फिलहाल जहाज एक तरफ टिका हुआ है। वहीं इस हादसे में एक जूनियर नाविक को छोड़कर सभी कर्मियों को बचा लिया गया है। वहीं जूनियर नाविक की तलाश की जा रही है।

2000 अप्रैल में हुआ नौसेना में शामिल | **125** मीटर लंबाई

5,300 टन ब्रह्मपुत्र का वजन | **14.4** मीटर चौड़ाई

'ब्रह्मपुत्र' श्रेणी का स्वदेशी मिसाइल युद्धपोत

आईएनएस ब्रह्मपुत्र स्वदेशी रूप से निर्मित 'ब्रह्मपुत्र' श्रेणी का पहला निर्देशित मिसाइल युद्धपोत है। इसे अप्रैल 2000 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। इस जहाज में 40 अधिकारियों और 330 नाविकों का दल है। आईएनएस ब्रह्मपुत्र का वजन तकरीबन 5,300 टन है। इसकी लंबाई 125 मीटर है, चौड़ाई 14 .4 मीटर है और यह 27 नॉट से अधिक की गति से चलने में सक्षम है।

अब बाइडन की जगह हैरिस का चुनाव अभियान चलाएगी रैपिड रिस्पॉन्स टीम

'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम कमला एचक्यू किया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव मैदान से हटने और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का अनुमोदन करने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बाइडन के प्रचार अभियान दल के खाते का नाम बदलकर 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। इसे कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार के तौर पर समर्थन करने के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है।

प्रचार अभियान दल अपने संदेशों को प्रसारित करने और प्रतिद्वंद्वियों के हमलों का जवाब देने के लिए इस खाते का इस्तेमाल करता है। 'सीएनएन' ने बताया कि बाइडन-हैरिस अभियान के लिए 'एक्स' पर सोशल मीडिया त्वरित प्रतिक्रिया खाते 'बाइडन एचक्यू' का नाम बदलकर आधिकारिक रूप से 'कमला एचक्यू' कर दिया गया है। बाइडन के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन नियम समिति बुधवार को नामांकन की रूपरेखा पर चर्चा करेगी।

बाइडन द्वारा अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद एक महिला व्हाइट हाउस के बाहर उनका आभार जताते हुए।

59 वर्षीय कमला हैरिस बड़े अमेरिकी राजनीतिक दल की पहली अश्वेत महिला और उपराष्ट्रपति हैं। वहीं बाइडन का समर्थन मिलने के बाद कमला हैरिस ने कहा कि वह सम्मानित महसूस कर रही हैं। अब वह डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन मिलने के बाद जीतने के लिए काम करेंगी।

बाइडन के 5 नवंबर को व्हाइट से हाउस बाहर होने के फैसले के बाद डेमोक्रेटिक कन्वेंशन रूल्स कमेटी बुधवार को नामांकन को लेकर चर्चा करेगी। कमेटी के सह उपाध्यक्ष और गर्वनर टिम वॉल्ज और डेमोक्रेटिक पार्टी के लिआ ड्रौटी ने कहा कि नए उम्मीदवार के चयन की जिम्मेदारी कमेटी है। यह पारदर्शी, साफ और व्यवस्थित होगा। इस विचार को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया व्यापक और निष्पक्ष होगी।

ट्रंप को लेकर मस्क से भिड़े भारतवंशी अरबपति

खोसला ने पूर्व राष्ट्रपति को बताया- झूठा और धोखेबाज

न्यूयॉर्क। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में खोसला ने ट्रंप को एक ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें कोई कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, धोखा देता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अपमान करता है और उनके जैसे प्रवासियों से नफरत करता है। खोसला ने कहा कि उनके लिए ट्रंप जैसे व्यक्ति का समर्थन करना बहुत मुश्किल है। खोसला की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने कहा कि ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। अलबत्ता, वह आपको पसंद करते हैं। उनसे मिलिए और अपने बारे में उनके विचार जानिए।

ओबामा ने बाइडेन की तारीफ की, हैरिस पर चुप्पी साधी

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे हटने के राष्ट्रपति जो बाइडन के फैसले की रविवार को प्रशंसा की। हालांकि राष्ट्रपति चुनावों के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का तत्काल समर्थन करने से परहेज किया। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने एक बयान में कहा कि आने वाले दिनों में हम अज्ञात रास्तों से गुजरेंगे, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी पार्टी के नेता एक ऐसी प्रक्रिया बनाने में सक्षम होंगे, जिससे एक उत्कृष्ट उम्मीदवार उभरकर सामने आएगा।

नेपालः भूस्खलन के कारण नदी में डूबी बसें, 25 शव बरामद

काठमांडू। नेपाल में गत 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण कुछ बसें नदी में बह गई थी और उसके बाद से अब तक 25 यात्रियों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 37 अन्य लापता हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि बसों में यात्रा करने वाले लोगों की संख्या पहले 65 बताई गई थी, लेकिन सत्यापन के बाद इसे संशोधित कर 62 कर दिया गया। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने कहा, "तीन यात्री तैरकर नदी से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि 25 के शव बरामद किए गए हैं।" उन्होंने बताया कि अन्य लोगों और दो बसों का अभी भी पता नहीं चल पाया है।

इमरान की पार्टी के सूचना सचिव रऊफ गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

- हसन रऊफ के खिलाफ अभी आरोप स्पष्ट नहीं

पाकिस्तान पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सूचना सचिव रऊफ हसन को पार्टी के केंद्रीय सचिवालय पर सोमवार को छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया।

शुरुआत में यह चर्चा थी कि पीटीआई के चेयरमैन गौहर अली खान को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पार्टी प्रवक्ता जुल्फी बुखारी ने खान की गिरफ्तारी की खबर को खारिज कर दिया, जबकि हसन की गिरफ्तारी की पुष्टि की। यह स्पष्ट नहीं है कि हसन के खिलाफ क्या आरोप हैं। हसन पर कुछ सप्ताह पहले अज्ञात लोगों ने हमला किया था, जिससे उनके चेहरे पर चोटें आई थीं।

पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में हसन की गिरफ्तारी की निंदा की और इस्लामाबाद पुलिस की आलोचना की। पार्टी ने कहा कि यह शर्मनाक है कि इस्लामाबाद पुलिस इस देश के हर कानून का पूरी तरह से मजाक बना रही है और उसकी अवहेलना कर रही है। पीटीआई नेता खुर्रम शेर जमां ने दावा किया कि पुलिसकर्मी पार्टी के कार्यालय से दस्तावेज और उपकरण जब्त कर रहे हैं।

कुछ लोग नहीं चाहते कश्मीर में शांतिः अब्दुल्ला

श्रीनगर, एजेंसी

- नेकां अध्यक्ष ने भारत-पाक के 'कुछ' लोगों पर लगाए आरोप

जम्मू-कश्मीर के जम्मू संभाग में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारत और पाकिस्तान में कुछ लोग हैं, जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं चाहते हैं। फारूक ने सोमवार को श्रीनगर में मीडिया से कहा, "मैं समझता हूं कि जम्मू-कश्मीर में हिंसा जारी रहने से उनकी खिचड़ी पकती है।"

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा "यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दोनों देशों में ऐसे लोग हैं जो जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "लोग शांति से रहना चाहते हैं और इसे कायम रखने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। स्थिति बिगड़ने पर जम्मू संभाग की पर्वतीय श्रृंखला में स्थिति से निपटने के लिए 7000 से अधिक सैनिकों को बुलाया गया है।" उन्होंने कहा कि हम कितना भी चिल्लाएं, कुछ नहीं होगा।

ट्रंप पर हमले को खुफिया सेवा प्रमुख ने सबसे बड़ी चूक माना

वाशिंगटन, एजेंसी

- कई सांसदों ने खुफिया प्रमुख चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की

अमेरिका की खुफिया सेवा की निदेशक किंबरली चीटल ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास किया जाना दशकों में एजेंसी की सबसे बड़ी चूक है।

चीटल ने सोमवार को संसद में अपनी पेशी के दौरान सांसदों को बताया, "13 जुलाई को हमसे चूक हुई।" उन्होंने कहा कि वह इस महीने की शुरुआत में पेनसिल्वेनिया में ट्रंप पर हुए हमले में एजेंसी से हुई चूक की पूरी जिम्मेदारी लेती हैं। रैली के दौरान 20 वर्षीय युवक ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप की हत्या का प्रयास करते हुए उनपर गोली चलाई थी। इस मामले में सुरक्षा चूक को लेकर चीटल के इस्तीफे की मांग की जा रही है।

थॉमस मैथ्यू क्रुक्स नामक युवक ने पास की इमारत की छत पर चढ़कर गोली चलाई, जो ट्रंप के कान में लगी, जबकि और दो अन्य उपस्थित लोग गोलीबारी में घायल हो गए थे। सांसद इस बात से हैरान हैं कि बंदूकधारी ट्रंप के इतने करीब कैसे पहुंच गया। गृह मंत्री एलेजांद्रो मेयरकास ने घटना को चूक बताया है, जबकि कई सांसदों ने चीटल से इस्तीफा देने या राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। खुफिया सेवा ने कहा है कि चीटल इस्तीफा नहीं देना चाहतीं। अब तक उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं बाइडन और मेयरकास का समर्थन हासिल है।

नूंहः कड़ी सुरक्षा के बीच जलाभिषेक यात्रा संपन्न

नूंह (हरियाणा)। पिछले साल हिंसा से प्रभावित हुई ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा सोमवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। यात्रा नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई, जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झिर मंदिर पहुंचे।

यात्रा शुरू होने से पहले बड़ी संख्या में महिलाएं सुबह करीब 11 बजे यहां भूतेश्वर मंदिर से नल्हड़ महादेव मंदिर पहुंचीं। तिरंगा चौक पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में सुरक्षा बढ़ा दी थी। मोबाइल इंटरनेट एवं एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए निलंबित करने का रविवार को आदेश दिया। पिछले साल 31 जुलाई को नूंह में विहिप की शोभा यात्रा पर हमले के बाद हिंसा में छह लोगों की मौत हो गई थी।

बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शनों के बाद स्थिति शांत, इंटरनेट सेवाएं अब भी ठप

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकारी नौकरियों में आरक्षण घटाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले से स्थिति शांत होने के बावजूद लगातार पांचवें दिन इंटरनेट सेवाएं ठप रहीं और सरकार ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया। देश में कुछ ही दिन पहले देखते ही गोली मारने के आदेश के साथ कर्फ्यू लगा दिया गया था और सैन्यकर्मी राजधानी ढाका और अन्य क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए।

देश में पुलिस और मुख्य रूप से छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। प्रदर्शनकारी 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम लड़ने वाले (पूर्व) सैनिकों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। कम से कम चार स्थानीय समाचार पत्रों में बताया गया है कि हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार के अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं। पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों तथा अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं। रविवार रात को कुछ छात्र प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इंटरनेट सेवाएं बहाल करने का आग्रह किया।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सड़कों पर बाड़ लगाते सुरक्षा बल। ● एजेंसी

भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने बताया कि जिस पूर्ण बंद के आह्वान को उन्होंने पिछले सप्ताह लागू करने का प्रयास किया था, उसे अब वापस ले रहे हैं। उन्होंने कहा, "लेकिन हम 'डिजिटल कार्रवाई' को रोकने और इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के लिए 48 घंटे का समय दे रहे हैं।"

अमरनाथ यात्राः जम्मू से 3,281 तीर्थयात्रियों का 25वां जत्था रवाना

जम्मू। जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से 3,281 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार तड़के रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 111 वाहनों में सवार 3,281 तीर्थयात्रियों के 25वें जत्थे ने तड़के 2 बज कर 55 मिनट पर भगवती नगर आधार शिविर से आगे की यात्रा शुरू की। सीआरपीएफ के जवानों ने जत्थे को सुरक्षा मुहैया कराई।

अधिकारियों के मुताबिक, जत्थे में शामिल 1,979 तीर्थयात्री अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे मार्ग से अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए पहलगाम पहुंचेंगे, जबकि बाकी 1,302 तीर्थयात्रियों ने गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर के अपेक्षाकृत छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग को यात्रा के लिए चुना है।

इजराइल ने गाजा के एक हिस्से को खाली करने का दिया आदेश

गाजा पट्टी, एजेंसी

- हमास के खिलाफ एक घातक अभियान शुरू करने की योजना बना रही सेना

इजराइली सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी में उस हिस्से को खाली करने का आदेश दिया, जिसे उसने मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। सेना ने कहा कि वह हमास के आतंकवादियों के खिलाफ एक अभियान शुरू करने की योजना बना रही है, जो इस क्षेत्र में छिपे हुए हैं और इसका इस्तेमाल इजराइल की ओर रॉकेट छोड़ने के लिए किया है। इस इलाके में मुवासी मानवीय क्षेत्र का पूर्वी हिस्सा शामिल है, जो दक्षिणी गाजा पट्टी पर स्थित है।

इस महीने की शुरुआत में, इजराइल ने कहा था कि उसका अनुमान है कि कम से कम 18 लाख फलस्तीनी अब मानवीय क्षेत्र में हैं। उसने भूमध्य सागर के साथ लगते लगभग 14 किलोमीटर (8.6 मील) की दूरी के हिस्से को मानवीय क्षेत्र घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्र तथा मानवीय समूहों का कहना है कि इस क्षेत्र का ज्यादातर इलाका अब अस्थायी शिविरों से घिरा हुआ है, जहां साफ-सफाई तथा चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है।

यह घोषणा गाजा में संघर्ष विराम की मांग को लेकर हो रही नाजुक वार्ता के दौरान की गई है। अमेरिका और इजराइली अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि संघर्ष विराम को लेकर एक समझौता होने के करीब है।

आईएएस पूजा खेडकर की मां को न्यायिक हिरासत में भेजा

पुणे। पुणे जिले की एक अदालत ने भूमि विवाद को लेकर कथित तौर पर कुछ लोगों को बंदूक दिखाकर धमकाने के आरोप में गिरफ्तार परिवीक्षाधीन आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सोमवार को पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद मनोरमा को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले साल पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में एक भूमि विवाद को लेकर मनोरमा द्वारा कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक का भय दिखाकर धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उनकी और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश शुरू कर दी थी।

पहली बार ... रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को किया जारी

न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद, अंग्रेजी के 'एस' जैसी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचारः वैज्ञानिकों को पहली बार न्यूट्रॉन तारे के जेट की तस्वीर कैमरे में कैद करने में सफलता मिली है। यह जेट बगीचे में स्प्रे करने वाले फुहारे (स्प्रिंकलर) की तरह है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने तस्वीरों को जारी किया है।



तारों की महिमा अपरंपार है। हमारा मध्यम आकार का तारा यानी सूर्य हमारे पूरे सौर मंडल का संचालन करता है, तो समझ सकते हैं कि बड़े विशाल तारों की दुनिया कैसी होती होगी और ब्रह्मांड में किस तरह से अपना वर्चस्व रखते होंगे, जिनके बारे में हम एक तिनका जितनी ही जानकारी हासिल कर सके हैं। इन्हें पूर्णरूप से समझने के लिए न जाने अभी और कितना समय लगेगा। खगोलीय दुनिया से जुड़े लोगों का कहना है कि हम जितनी भी जानकारी ग्रह नक्षत्रों की जुटाते हैं, उससे कई गुना अधिक जिज्ञासा बढ़ जाती है।

बता दें कि आधुनिक खगोल विज्ञान का अतीत चार सौ साल पुराना है। इस अंतराल में हमारी जानकारी क्षणिकमात्र है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ब्रह्मांड को जानने के लिए अभी कितना लंबा समय और लगेगा।

बहरहाल, चार सदी के बाद न्यूट्रॉन तारे के जेट की पहली तस्वीर देखने को मिली है। बेहद अजीब, किसी गार्डन में पानी का छिड़काव करने वाले फुहारे की तरह है। इस न्यूट्रॉन तारे का आकार अंग्रेजी शब्द 'एस' के समान है। यह जेट सर्किनस एक्स-1 बाइनरी स्टार सिस्टम का हिस्सा है। फुहारे की तरह स्प्रे करने के पीछे कारण तारे के चारों ओर गर्म गैस के कंपन करना है। जिस कारण वह दिशा बदलता है।

रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी ने विगत 16 जुलाई को यह मूल लेख प्रकाशित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के खगोलविदों की टीम ने दक्षिण अफ्रीका स्थित रेडियो दूरबीन से यह कामयाबी हासिल की। खोजकर्ता खगोलविदों का कहना है कि उन्होंने पहले ब्लैक होल के चारों ओर जेट के साथ पूर्वता तो देखी थी, लेकिन न्यूट्रॉन सितारों के साथ नहीं देखा था।

यह न्यूट्रॉन तारा बाइनरी सिस्टम सर्सिनस एक्स-1 में स्थित है, जो पृथ्वी से 30,000 प्रकाश वर्ष से अधिक दूर है। इसका निर्माण एक विशाल महादानव तारे के मूल से हुआ था, जो स्टोनहेंज के निर्माण के समय ही नष्ट हो गया था। यह इतना घना है कि इसके एक चम्मच पदार्थ का वजन माउंट एवरेस्ट के बराबर है।

न्यूट्रॉन तारा व ब्लैक होल में अंतर

नैनीताल : न्यूट्रॉन तारे व ब्लैक होल ब्रह्माण्ड के राक्षस के समान हैं। ये तब बनते हैं, जब ब्रह्मांड के सबसे बड़े तारे अपने ही गुरुत्वाकर्षण के कारण खत्म हो जाते हैं। ब्लैक होल काफी अधिक विशाल होते हैं। केवल उनके गुरुत्वाकर्षण प्रभावों के माध्यम से ही उनका पता लगा सकते हैं। न्यूट्रॉन तारों को उनकी सघनता के बावजूद सीधे देख सकते हैं। न्यूट्रॉन तारे ब्रह्मांड में सबसे चरम वस्तुओं में से कुछ हैं और इनका आंतरिक भाग लगभग पूरी तरह से न्यूट्रॉन से बना होता है।